# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025












### ईओडब्लू-एसीबी की पड़ताल, एक साल के बोनस के करोड़ों रुपए की बंदरबांट

# तेंदूपत्ता बोनस में गोलमाल पूर्व विधायक समेत अफसरों के दर्जनभर ठिकानों पर छापे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/कोंटा

सात करोड़ रुपए से ज्यादा के तेंदूपत्ता बोनस घोटाला मामले में ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। टीम ने सुकमा- कोंटा में ताबड़तोड़ छापे मारे। एजेंसी ने सीपीआई नेता पूर्व विधायक मनीष कुंजाम समेत निलंबित आईएफएस अधिकारी अशोक पटेल तथा अन्य आधा दर्जन समिति प्रबंधक-अधिकारियों के दर्जनों ठिकानों पर धावा बोला। उनके खिलाफ वर्ष 2021-22 में संग्रहकों के तेंदूपत्ता बोनस वितरण में गड़बड़ी करने के आरोप हैं। दिलचस्प बात यह है कि जिस पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के यहां छापा पड़ा है, उन्हीं ने जनवरी में घोटाले की शिकायत की थी। ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने छापे के दौरान वनमंडल कर्मी राजशेखर पुराणिक के निवास से 26 लाख 63 हजार सात सौ रुपए जब्त किए हैं। कुछ डिवाइस और इलेक्ट्रानिक्स उपकरण भी मिले हैं।

ईओडब्लू, एसीबी के मुताबिक अशोक ने सुकमा में डीएफओ पदस्थ रहते हुए अफसर, ▶▶| शेष पेज 7 पर



#### कई अहम साक्ष्य मिलने का दावा

एसीबी, ईओडब्लू के दावों के मुताबिक छापे की कार्रवाई में डीएफओ कार्यालय के कर्मी के निवास से कैश मिलने के साथ ही अलग-अलग ठिकानों से उन्हें घोटाले से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं। इसके साथ जांच टीम ने मोबाइल के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के साथ ही कई बैंक अकाउंट्स जब्त किए हैं। एसीबी, ईओडब्लू ने घोटाले की रकम को किन लोगों ने कहां निवेश किया है, उसके साक्ष्य मिलने का दावा किया है।

#### जिसने शिकायत की, उनके यहां ही छापा

*तेंदूपत्ता बोनस मामले में जिन अफसरों के निवास पर ईओडब्लू, एसीबी ने छापा मारा है, उनकी शिकायत पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने ही की थी। जनवरी में उन्होंने कलेक्टर को पत्र लिखकर जांच का आग्रह किया था। उन्होंने शिकायत की थी, तीन करोड़ से ज्यादा की राशि बांटी ही नहीं गई। इसकी अफरातफरी की गई है। उन्होंने सीधे गबन का आरोप लगाया था। दिलचस्प बात यह है कि एजेंसी ने इन्हीं शिकायत करने वाले के निवास पर भी धावा बोल दिया है।*

*26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के मुख्य आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा अमेरिका से भारत लाया गया। दिल्ली एयरपोर्ट में पहुंचते ही राणा को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उसे पटियाला हाउस के एनआईए कोर्ट में पेश किया गया। कई वर्षों की कानूनी लड़ाई और दोनों देशों के बीच लगातार प्रयासों के बाद यह प्रत्यर्पण संभव हो पाया। राणा के प्रत्यर्पण से आतंकी हमले में पाकिस्तान सरकार की भूमिका उजागर होने की उम्मीद है।*

### एयरपोर्ट पहुंचने पर तहव्वुर राणा गिरफ्तार, एनआईए ने कहा- प्रत्यर्पण सफल रहा

दिल्ली हवाई अड्डे से पटियाला हाउस कोर्ट में किया पेश, एनआईए को मिली रिमांड

# शिकंजे में देश का दुश्मन...



**छत्तीसगढ़ के आईपीएस की अहम भूमिका :** राणा को अमेरिका से भारत लाने में अहम भूमिका निभाई है, उसमें छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस अफसर प्रभात कुमार शामिल हैं। छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस प्रभात कुमार इस वक्त एनआईए में पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उन्होंने राणा के प्रत्यर्पण वाली टीम के साथ काम किया और उसे भारत लाने में तैयारियों को संभाला। उन्होंने दिल्ली एयरपोर्ट से एनआईए के ऑफिस तक कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी भी संभाली। उन्हें एक जांबाज और तेज तर्रार आईपीएस के रूप में जाना जाता है।

### क्या था 26/11 का मुंबई हमला

- 26 नवंबर, 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकियों ने मुंबई पर हमला किया
- इस आतंकी हमले में 166 लोग मारे गए
- इसमें अमेरिकी, ब्रिटिश और इजरायली नागरिक भी थे
- यह हमला करीब 60 घंटे चला और भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात बन गए
- नवंबर 2012 में हमले का एकमात्र जिंदा बचा आतंकी अजमल कसाब को फांसी दी गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने कहा कि उसने 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के मुख्य आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा का 'सफलतापूर्वक प्रत्यर्पण' कराया है। एनआईए ने एक बयान में कहा कि 2008 के मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकर्ता को न्यायिक प्रक्रिया के दायरे में लाने के लिए वर्षों के सतत एवं ठोस प्रयासों के बाद यह प्रत्यर्पण हुआ है। बयान में कहा गया, ''यूएसडीओजे, अमेरिकी स्काई मार्शल की सक्रिय सहायता से एनआईए ने संपूर्ण प्रत्यर्पण प्रक्रिया के दौरान अन्य भारतीय खुफिया एजेंसियों, एनएसजी के साथ मिलकर काम किया, जिसमें भारत के विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने भी मामले को सफल निष्कर्ष तक ▶▶| शेष पेज 7 पर

### राणा पर ये आरोप

- मुंबई हमलों में आतंकियों को हर सुविधा मुहैया कराई ताकि वो अपने मकसद में कामयाब हो सकें।
- राणा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत आपराधिक साजिश के आरोप लगाए गए।
- भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ना, भारतीय कानून के तहत एक गंभीर अपराध है।
- भारत की कई यात्राओं के दौरान हेडली और लश्कर के साथ उनके कथित समन्वय के आधार पर हत्या और आतंकवाद में सहायता करना और बढ़ावा देना।

### मुंबई हमले में आरोपी राणा से पाक ने पल्ला झाड़ा

तहव्वुर राणा ने हेडली को 26/11 मुंबई हमले में सहायता दी

मुंबई में निशाने चुनने, दिल्ली के नेशनल डिफेंस कॉलेज और मुंबई के चबाड हाउस पर हमले की योजना बनाने में मदद की

### प्रत्यर्पण की ऐसी शर्त

- मुंबई हमले और आतंकी हमले में हेडली की मदद का ही केस चलेगा
- भारत तहव्वुर राणा को किसी तीसरे देश को नहीं सौंप सकता है
- प्रत्यर्पण के बाद राणा को भारत में निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार मिलेगा



- तहव्वुर राणा के खिलाफ अधिवक्ता नरेंद्र मान विशेष लोक अभियोजक नियुक्त
- दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण के पीयूष सचदेवा आरोपी का प्रतिनिधित्व करेंगे
- राणा मुंबई हमले से पहले 11 से 21 नवंबर, 2008 तक भारत आया और एक पांच सितारा होटल में रुका।

### खबर संक्षेप

#### लाल किले, जामा मस्जिद में बम की फर्जी धमकी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किले और जामा मस्जिद को निशाना बनाकर बम विस्फोट किए जाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर गहन जांच की। हालांकि जांच के बाद धमकी फर्जी पाई गई। स्मारक परिसर में बम होने की सूचना मिली और टीम तुरंत मौके पर पहुंच गईं। हमने घटनास्थल पर दमकल का एक वाहन भेजा और वहां गहन तलाशी ली। हालांकि, घटनास्थल पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने एक बयान में कहा कि सूचना मिलने पर बम निरोधक दल और सीआईएसएफ ने पूरे परिसर की गहन जांच की।


### कर्सिव राइटिंग कलरिंग बुक की किताबें 600 से 800 रुपए तक में

# केंद्रीय विद्यालय में नर्सरी बुक सेट 150 निजी में चुकाने पड़ रहे 2000 रुपए

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

*शिक्षा का बाजार : पार्ट- 2*

शहर के दो पालकों के बच्चे नर्सरी में हैं। एक का बच्चा केंद्रीय विद्यालय में अध्ययनरत है, तो एक ने अपने बच्चे का दाखिला शहर के बड़े निजी विद्यालय में कराया है। एक अप्रैल से शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के बाद वे सदर बाजार स्थित पुस्तक दुकान पहुंचे। केंद्रीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्र की किताबों का बिल महज 150 रुपए बना तो प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे का बिल 2 हजार बना। दोनों ही विद्यालयों में सीबीएसई माध्यम से पढ़ाई होती है और दोनों ही स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबें मान्य हैं। केंद्रीय विद्यालय जहां सिर्फ एनसीईआरटी किताबों से अध्ययन करा रहे हैं तो वहीं निजी विद्यालय एनसीईआरटी के ▶▶| शेष पेज 7 पर



#### किताबों की कीमत में ऐसा है अंतर...

| कक्षा | केंद्रीय विद्यालय | निजी विद्यालय |
|---|---|---|
| नर्सरी, केजी-1 व केजी-2 | 150 से 200 रुपए | 2000 रुपए |
| पहली व दूसरी | 200 रुपए | 2500 रुपए |
| तीसरी से पांचवी | 200-250 रुपए | 3000 रुपए |
| छठवीं से आठवीं | 400 रुपए | 3000 से 4000 रुपए |
| नवमी व दसवीं | 500 से 600 रुपए | 3500 से 4500 रुपए तक |
| ग्यारहवीं व बारहवीं | 600 से 800 रुपए | 4000 से 6000 रुपए तक |

#### केवल एनसीईआरटी

*हम केवल एनसीईआरटी को फॉलो करते हैं। इनकी किताबें गुणवत्ता में सर्वश्रेष्ठ रहती हैं और कीमतें भी कम होती हैं। यही वजह है कि छात्र-पालकों पर बोझ नहीं पड़ता है। छोटे बच्चों का बिल 500 रुपए तक भी नहीं पहुंचता है।*

*- सुजीत सक्सेना, प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय*

#### नहीं मिलती एनसीईआरटी किताबें

*बाजार में एनसीईआरटी की किताबों की उपलब्धता सहज नहीं है। हमें छात्रों के विकास के लिए वर्क बुक भी पढ़ानी होती है, इसलिए बिल बढ़ जाता है।*

*- राजीव गुप्ता, अध्यक्ष निजी स्कूल संघ*






### जिलों में समितियों के गठन के निर्देश

# नक्सली पुनर्वास नीति मामलों को देखेंगी विशेष समितियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर राज्य में नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों के लिए एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए नक्सलवादी आत्मसमर्पण/पीड़ित राहत पुनर्वास नीति-2025 को औपचारिक रूप से लागू कर दिया है। गृह विभाग द्वारा 28 मार्च 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार इस नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी जिलों में कलेक्टर की अध्यक्षता में विशेष समितियों के गठन के निर्देश दिए गए हैं। यह नीति, नक्सल हिंसा में पीड़ित हुए व्यक्तियों एवं परिवारों जैसे कि मृत्यु, गंभीर घायल या स्थायी अपंगता के शिकार लोगों के साथ आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास और राहत के उद्देश्य से तैयार की गई है।



#### जिला स्तर पर बनेगी पुनर्वास समिति

अधिसूचना के अनुसार, प्रत्येक जिले में गठित होने वाली समिति में कलेक्टर अध्यक्ष होंगे, जबकि पुलिस अधीक्षक को सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त वनमंडलाधिकारी, जिला पंचायत के सीईओ, कलेक्टर द्वारा नामांकित दो अन्य अधिकारी तथा सशस्त्र बलों के प्रतिनिधियों को भी समिति में शामिल किया जाएगा।

#### नोडल अधिकारी होंगे नियुक्त

प्रत्येक जिले एवं सब-डिविजनल स्तर पर एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी, जिनका मोबाइल नंबर व ई-मेल पता राज्य शासन को प्रेषित किया जाएगा। यह अधिकारी समस्त पुनर्वास कार्यों की निगरानी करेंगे। गृह विभाग ने निर्देशित किया है कि राज्य गठन के उपरांत से अब तक के सभी पीड़ित प्रकरणों को चिन्हित किया जाए।

#### पोर्टल भी हो रहा है तैयार

इस नीति के अंतर्गत एक विशेष पोर्टल विकसित किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक पीड़ित एवं आत्मसमर्पित व्यक्ति की जानकारी दर्ज की जाएगी और उन्हें एक यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी। संबंधित अधिकारी इस पोर्टल के डैशबोर्ड का नियमित रूप से अवलोकन कर राहत एवं पुनर्वास के कार्यों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। गृह विभाग ने कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि वे इस नीति के अंतर्गत निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए राहत एवं पुनर्वास की कार्यवाही को समय सीमा में प्रभावी रूप से पूरा करेंगे।

उदंती सीतानदी संरक्षित टाइगर रिजर्व के जंगलों में अवैध कटाई और अतिक्रमण के कारण यहां रहने वाले वन्यप्राणियों के लिए रहवास और पेयजल का संकट लागातर बढ़ रहा है। हालत यह हैं कि पानी और भोजन की तलाश में वन्य जीव रिहायशी इलाके में आने लगे हैं। अप्रैल माह में ही 3 घटनाएं मानव-वन्यजीव द्वंद्व की सामने आई हैं, जिसमें एक महिला की मौत हो गई हैं।

# वन्यप्राणियों का जंगल से शहर-गांव कूच

## कट गए पेड़, कब्जे भी इसलिए बढ़े हमले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी संरक्षित टाइगर रिजर्व क्षेत्र गरियाबंद जिले में लगातार वनों का दायरा सिमटते जा रहा है। अवैध कटाई, आगजनी, अतिक्रमण के कारण वन्यप्राणियों के प्राकृतिक रहवासों का भी कम हो रहा है, इस वजह से वे भोजन-पानी की तलाश में रिहायशी इलाकों में आ रहे हैं। बीते कुछ वर्षों के दौरान मैदानी व घनी आबादी के इंसानी क्षेत्रों में भालू, तेंदुआ, हिरण, सांभर, लकड़बघ्घा, जंगली सुअर जैसे वन्यप्राणियों के आने से मानव-वन्यजीवों के बीच द्वंद्व की घटनाएं भी बढ़ी हैं। यहां तेंदुआ जैसे हिंसक वन्यप्राणी की दस्तक गरियाबंद जिला मुख्यालय के अंदर तक कई बार देखने को मिली है। जिससे आबादी क्षेत्र में भी दहशत देखने को मिल रही है।





### जिला मुख्यालय तक तेंदुए की दस्तक

पिछले दो वर्षों में जिला मुख्यालय गरियाबंद के भीतर एक दर्जन से अधिक बार तेंदुआ ने दस्तक दी है, और तो और जिला मुख्यालय के अफसरों के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों में इसकी तस्वीरें कैद हुई हैं। जिला मुख्यालय में वन विभाग द्वारा पिंजरा लगाकर तेंदुआ को कैद किया जा चुका है। मैनपुर क्षेत्र के ग्रामों में शाम होते ही तेंदुआ की दस्तक सामान्य बात हो गई है।

### अप्रैल माह में हुई घटनाएं

- 2 अप्रैल को गरियाबंद जिले के वन परिक्षेत्र नवागढ़ में गांव के नजदीक कारीडोंगरी में महुआ बीनने गई महिला पर जंगली सुअर ने हमला कर हुमाबाई नेताम को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।
- 2 अप्रैल को ही पंडरीपानी इलाके में एक तेंदुआ ने घर में घुसकर एक ग्रामीण को घायल कर दिया।
- 2 अप्रैल को ही धमना गांव में एक युवक पर भालू ने अचानक हमला किया और उसे बुरी तरह घायल कर दिया।

### क्या कहते हैं अधिकारी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि वन पोर्टल के माध्यम से ही यह बात सामने आयी कि एक लाख से अधिक वृक्षों की अवैध कटाई कर अवैध तरीके से टाइगर रिजर्व के भीतर अवैध गांव बसाए गए थे। अब अवैध अतिक्रमण हटाया जा चुका है। लगातार जंगल क्षेत्र में अवैध आगजनी और जंगल का दायरा घटने से वन्यप्राणी गांव की तरफ आ जा रहे हैं, जो वन्यप्राणियों के साथ ग्रामीणों की सुरक्षा भी चिंता का विषय है। गरियाबंद वन मंडल के एसडीओ राजेन्द्र सोरी ने बताया कि जंगल में आगजनी के कारण वन्यप्राणी, खासकर गर्मी के दिनों में गांव के नजदीक दिखाई दे रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### व्यापारी की पिटाई, चेंबर ने घेरा कोतवाली थाना

**राजनांदगांव।** शहर के नेशनल हाईवे सर्विस लेन में वाहन की पार्किंग करने से मना करने पर आरोपियों ने मिलकर व्यापारी की पिटाई कर दी। इस घटना की जानकारी होते ही शहर के कई व्यापारी कोतवाली थाना पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस इस मामले में आरोपियों की पतासाजी कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आज सुबह महावीर चौक के पास नेशनल हाईवे सर्विस लेन के पास स्थित आलू-प्याज के थोक व्यापारी के सामने एक आटो चालक ने वाहन पार्किंग की, जिस पर व्यापारी ने वाहन की पार्किंग वहां नहीं करने की हिदायत दी।

### गोहरापदर ब्रांच कैश घपला सहायक व कैशियर निलंबित

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के गोहरापदर ब्रांच कैश घपला में 2.88 लाख रुपए की नगदी गड़बड़ी उजागर हुई है। सहायक लेखापाल दीपराज मसीह और कैशियर सुरेश साहू को निलंबित कर जांच शुरू की गई है। गोहरापदर ब्रांच कैश घपला ने गरियाबंद जिले के बैंकिंग सिस्टम को हिला कर रख दिया है। 29 जनवरी 2025 को मैनपुर शाखा प्रबंधक द्वारा की गई आकस्मिक जांच में 2,88,008 रुपये की नगदी में गड़बड़ी उजागर हुई। इस मामले में सहायक लेखापाल दीपराज मसीह और कैशियर सुरेश कुमार साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### नौकरी लगाने के नाम ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** चंद्रमा साहू निवासी ग्राम कोटियाडीह द्वारा थाना गिधौरी में 2 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम फरहदा खरोरा निवासी आरोपी उमाकांत दीवान द्वारा प्रार्थी की पत्नी को महिला बाल विकास विभाग में सरकारी नौकरी पर्यवेक्षक के पद पर लगाने 5 लाख रूपये लिया है। साथ ही एक अन्य व्यक्ति से पर्यवेक्षक की नौकरी लगाने 5 लाख रूपये तथा श्रम विभाग में श्रम निरीक्षक की नौकरी लगाने के नाम पर एक व्यक्ति से 11 लाख नगदी एवं चेक लेकर धोखाधड़ी की है। रिपोर्ट पर थाना गिधौरी में धारा 420 भादवि का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

### 3 मजदूर युवकों की बिगड़ी तबीयत, दो की हो गई मौत

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत कोलिहापुरी में एक ही रात को 3 युवकों की अचानक तबीयत खराब हो गई। जिसमें से दो युवको की मौत हो गई। एक युवक को भिलाई के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। जिसकी हालत नाजुक होना बताया जा रहा है। उक्त घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चा के बाद चिचोला पुलिस ने दोनों युवकों के दाह संस्कार के बाद गांव में दस्तक देकर मृतक के परिजनों सहित ग्रामवासियों के साथ पूछताछ के बाद मामले को विवेचना में लिया है। ऐसी जानकारी सामने आई है। अचानक बिगड़ी तीनों युवकों की तबीयत में कुछ कारण जुड़कर सामने आ रहा है।

## कोरिया में जीबीएस के पांच मरीज, दो का उपचार अब भी जारी

# संभाग में भी मिल रहे गुलियन बैरे सिंड्रोम के मरीज, सरगुजा में भी सामने आए केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

**कोरोना के बाद अब देश में गुलियन बैरे सिंड्रोम का खतरा लोगों पर मंडराने लगा है। सरगुजा संभाग से भी जीबीएस के मरीज सामने आने की पुष्टि हुई है। संभाग के कोरिया जिले में अब तक पांच जीबीएस मरीज आ चुके हैं जबकि सरगुजा में दो संभावित मरीजों को रायपुर रिफर किया गया है। चिकित्सकों का कहना है कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। लोगों को घबराने की जरुरत नहीं है। छत्तीसगढ़ सरकार ने इस बीमारी को लेकर प्रदेश में अलर्ट जारी किया है और लोगों के उपचार के लिए एम्स का चयन किया है।**

खास खबर

देश में कोरोना महामारी के बाद अब जीबीएस नामक बीमारी चिकित्सकों की चिंता का कारण बनी हुई है। देश के कई राज्यों में गुलियन बैरे सिंड्रोम के केस मिल रहे थे और अब इस बीमारी ने सरगुजा संभाग में भी दस्तक दे दी है। पिछले कुछ कुछ महीनों में संभाग के कोरिया जिले में गुलियन बैरे सिंड्रोम के पांच केस सामने आए थे। इनमें से तीन मरीज लम्बे उपचार के बाद अब पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं जबकि दो मरीजों को वेंटीलेटर में रखने की जरुरत पड़ गई थी। गनीमत है कि अब इन दो मरीजों को भी वेंटीलेटर से निकालकर सामान्य वार्ड में भर्ती कर दिया गया है लेकिन उनका उपचार जारी है। वहीं हाल ही में सरगुजा जिले में भी जीबीएस के दो संभावित मरीज सामने आए हैं। दोनों मरीजों को उपचार के लिए रायपुर रिफर कर दिया गया है और उनका उपचार एम्स में चल रहा है।

### क्या है गुलियन बैरे सिंड्रोम

विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि गुलियन बैरे सिंड्रोम एक न्यूरोलॉजिकल बीमारी है। जिसमें शरीर का इम्यून सिस्टम, जो आमतौर पर बीमारियों से बचाता है, अचानक शरीर को ही अटैक करना शुरू कर देता है। इसी वजह से इसे ऑटो इम्यून डिसऑर्डर कहा जाता है। आसान भाषा में कहें, तो इस सिंड्रोम से जूझ रहा एक व्यक्ति को बोलने में, चलने में, निगलने में, मल त्यागने में या रोज की आम चीजों को करने में दिक्कत आती है। यह स्थिति समय के साथ और खराब होती जाती है। जिससे व्यक्ति का शरीर पैरालाइज हो जाता है।



### कैसे होती है जांच और उपचार

विशेषज्ञों का कहना है कि यह संक्रामक बीमारी नहीं है लेकिन ये जिस कारण से होता है वो अगर बढ़ जाए तो जीबीएस के मरीज की संख्या बढ़ जाएगी। इस बीमारी की जांच की सुविधा फिलहाल छत्तीसगढ़ में नहीं है। मरीज के मल मूत्र, ब्लड से तो इसकी जांच होती है इसके साथ ही मांसपेशियों के संकुचन से भी इसका पता लगाया जाता है। वहीं सेरिब्रोस्पाइनल फ्लूड (सीएसएफ) से इसका पता लगाया जाता है। चिकित्सकों के अनुसार इस बीमारी का इलाज इम्यूनोग्लोबिन है जो काफी महंगा उपचार है। ये इंजेक्शन डेढ़ से ढाई लाख रूपए तक में आते हैं। इस बीमारी के औसतन एक लाख की आबादी में एक व्यक्ति को होने की संभावना रहती है।

### नहीं है घबराने की जरुरत

जीबीएस के पांच केस कोरिया जिले में सामने आए थे जिनमें से तीन अब स्वस्थ हैं और दो मरीजों को वेंटीलेटर से बाहर निकाल लिया गया है। सरगुजा के दो संभावित मरीजों का उपचार भी रायपुर में चल रहा है। जीबीएस को लेकर आईसीएमआर की टीम सरगुजा आई थी। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।

-डॉ. अनिल शुक्ला, जेडी स्वास्थ्य सेवाएं

### मांसपेशियों पर होता है असर

जीबीएस में मनुष्य के मांसपेशियों पर असर पड़ता है और शरीर के दोनों तरफ के अंग एक साथ प्रभावित होते हैं। पैर के तालू में जलन, झनझनाहट से शुरू होकर डायफ्राम तक इसका असर होता है। इससे सांस लेने में समस्या होती है और इंसान चलने फिरने में असमर्थ हो जाता है। हमारे यहां से दो संभावित मरीज सामने आए थे जिन्हें उपचार के लिए एम्स भेजा गया है।

-डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता, नोडल अधिकारी, महामारी नियंत्रण कार्यक्रम

## पुलिस ने ली क्लास

# तलवार लहराते पहुंचे थाने, रील बना सोशल मीडिया में किया पोस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

शहर में दो युवक तलवार लेकर थाना पहुंच गए। जिसके बाद रील बनाकर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। मामले की जानकारी पुलिस को हुई। पुलिस ने युवकों की क्लास ली और थाने के सामने उठक बैठक कराया। मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। रामनवमी के दिन शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसी दौरान दो युवक रील बनाने के चक्कर में चक्रधर नगर थाना पहुंच गए। बताया जा रहा है कि दो युवक अपने हाथों में खुली तलवार लेकर चलते हुए स्लो मोशन वीडियो बनाया और उसके बाद उन्होंने रील में गाना अपलोड किया। युवाओं ने गाने के साथ पूरा वीडियो रूपेन्द्र नामक आईडी से इंस्टाग्राम में पोस्ट किया था। ऐसे में यह वीडियो वायरल होने लगा, तब इसकी शिकायत रायगढ़ थाने में हुई। पुलिस ने तत्काल वीडियो बनाने वाले युवकों की तलाश शुरू की। जिसके बाद युवकों की पहचान कर दोनों युवकों को थाना लाया गया।



### मौज- मस्ती के लिए बनाया वीडियो

पुलिस के पूछताछ करने पर युवकों ने बताया कि मौज-मस्ती के उद्देश्य से वीडियो बनाया था। ऐसे में पुलिस ने उन्हें समझाइश देते हुए भविष्य में ऐसा नहीं करने के लिए उठक बैठक कराया और युवकों ने अपनी गलती की माफी मांगी। जिसके बाद इंस्टाग्राम से उस पोस्ट को डिलीट कराया गया। उनके परिजनों की उपस्थिति में उन्हें छोड़ा गया।

## देर रात तक दोनों पार्टी के समर्थक कोतवाली में डटे रहे

# पार्षद व कांग्रेस के हारे प्रत्याशी के बीच भाजपा कार्यालय में मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दलपत सागर वार्ड के पार्षद व हारे हुए पार्षद के बीच बीती शाम मारपीट में बीजेपी पार्षद नरसिंह राव घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब बीजेपी पार्षद अपने कार्यालय में मौजूद थे। तभी कांग्रेस के हारे हुए पार्षद निकेत झा अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर मारपीट कर घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी लगते ही बीजेपी व कांग्रेस के दर्जनों समर्थक कोतवाली थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। दलपत सागर वार्ड के पार्षद नरसिंह राव के कार्यालय में यह घटना बुधवार देर शाम हुई। हाथापाई के बाद दोनों पक्षों के समर्थक बड़ी संख्या में कोतवाली थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई गई। वहीं पुलिस ने घायल पार्षद नरसिंह राव को उपचार के लिए अस्पताल लेकर गई। दोनों ही पक्षों ने कोतवाली थाने में एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इस दौरान दर्जनों समर्थक कोतवाली थाना पहुंच गए और घंटों थाने में तनावपूर्ण माहौल बना रहा। बताया जा रहा है कि विवाद धरमपुरा मॉल के पास नाली जाम होने को लेकर शुरू हुई। इस दौरान दोनों के बीच चल रही मामूली बहस मारपीट में तब्दील हो गई। कोतवाली पुलिस ने किसी तरह दोनों पक्षों को समझाइश देकर मामला शांत कराया।





### इनके बीच हुआ विवाद

बताया जा रहा है कि देर शाम भाजपा पार्षद नरसिंह राव और कांग्रेस के हारे हुए पार्षद प्रत्याशी निकेत झा के बीच विवाद हुआ। निकाय चुनाव में दोनों ही पार्षद के लिए चुनाव लड़े थे। जिसमें नरसिंह राव ने जीत दर्ज की थी। विवाद के बाद मामला चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। लेकिन सूत्र बता रहे है कि मामला खेत की जमीन को लेकर शुरू हुआ था।

### दोनों पक्ष के शिकायत की जांच चल रही

मामले में दोनों पक्ष द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है जिसकी जांच की जा रही है। अभी तक दोनों पक्ष के खिलाफ एफआईआर नहीं हुई है जांच उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-शिवानंद सिंह
टीआई कोतवाली थाना

### विवाद को लेकर दोनों पक्षों ने रखी अपनी बात

हरिभूमि से चर्चा में भाजपा नेता नरसिंह राव ने कहा कि कल हुआ विवाद चुनावी खुन्नस है। चुनाव में हारने के बाद से ही कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी खुन्नस रखे हुए थे जिसके चलते मेरे कार्यालय में आकर मारपीट की गई। वहीं कांग्रेस नेता निकेत झा ने कहा कि वार्ड में मेरी डायवर्टेड जमीन है जिसमें नाला बना हुआ है। इसी नाला में मलबा डालकर पानी मेरी जमीन पर छोड़ा जा रहा था। इससे पूर्व बात हुई थी कि नाला निर्माण किया जाएगा और जाली लगाया जाएगा। हम इसके लिए सहमत थे लेकिन नाला में मलबा डालकर पार्षद नरसिंह राव द्वारा मेरी जमीन में पानी छोड़ा जा रहा था जिसका मैंने विरोध किया तो अश्लील गाली गलौजकर जबरन विवाद किया गया। इसके बाद जब वापस अपने भाई के साथ वापस जा रहा था। इसी दौरान मार्ग में जाम की स्थिति होने से भाई की बोलेरो वाहन नरसिंह राव के आफिस के करीब रूकी हुई थी। तभी उनके द्वारा विवाद कर हाथापाई की गई।

## जमीन के रिकॉर्ड में हेराफेरी का मामला

# जनकपुर के तहसीलदार और पटवारी गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर/जनकपुर।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के सुदूर वनांचल जनकपुर क्षेत्र में जमीन के रिकॉर्ड में हेराफेरी के एक गंभीर मामले में तत्कालीन तहसीलदार सत्यपाल राय और हल्का पटवारी आशीष सिंह को जनकपुर पुलिस ने गुरूवार को गिरफ्तार किया है। दोनों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468 और 478 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। यह मामला ग्राम बहरासी का है, जहां प्रार्थी गोविंद राम की जमीन की खरीदी-बिक्री में दस्तावेजों से छेड़छाड़ की गई थी। इस मामले में पहले से रामधनी यादव नामक एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है, जो पूर्व में जेल भी जा चुका है। पुलिस जांच के दौरान सामने आया कि तत्कालीन तहसीलदार सत्यपाल राय और पटवारी आशीष सिंह की भूमिका भी इस गड़बड़ी में संदिग्ध पाई गई। दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई और पुलिस ने सत्यपाल राय को कोरबा से गिरफ्तार किया, जबकि आशीष सिंह को भी अपनी गिरफ्त में लिया।



# किसान से मारपीट का मुख्य आरोपी रौनक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार/हथबंद

हरिभूमि फॉलोअप

गत दिनों ग्राम खिलोरा में ग्रामीण के साथ की गई मारपीट के मामले में आरोपी राइस मील संचालक रौनक अग्रवाल 26 साल निवासी शीतला पारा वृंदावन कालोनी, तिल्दा को बैतुल से लौटते वक्त गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। गौरतलब है कि मामले में वरिष्ठ जिला पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा घटना के पश्चात से फरार उक्त आरोपी को गिरफ्तार कराने में सहयोग करने वाले को तीन हजार से पुरस्कृत करने की उद्घोषणा की गई थी। इस मामले में तीन अन्य आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना के बारे में प्रार्थी द्वारा दर्ज रिपोर्ट के अनुसार 1 अप्रैल की रात्रि करीबन 12.30 बजे डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम देखकर अपने घर वापस आ रहा था, कि इसी बीच आरोपी शत्रुघन नवरंगे द्वारा जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती उसे अपनी स्कूटी में बैठाकर अपने घर ले जाया गया।

**घटना के बाद था फरार, बैतूल से लौटने के दौरान पुलिस ने दबोचा**



### आरोपी ने अपराध करना स्वीकारा

पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी रौनक अग्रवाल बैतूल मध्य प्रदेश से वापस जिला बलौदाबाजार–भाटापारा की ओर आ रहा है। इसी बीच सूचना पर एसडीओपी भाटापारा तारेश साहू की पुलिस टीम द्वारा तत्काल संबंधित स्थल पहुंचकर आरोपी रौनक अग्रवाल को हिरासत में लिया। प्रकरण में आरोपी से पूछताछ पर उसके द्वारा प्रकरण के प्रार्थी खोरबाहरा प्रसाद जायसवाल के साथ अश्लील गाली गलौज करते हुए मारपीट कर, उक्त अपराध करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी रौनक अग्रवाल को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन के बीच चौथी लाइन का होगा काम

# आज से शुरू होगा ट्रेनों के रद्द होने का सिलसिला पहले दिन 36 ट्रेनों के थमेंगे पहिए, सफर होगा कठिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

11 अप्रैल शुक्रवार से ट्रेनों के रद्द होने का सिलसिला आरंभ होगा, पहले दिन 36 ट्रेनें रद्द होंगी। बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन के बीच चौथी लाइन का काम करने के कारण हावड़ा-मुम्बई मार्ग की मुख्य ट्रेनों को 24 अप्रैल तक रोका जाएगा, इस दौरान लाखों यात्रियों का सफर प्रभावित होगा। मार्च के अंतिम दिन तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन मुख्यालय ने रेलवे बोर्ड के दिए माल लदान के टारगेट से ऊपर यानि 252 मिलियन टन करते हुए रिकार्ड कायम किया है। इस रिकार्ड को कायम करने के लिए हजारों की संख्या में यात्री ट्रेनों का परिचालन प्रभावित किया गया है। पिछले कई दिनों से यात्री ट्रेनें पटरी पर चलने के कारण यात्रियों को राहत मिलनी शुरु हो गई थी कि अचानक रेलवे के अफसरों ने बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 2100 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे 206 किलोमीटर चौथी लाइन के बचे हुए काम करने के लिए 36 ट्रेनों को 11 से 24 अप्रैल तक बंद करने का आदेश जारी कर दिया है। वर्तमान में यह कार्य रायगढ़ से झारसुगुड़ा सेक्शन में कोतरलिया स्टेशन को चौथी लाइन से जोड़ने के लिए शुरु किया गया है। 11 अप्रैल से 5 मई तक 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा और झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच, 9, 10, 12, 14, 15, 16, 17, 19, 21, 22 अप्रैल को 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंड़वाना एक्सप्रेस बिलासपुर से रायगढ़ के बीच और 11, 12, 14, 16, 17, 18, 19, 21, 23 व 24 अप्रैल को 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस रायगढ़ से बिलासपुर के बीच रद्द की जाएगी। मेल भी बिलासपुर नहीं आएगी।



### आजाद हिंद, गीतांजली एक्सप्रेस भी रहेगी रद्द

36 ट्रेनों में मेल और दूरंतो के साथ आजादहिंद एक्सप्रेस, गीतांजली एक्सप्रेस के अलावा टाटा-इतवारी, संतरागाछी-जबलपुर, दरभंगा-सिकंदराबाद, पुणे-संतरागाछी, भुवनेश्वर-कुर्ला, बिलासपुर-पटना, एलटीटी-शालीमार, हावड़ा-शिरडी, हटिया-एलटीटी, पोरबंदर-शालीमार और एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस के अलावा बिलासपुर-रायगढ़ के बीच चलने वाली चार मेमू भी शामिल है, जिसके पहिए 25 अप्रैल तक थमे रहेंगे।

रायपुर, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025 | चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी | वर्ष: 23, अंक: 263 | पृष्ठ : 12+10 = 22 मूल्य: 5.00** | haribhoomi.com





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





# भू अर्जन अफसर की 'निर्भय' करतूतों से शासन को 43 करोड़ का चूना, वसूली के लिए 2023 में ही लिखी थी चिट्ठी


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतमाला प्रोजेक्ट में हुई गड़बड़ियों की रिपोर्ट में नामांतरण से लेकर दानपत्र तक नियमों की अनदेखी को लेकर कई अहम खुलासे हुए। इन कारनामों को अंजाम देने वाले तीन अफसरों के नाम को इस कारनामे का मास्टरमाइंड माना गया। हरिभूमि को मिली रिपोर्ट में उल्लेख है कि तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी अभनपुर निर्भय साहू, गोबरा नवापारा के तत्कालीन तहसीलदार शशिकांत कुर्रे और गोबरा नवापारा के तत्कालीन नायब तहसीलदार लखेश्वर प्रसाद किरण ने 43 करोड़ 18 लाख 27 हजार 627 रुपए ⏭ शेष पेज 7 पर

भारतमाला-5

## नियंत्रण नहीं, पद का दुरुपयोग भी

अफसरों की संलिप्तता पर कठोर टिप्पणी करते हुए रिपोर्ट में भू अर्जन के सक्षम प्राधिकारी का अधीनस्थ तहसीलदार, नायब तहसीलदार और पटवारियों पर नियंत्रण नहीं होने का उल्लेख है। इतना ही नहीं, तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी पर पद का दुरुपयोग कर भूमाफियाओं को लाभ पहुंचाने का उल्लेख है। इन सभी अफसरों ने अधिसूचना के बाद भी नियमों के विपरीत खाता विभाजन कर मुआवजा बढ़ा दिया।



## पटवारियों ने तैयार किए दस्तावेज

अफसरों ने तो कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर खाता विभाजन के प्रकरणों को मंजूरी दी। इन दस्तावेजों को तैयार पटवारियों ने किया। यही वजह है कि रिपोर्ट में पटवारी हल्का नंबर 49 के तत्कालीन पटवारी जिनेंद्र साहू, दिनेश पटेल, भेलवाडीह के तत्कालीन पटवारी, लेखराम देवांगन तत्कालीन हल्का पटवारी नंबर 24, तत्कालीन हल्का पटवारी नंबर 23 के नाम का उल्लेख है। इनकी भूमिका को भी बेहद गंभीर माना गया है।

- निर्भय, शशिकांत और लखेश्वर के कारनामों से 43 करोड़ का नुकसान
- तहसीलदार नायब तहसीलदार और पटवारियों पर नियंत्रण नहीं होने का उल्लेख

## जिनके नाम, उनको तलब करेगी ईओडब्ल्यू

राज्य सरकार ने भारतमाला मामले की जांच ईओडब्ल्यू को सौंप दी है। ईओडब्ल्यू को राजस्व विभाग से विस्तृत रिपोर्ट मिली है। रिपोर्ट के आधार पर ईओडब्ल्यू जांच को आगे बढ़ा रही है। इस बीच सूत्रों से जानकारी मिली है कि जल्द ही रिपोर्ट में जिनके नाम का उल्लेख है, उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। सबसे पहले तत्कालीन अफसरों पर शिकंजा कसेगा, जिन पर 43 करोड़ अधिक मुआवजा देने का आरोप है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### सड़क किनारे गड्ढे से मिले दो शव



**रांची।** रांची के बाहरी इलाके में सड़क के किनारे एक गड्ढे में दो लोगों के शव मिले हैं। पुलिस ने यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है कि यह दुर्घटना थी या हत्या, क्योंकि घटनास्थल से एक पिस्तौल और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। शव नमक के एक गोदाम के पास से बरामद किए गए।

### एयर बैलून के परीक्षण के दौरान व्यक्ति की मौत



**कोटा।** बारां में हॉट एयर बैलून के परीक्षण के दौरान हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान कोटा निवासी वासुदेव खत्री (40) के रूप में हुई है, जो बारां उत्सव कार्यक्रम में नियुक्त हॉट एयर बैलून सेवा प्रदाता का कर्मचारी था। घटना खेल संकुल परिसर में सुबह लगभग सात बजे हुई।

### बोतल में पेट्रोल न देने पर मैनेजर की हत्या



**बुलंदशहर।** पेट्रोल पंप पर बाइक सवार को बोतल में पेट्रोल देने से मना करने पर पेट्रोल पंप मैनेजर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। थाना सिकंदराबाद क्षेत्र अंतर्गत बीती रात एक पेट्रोल पंप पर दो लोग आए और अपनी मोटरसाइकिल में 200 रुपए का पेट्रोल भरवाया। इसके बाद उन्होंने एक खाली बोतल में भी पेट्रोल मांगी जिस पर सेल्समैन ने पेट्रोल देने से मना कर दिया।

### पासपोर्ट में पत्नी या पति का नाम जोड़ना आसान



**नई दिल्ली।** पासपोर्ट में जीवनसाथी का नाम जुड़वाने की प्रक्रिया अब बेहद आसान हो गई है। अब तक नाम जुड़वाने के लिए शादी के रजिस्ट्रेशन की जरूरत होती थी। आमतौर पर भारत में शादियां करने वाले लोग पंजीकरण नहीं कराते हैं। ऐसे में पासपोर्ट में नाम जुड़वाने दिक्कत होती है।

### विमान लेकर आए पायलट की मौत



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के पायलट की दिल्ली एयरपोर्ट पर प्लेन उतारने के कुछ देर बाद स्वास्थ्य कारणों से मौत हो गई। पायलट ने श्रीनगर से उड़ान भरी थी और दिल्ली पहुंचने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। पायलट का नाम अरमान है। अरमान की उम्र 28 साल थी और हाल ही में उसकी शादी हुई थी।

कहीं गर्म हवा के थपेड़े, कहीं बारिश, 20 राज्यों में आंधी-बारिश के आसार

# बिहार और यूपी में बिजली गिरने से 31 की मौत, छग में होगी हल्की बारिश

*देश में मौसम का अलग-अलग मिजाज है। अप्रैल महीने में उत्तर भारत में जहां भीषण गर्मी पड़ रही है, वहीं उत्तरप्रदेश सहित कुछ राज्यों में बारिश हो रही है। कई राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच, यूपी-बिहार में तेज अंधड़ बारिश के दौर में आसमानी बिजली की चपेट में आने से 31 लोगों की मौत हो गई।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मौसम विभाग ने अगले रविवार तक के लिए मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है। आईएमडी का कहना है कि कल उत्तर-पश्चिम भारत में लू की स्थिति में कमी आएगी, जबकि पूर्वोत्तर और दक्षिणी राज्यों में बारिश की गतिविधियां तेज होंगी। बंगाल की खाड़ी में सक्रिय दबाव क्षेत्र के कारण तटीय क्षेत्रों में मौसमी हलचल बनी रहेगी। भीषण गर्म के बीच देश के उत्तरी-पश्चिमी राज्यों में मौसम बदला है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश में बुधवार शाम से ही रुक-रुक कर बारिश हो रही है।

मौसम विज्ञान विभाग ने 20 से ज्यादा राज्यों में गुरुवार को आंधी-तूफान और बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में हीटवेव की संभावना है। हालांकि, पश्चिमी विक्षोभ के चलते राजस्थान के 16 जिलों में बारिश के आसार हैं। एमपी में भी मौसम विभाग ने उज्जैन-ग्वालियर संभाग में लू चलने का अलर्ट जारी किया है, जबकि 17 जिलों में बारिश होने की संभावना है।

## मध्य प्रदेश-राजस्थान में हीटवेव का अनुमान

### यूपी-बिहार में आसमानी बिजली का कहर

लखनऊ, कानपुर समेत यूपी के 25 जिलों में बारिश जारी है। यहां बिजली गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में फतेहपुर के 2 बच्चे, फिरोजाबाद की एक महिला और सीतापुर का एक किसान शामिल है। वहीं, बिहार में बीते 24 घंटे में आकाशीय बिजली गिरने से 22 की मौत हुई हैं।

### अगले दो दिनों में ऐसा रहेगा मौसम

अगले 2 दिन कैसा रहेगा मौसम मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तरी-पश्चिमी राज्यों के मैदानी इलाकों में अगले 2 दिन बारिश की संभावना है। उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, अरुणाचल और नगालैंड में बारिश और ओले गिरने की संभावना है। केरल, तमिलनाडु और आंध्र में अगले दो दिन तक कई जगहों पर बारिश होगी।



मथुरा में बरसे बादल

### इन राज्यों में हीटवेव

गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुछ इलाकों में हीटवेव जैसी स्थिति बन सकती है। तापमान 40 डिग्री पार पहुंच सकता है। अगले 2 दिन उत्तर-पश्चिमी भारत, गुजरात और महाराष्ट्र में अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। उसके बाद 4 दिन तापमान 2-4 डिग्री तक तापमान नीचे आ सकता है।

### छत्तीसगढ़ में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश

मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में बंगाल की खाड़ी के पश्चिम-मध्य और दक्षिण-पश्चिम भागों में एक चिन्हित कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय है, जिसकी वजह से प्रदेश के 10 जिलों में बारिश और अंधड़ चलने की संभावना बन रही है। रायपुर, दुर्ग-भिलाई, धमतरी, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा, खैरागढ़, गंडई के कुछ जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश या बूंदाबांदी भी हो सकती है। दक्षिण छत्तीसगढ़ यानी बस्तर संभाग के जिलों बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर में अगले तीन दिनों तक बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है।

### देश का ऐसा हाल

- मध्यप्रदेश में हीटवेव लू और तेज गर्मी के बीच कहीं कहीं बारिश-आंधी
- हरियाणा में रात को कई जिलों में आंधी, पेड़ टूटे
- राजस्थान के 16 जिलों में बारिश की संभावना, आंधी का अलर्ट
- लखनऊ, कानपुर और गोरखपुर समेत 25 शहरों में तेज बारिश
- पटना समेत बिहार के 11 जिलों में तेज आंधी-बारिश रुक-रुक कर हो रही
- पंजाब में तापमान 42.8 डिग्री दर्ज, बठिंडा सबसे गर्म
- हिमाचल प्रदेश में अप्रैल के दूसरे सप्ताह में मई जैसी गर्मी पड़ रही

# दुर्ग के बाद बिलासपुर में 14 साल की बालिका से धमकी देकर रेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में नानी के घर में रहकर पढ़ाई करने वाली 14 साल की बच्ची को घर में अकेले पाकर ड्राइवर जान से मारने की धमकी देकर तीन दिन तक अनाचार करता रहा। मां की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, 14 साल की बालिका बचपन से अपनी नानी के घर में पढ़ाई कर रही है। तोरवा बूटापारा निवासी हार्दिक खान रेलवे के एक अधिकारी की गाड़ी चलाता है, जिसके कारण उसकी बालिका की नानी से जान पहचान हो गई और उसका घर आना जाना था। परीक्षा समाप्त होने के बाद बालिका अपने घर चली गई थी।

4 अप्रैल को वह नानी के घर लौटी। 7 अप्रैल को हार्दिक खान उनके घर गया और बालिका के अकेले रहने का फायदा उठाते हुए उसके साथ अनाचार किया। उसने घटना के संबंध में किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी देकर लगातार 8 व 9 अप्रैल को शारीरिक संबंध बनाया। बच्ची ने डर से घटना की जानकारी अपनी नानी को नहीं दी। बालिका की मां 10 अप्रैल को आई तो पीड़िता ने घटना की जानकारी दी। उसके बाद मां अपनी बेटी को लेकर सिरगिट्टी थाना गई और घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उनकी रिपोर्ट पर तोरवा बूटापारा में दबिश देकर ड्रावइर हार्दिक खान को पकड़कर थाने ले आए। पुलिस ने बीएनएस की धारा 64, 2, 351, 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

- तीन दिन तक अनाचार पुलिस की सक्रियता से आरोपी गिरफ्तार
- नानी के घर में रहकर पढ़ाई कर रही थी बालिका, मां को दी घटना की जानकारी

### आरोपी गिरफ्तार

नानी के घर में रहकर पढ़ाई करने वाली 14 साल की बालिका के साथ डरा धमका 3 दिन तक अनाचार करने की रिपोर्ट लिखाई गई। मामले में अपराध कायम कर आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**- रजनीश सिंह,** सिरगिट्टी टीआई

# भ्रष्टाचार के 29 मामले सिर्फ दो में सजा, 8 बरी

## वजह- लचर जांच, साक्ष्य की कमी, गवाह भी मुकर गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में आए दिन विभिन्न किस्म की आपराधिक घटनाएं और गंभीर अपराध सामने आते हैं। इन मामलों में पुलिस अपराध दर्ज कर जांच पड़ताल भी करती है, लेकिन यही मामले जब अदालतों में जाते हैं, तो जांच की कमजोरी, साक्ष्यों की कमी, गवाहों के मुकर जाने आदि कारणों से पकड़े गए आरोपी अदालत से छूट जाते हैं। अगर पिछले एक साल की ही बात करें, तो सत्र प्रकरण यानी गंभीर अपराध से संबंधित मामलों में 848 अपराधियों को ⏭ शेष पेज 7 पर

- छोटे मामलों में अधिक संख्या में दोषी पाए गए आरोपी
- एंटीकरप्शन के 29 मामलों में 2 को सजा, 8 हुए बरी

खास खबर

### ये है अपराधिक प्रकरण सजा और बरी का ब्योरा

सत्र प्रकरण जो गंभीर अपराध की श्रेणी से संबंधित हैं पूर्व में लंबित मामलों की संख्या 7 हजार 694 थी। इनके साथ ही 237 प्रकरण अभिलेखागार से प्राप्त हुए और कमिटल से प्राप्त मामले 3373 थे। 1 जनवरी 2024 से दिसंबर 2024 तक इन मामलों में 848 अपराधियों को सजा हुई। लेकिन बरी होने वाले 2 हजार 580 थे। इस तरह सजा का प्रतिशत 24. 74 रहा। इसी तरह एनडीपीएस (नारकोटिक्स) संबंध में पूर्व में लंबित मामले 3477 थे। पेश प्रकरणों की संख्या 1205 रही। इनमें से 299 मामलों में अपराधियों को सजा मिली, 552 बरी हो गए। सजा का प्रतिशत 35.14 रहा। इसी तरह एससी-एसटी एक्ट के 1599 लंबित मामलों में 659 पेश हुए। इनमें से 181 मामलों में दोषियों को सजा मिली 501 बरी हो गए। इस प्रकार 26.43 प्रतिशत मामलों में ही सजा मिली। अब बात करें भ्रष्टाचार से संबंधित मामले जो एंटी करप्शन के तहत दर्ज किए जाते हैं। ऐसे कुल 132 प्रकरण पूर्व से लंबित थे। इनमें से 29 प्रकरण पेश किए गए। इन मामलों में कुल 2 प्रकरणों में ही सजा हुई। 8 आरोपी बरी हो गए। इस तरह सजा केवल 20 प्रतिशत को हुई। इससे उलट विद्युत अधिनियम, भादवि निम्न न्यायालय दीगर पुलिस एक्ट व अन्य विभागों ⏭ शेष पेज 7 पर

*श्रमिकों को किया सम्मानित साथ में किया भोजन, ली सेल्फी*

# कोयला श्रमिक देश का सच्चा ऊर्जा सिपाही: रेड्डी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की गेवरा खदान का दौरा किया। यह खदान विश्व की दूसरी सबसे बड़ी कोयला खदान है। मंत्री का स्वागत सीआईएसएफ द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया।

गेवरा माइन व्यूपॉइंट पर एसईसीएल टीम ने मंत्री को खनन गतिविधियों की विस्तृत प्रस्तुति दी। श्री रेड्डी ने कोयला एवं महिला कर्मियों सहित ⏭ शेष पेज 7 पर



**कोयला श्रमिकों के परिश्रम से हमारा घर हो पाता है रोशन**

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने इस दौरान जापानी मियावाकी तकनीक से विकसित वृक्षारोपण स्थल का दौरा किया। कर्मचारियों के लिए निर्मित 'कल्याण मंडप' का उद्घाटन किया एवम पौधरोपण ⏭ शेष पेज 7 पर

रिट याचिका की सुनवाई

# सिविल जज 2024 परीक्षा पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने अगले आदेश तक छत्तीसगढ़ सिविल जज (जूनियर डिवीजन) 2024 परीक्षा पर रोक लगा दी है। उच्च न्यायालय के समक्ष दायर एक रिट याचिका की सुनवाई के दौरान, छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से उपस्थित महाधिवक्ता ने पीठ को सूचित किया कि न्यूनतम अभ्यास की शर्त पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का इंतजार करना है। इसकी जानकारी मिलने पर न्यायमूर्ति ⏭ शेष पेज 7 पर



### शर्त पर जताई आपत्ति

जबलपुर निवासी विनीता यादव ने हाईकोर्ट में यह याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि सीजीपीएससी ने 23 दिसंबर 2024 को सिविल जज परीक्षा के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। सीजीपीएससी की ओर से इसमें एक शर्त रखी गई है, ⏭ शेष पेज 7 पर

सीबीएसई पहले ही बंद कर चुका है मेरिट प्रथा

*पड़ोसी राज्यों के बोर्ड से मांगे गए थे सुझाव*

# इस वर्ष मेरिट लिस्ट जारी करेगा माशिमं एनईपी फॉर्मूला अभी नहीं, मई में रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल इस वर्ष बोर्ड कक्षाओं में मेरिट लिस्ट जारी करने की तैयारी में है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए मेरिट नहीं निकाले जाने संबंधित प्रावधान को फिलहाल लागू नहीं किया जा रहा है। सीबीएसई दो वर्ष पूर्व ही इसे लागू कर चुका है। माध्यमिक ⏭ शेष पेज 7 पर

## दसवीं और बारहवीं दोनों ही कक्षाओं में जारी की जाएगी मेरिट लिस्ट

### 5 लाख 71 हजार छात्रों में से चुने जाएंगे टॉप-10

शैक्षणिक सत्र 2024-25 में दसवीं कक्षा की परीक्षा में नियमित परीक्षार्थी के रूप में 3 लाख 23 हजार छात्र शामिल हुए हैं। जबकि प्राइवेट छात्रों की संख्या 7 हजार रही है। इसी तरह बारहवीं कक्षा में नियमित ⏭ शेष पेज 7 पर



### इसलिए किया गया बंद

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मेरिट प्रथा को दो वर्ष पूर्व ही बंद किया जा चुका है। इस वर्ष भी सीबीएसई ने मेरिट लिस्ट जारी नहीं करने की घोषणा की है। इसका अनुसरण करते हुए आईसीएसई बोर्ड द्वारा भी मेरिट लिस्ट जारी नहीं की जाएगी। बोर्ड का मानना है कि मेरिट लिस्ट जारी करने के कारण बच्चों में अनावश्यक तनाव बढ़ता है। छात्रों में स्वस्थ प्रतियोगिता को बढ़ावा देने के लिए यह व्यवस्था की गई है। ना तो राष्ट्रीय स्तर पर और ना ही प्रादेशिक स्तर पर मेरिट लिस्ट सीबीएसई द्वारा घोषित की जा रही है।

### नए वक्फ कानून पर भाजपा करेगी जागरूक

**नई दिल्ली।** भाजपा वक्फ (संशोधन) अधिनियम के फायदों का प्रचार करने और विपक्ष की आलोचना का मुकाबला करने के लिए 20 अप्रैल से एक पखवाड़े का जन जागरूकता अभियान शुरू करेगी। इसमें विशेष रूप से मुसलमानों को लक्षित किया जाएगा। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू ने अपने प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। देश भर के भाजपा पदाधिकारियों ने यहां एक कार्यशाला में भाग लिया। इसमें नड्डा ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे वोट बैंक की राजनीति के तहत संशोधित कानून के प्रावधानों के बारे में मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं।

# इंसानों को मिला रहने का नया ठिकाना, समुद्र में होगा 6 बेडरूम, 1 किचन और टॉयलेट वाला घर





**लंदन।** इंसानों को अंतरिक्ष में बसाने की बात तो चल ही रही है। मंगल हो या चांद या फिर कोई एलियन प्लानेट जहां पर इंसानों के बसाने योग्य वतावरण हो, पर बसाने की कोशिश की जा रही है। मगर पहली बार ऐसा होगा कि इंसानों को पानी के नीचे बसाया जाएगा। जी हां इसकी कोशिश शुरू हो गई है। अभी हाल में कुछ इंजीनियरों की टीम ने 100 दिन तक समंदर के अंदर रह कर आई है। अब तो पूरी दुनिया में इस पर बहस छिड़ गई है कि क्या इंसानों को पानी के अंदर बसाया जा सकता है?

दरअसल, ब्रिटेन की एक स्टार्टअप कंपनी डीप ने इस जिम्मा उठाया है। उसका मानना है कि यह संभव है। कंपनी न सिर्फ समुद्र में बस्तियां बनाने की कोशिश कर रही है, बल्कि अगले 25 सालों में पानी के नीचे बच्चे के जन्म का सपना भी देख रही है। कंपनी का कहना है कि एक बायोमेडिकल इंजीनियर ने 100 दिन तक समुद्र में गुजारी है, अगर यह मुमकिन है, तो क्या लोग समुद्र में बनाए गए खास घरों में नहीं रह सकते हैं?



### समुद्र में बस्तियों का प्लान

डीप कुछ साल पहले से 'सबसी हैबिटैट्स' (पानी के नीचे रहने की जगह) बनाने पर काम कर रही है। कंपनी इस साल के अंत तक पहला पानी वाला घर 'वैनगार्ड' तैयार करने वाली है। यह 3डी-प्रिंटेड धातु का ढांचा होगा, जो समुद्र के दबाव को झेलने में सक्षम होगा। वैनगार्ड 300 स्क्वायर फीट का होगा। 325 फीट की गहराई तक तीन गोताखोरों को ठहरा सकेगा। यह समुद्र के 'सनलाइट जोन' में होगा। इसका छोटी मिशन के लिए इस्तेमाल होगा। इसके सफलता के बाद कंपनी 'सेंटिनल्स' नाम के बड़े घर बनाएगी। 656 फीट की गहराई पर 'ट्वाइलाइट जोन' के पास होंगे। इनमें छह बेडरूम, किचन, साइंस लैब और शौचालय होंगे, ये जमीन पर बने आम घर के तरह होंगे।

### पानी में पहला बच्चा

डीप ने अगले 25 सालों का प्लान बनाया है। 2035 तक दुनिया भर में 10 बड़ी बस्तियां और फिर 2050 तक पानी में पहला बच्चा पैदा करने का लक्ष्य है। पानी के नीचे रहने का विचार नया नहीं है। 1950 और 1960 के दशक में सीलैब और कॉनशेल्फ नाम के प्रोजेक्ट्स शुरू हुए थे। सीलैब में सबसे लंबा मिशन 28 दिन का था, लेकिन यह योजना आगे नहीं बढ़ी।

### चुनौतियां क्या हैं?

किसी दूसरे ग्रह या अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की तरह पानी के नीचे रहना आसान नहीं है। धूप की कमी खली, सतह पर लौटने की सबसे बड़ी समस्या, खून में बुलबुले बनने से डीकंप्रेशन सिकनेस, पानी में सघन हवा सांस लेने से सर्कुलेटरी सिस्टम पर असर भी सड़ सकता है।

## रोचक खबरें

### फ्री में बनाएं घिबली जैसी तस्वीर, अमेरिका से लड़ाई के बीच चीन ने उठाया ये कदम



**बीजिंग।** सोशल मीडिया पर एक नया ट्रेंड छाया हुआ है जहां लोग अपनी तस्वीरों को एआई की मदद से एक्शन फिगर में बदल रहे हैं। यह ट्रेंड चीन से शुरू हुआ है और तेजी से वायरल हो रहा है। चीन का कहना है कि यह ट्रेंड मुफ्त है। इसमें घिबली की तरह ही यूजर्स अपनी तस्वीरों को खिलौने के पैकिंग बॉक्स में डिजाइन करवा रहे हैं। घिबली-स्टाइल अवतारों के बाद अब सोशल मीडिया पर एक नया और मजेदार ट्रेंड वायरल हो रहा है, जिसमें लोग अपनी तस्वीर को एआई की मदद से एक्शन फिगर के रूप में बदल रहे हैं। यह ट्रेंड न सिर्फ युवाओं को आकर्षित कर रहा है, बल्कि टेक्नोलॉजी और क्रिएटिविटी के मेल से एक अनोखा डिजिटल अनुभव भी बन गया है। ट्रेंड की शुरुआत चीन ने की है। वो भी अमेरिका से लड़ाई के बीच। चीन का कहना है कि इस ट्रेंड के तहत फ्री में फोटो बनवा सकते हैं। इस ट्रेंड के तहत यूज़र्स अपनी तस्वीरों को एक खिलौने की तरह वर्चुअल बॉक्स पैकिंग में डिजाइन करवा रहे हैं, जिसमें उनका नाम, पहचान, खासियतें और अवतार की थीम शामिल होती है।

#### ट्रेंड की खास बातें-

*– एआई सुपरस्टार बनने का नया तरीका: लोग खुद को डिजिटल सुपरहीरो या किरदार के रूप में पेश कर रहे हैं।*

*– क्रिएटिविटी, ह्यूमर और पर्सनल ब्रांडिंग का संगम: हर एक अवतार में व्यक्तिगत स्टाइल और फन एलीमेंट्स नजर आते हैं।*

*– एआई टूल्स का क्रिएटिव इस्तेमालचैट जीपीटी जैसे टूल्स का उपयोग अब केवल चैटिंग तक सीमित नहीं, बल्कि डिजिटल आर्ट और डिजाइन में भी हो रहा है।*

*– सोशल मीडिया पर तगड़ा रिस्पॉन्स: इंस्टाग्राम, ट्विटर और टिकटॉक पर ये ट्रेंड तेजी से वायरल हो रहा है। इस अनोखे ट्रेंड की शुरुआत शंघाई स्थित एक स्टार्टअप कंपनी फोलोटॉय ने की थी। कंपनी की स्थापना अगस्त 2023 में लैरी वांग और गुओ शिंगहुआ ने की थी।*

### इन देशों में सांप का खून पीते हैं लोग क्यों नहीं होता है जहर का असर?

**बीजिंग।** सांप की गिनती दुनिया के सबसे जहरीले जीवों में की जाती है। धरती पर किंग कोबरा, करैत और ब्लैक माम्बा समेत कई ऐसे जहरीले सांप हैं। इनके जहर से इंसान की कुछ मिनट में ही मौत हो सकती है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि दुनिया के कई इलाकों में लोग सांप का खून पीते हैं। इसके साथ ही नसे के लिए सांप से शरीर पर कटवाते हैं। सबसे हैरान करने वाली बात है कि कई दवाओं में भी सांप के जहर का इस्तेमाल किया जाता है। दुनिया के कई देशों में लोग सांप के खून को पीते हैं। चीन, वियतनाम, हॉन्गकॉन्ग और इंडोनेशिया में स्नेक वाइन काफी प्रसिद्ध है। चीन में लोग मानते हैं कि सांप के खून में ऐसी चीज होती है, जिससे यौन क्षमता बढ़ती है। साथ ही त्वचा के लिए भी अच्छी होती है और जवान रखती है। सदियों से सांप से त्वचा रोग का इलाज होता है जिसका इतिहास पुराना है। 100 ईसा पहले इसका जिक्र मिलता है। इंडोनेशिया में त्वचा की गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सांप की त्वचा का लेप की तरह इस्तेमाल किया जाता था। वहां पर सेना के खाने में सांप का खून शामिल हैं। सैनिकों को सांप का खून और मांस दिया जाता है।



### तेजी से क्यों बढ़ रहे फ्लू के केस? साइंटिस्ट ने खोजा जवाब

**लंदन।** ब्रिटेन के वैज्ञानिकों की एक टीम ने यह पाया है कि कोविड-19 महामारी के दौरान लंबे समय तक लगे प्रतिबंधों की वजह से लोगों की 'इम्युनिटी डेब्ट' की स्थिति बनी जिससे अब दुनिया भर में फ्लू फैलने के तरीके में बदलाव देखने को मिल रहा है। जब लोग लंबे समय तक बीमारियों के संपर्क में नहीं आते तो उनके शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली (रोगों से लड़ने की ताकत) कमजोर हो जाती है। इसी को 'इम्युनिटी डेब्ट' कहा जाता है। इसका मतलब है कि अब लोग सामान्य संक्रमणों के लिए भी ज्यादा संवेदनशील हो जाते हैं। कोविड महामारी के समय दुनियाभर के देशों ने लॉकडाउन, सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क पहनना और यात्रा पर रोक जैसी सख्त सावधानियां अपनाई थीं। इन उपायों ने कोविड को रोकने में मदद की, लेकिन साथ ही फ्लू और अन्य सांस से जुड़ी बीमारियों के मामलों में बहुत तेज गिरावट भी देखी गई। लेकिन, अब कोविड के बाद दुनियाभर में फ्लू के मामलों में अचानक तेज बढ़ोतरी हुई है। शोधकर्ताओं का कहना है कि 'इम्युनिटी डेब्ट' के कारण आने वाले वर्षों में फ्लू के बड़े प्रकोप हो सकते हैं, क्योंकि अब लोगों की प्रतिरोधक क्षमता कम हो गई है और वे अन्य वायरस से संक्रमित होने के प्रति ज्यादा संवेदनशील हो गए हैं। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डैनियल प्रिएटो-अल्हाम्ब्रा ने कहा, 'हमारे अध्ययन से यह साफ हुआ है कि पिछले कुछ वर्षों में फ्लू के संपर्क में न आने से लोगों की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो गई है और अब संक्रमण बहुत तेजी से फैल रहा है। राहत की बात यह है कि इसके प्रभाव को कम करने के लिए रणनीतियां मौजूद हैं और फ्लू के टीकाकरण को बढ़ावा देना जरूरी है।'



# न पुलिस है न ही फौज, फिर भी इन देशों में नहीं होते अपराध, रात में भी बेखौफ घूम रहे नागरिक!

**लंदन।** दुनिया भर में जब सुरक्षा की बात होती है, तो पुलिस और सेना को सबसे जरूरी माना जाता है। चाहे आतंकवाद से लड़ना हो या अपराध रोकना, हर देश सुरक्षा बलों पर निर्भर करता है। लेकिन, हैरानी की बात यह है कि कुछ देश ऐसे भी हैं जहां न तो सेना है और न ही पुलिस, फिर भी ये देश दुनिया के सबसे सुरक्षित और शांतिपूर्ण देशों में गिने जाते है। ये देश अपनी शांति बनाए रखने के लिए न कोई हथियार रखते हैं और न ही भारी-भरकम सैन्य बजट खर्च करते है। बल्कि, ये देश अपनी कूटनीतिक समझ, पड़ोसी देशों से दोस्ती और शांति की नीति पर चलकर मिसाल बन गए है।



### आइसलैंड

आइसलैंड एक छोटा, लेकिन बेहद खूबसूरत देश है जो उत्तर अटलांटिक महासागर में स्थित है। यहां की सबसे खास बात यह है कि इस देश की कोई सेना नहीं है। आइसलैंड नाटो का सदस्य है और जरूरत पड़ने पर अमेरिका इसके बचाव के लिए तैयार रहता है। यहां की कानून व्यवस्था इतनी मजबूत और नागरिक इतने अनुशासित हैं कि अपराध की घटनाएं बहुत ही कम होती है। महिलाएं रात को अकेले घूमने से नहीं डरतीं और बच्चों को स्कूल अकेले भेजना आम बात है। वर्ल्ड पीस इंडेक्स में आइसलैंड लगातार नंबर 1 स्थान पर रहा है।




### अंडोरा

स्पेन और फ्रांस के बीच बसा अंडोरा भी एक देश है जिसकी कोई स्थायी सेना नहीं है। इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी फ्रांस और स्पेन के पास है। यह देश अपनी पर्यटन, प्राकृतिक सुंदरता और शांत लाइफस्टाइल के लिए जाना जाता है। यहां लोग शांति से रहते हैं और अपराध की घटनाएं बहुत कम देखने को मिलती है।


### लिकटेंस्टीन

स्विट्ज़रलैंड और ऑस्ट्रिया के बीच बसा लिकटेंस्टीन एक छोटा-सा यूरोपीय देश है। इसने साल 1868 में ही अपनी सेना को खत्म कर दिया था, क्योंकि इसकी लागत बहुत ज्यादा थी। खास बात ये है कि लिकटेंस्टीन ने कभी किसी युद्ध में भाग नहीं लिया और शांति की राह पर चलता रहा। अगर किसी आपात स्थिति की जरूरत हो, तो स्विट्जरलैंड इसकी मदद करता है। इस देश में सुरक्षा के नाम पर केवल कुछ गार्ड्स है।




### वेटिकन सिटी

वेटिकन सिटी, जो दुनिया का सबसे छोटा देश है और ईसाई धर्म का केंद्र भी है। इस देश की भी कोई सेना नहीं है।यहां की सुरक्षा स्विस गार्ड के हाथ में होती है, जो विशेष रूप से पोप की रक्षा के लिए नियुक्त किए जाते है। इसके अलावा इटली की पुलिस और सेना वेटिकन सिटी को आपातकालीन सेवाएं देती है। इस देश में अपराध की घटनाएं ना के बराबर होती हैं और धार्मिक वातावरण इसकी सबसे बड़ी ताकत है।



### मोनाको

फ्रांस के पास स्थित मोनाको भी एक बेहद अमीर और छोटा देश है, जिसकी कोई अपनी सेना नहीं है। फ्रांस के साथ हुए समझौते के अनुसार, अगर मोनाको को कभी सुरक्षा की जरूरत पड़ी तो फ्रांस उसे पूरी सुरक्षा देगा। यहां की स्थानीय पुलिस छोटे-मोटे अपराधों की निगरानी करती है। लेकिन, यहां का माहौल इतना शांत है कि लोग निडर होकर दिन-रात कहीं भी घूम सकते है।




# ये दुनिया की पांच रहस्यमयी जगहें वैज्ञानिकों के लिए भी अबूझ पहेली

**लंदन।** दुनिया में कई ऐसे रहस्य हैं, जिनके बारे में जानकर यकीन करना मुश्किल होता है। वैज्ञानिकों ने कई रहस्यों को सुलझाने में कामयाबी हासिल कर ली है, लेकिन अभी भी कुछ रहस्यों को सुलझाना बाकी है। धरती पर कुछ जगहों को भूतों के कारण रहस्यमयी माना जाता है, तो कुछ जगहें एलियंस की वजह से रहस्यमयी हैं। इन रहस्यों को जानने के लिए वैज्ञानिक सालों से शोध कर रहे हैं।

**स्टोनहेंज, इंग्लैंड**

इंग्लैंड में स्थित स्टोनहेंज रहस्यों से भरा है। यह स्थान लगभग 5000 साल पुराना है। वैज्ञानिक यह मानते हैं कि यूनिक ब्लूस्टोन सामग्री से बना विशाल मेगालिथ पत्थरों का एक गोलाकार समूह है। स्टोनहेंज इंग्लैंड में सबसे ज्यादा लोकप्रिय पर्यटन स्थल भी है। स्टोनहेंज के इन चट्टानों के पीछे एक रहस्य छिपा है। इसको लेकर लोग कई तरह के दावे करते हैं।



### ग्रीन माउंटेन नेशनल फॉरेस्ट

अमेरिका के साउथ वेस्टर्न वेरमॉन्ट में यह स्थित है। यह स्थान बेहद रहस्यमयी माना जाता है। साल 1945 में इस जगह पर एक शख्स गाइड का काम करता था, जिसका नाम मेंडी रिवर्स था। वह 12 नवंबर, 1945 को लौटते समय लापता हो गया और उसका कभी नहीं पता चला। इसके बाद साल 1949 में यहां से तीन शिकारी गायब हो गए। फिर साल 1949 में ही जेम्स ई जेफोर्ड नाम का शख्स भी लापता हो गया। इनमें से न किसी की कभी लाश मिली और नहीं पता चल पाया।

### रोसवेल

रोसवेल भी अमेरिका में स्थित है। न्यू मैक्सिको में स्थित रोसवेल एलियन कॉन्सपिरेसी थ्योरीज का हब है। साल 1947 में यह जगह अचानक चर्चा में आ गई। यहां पर काम करने वाले लोगों ने अधिकारियों को जानकारी दी कि एक उड़न तश्तरी हादसे का शिकार हो गई है और यूएफओ का मलबा खेत में पड़ा है। यह जगह आज भी लोगों के लिए रहस्य है।

### कोडिन्ही, भारत


दुनिया की तरह भारत में भी कई रहस्यमयी जगहें हैं। इनमें केरल का एक छोटा सा गांव कोडिन्ही भी शामिल है। इस गांव में करीब सैकड़ों परिवार रहते हैं। माना जाता है कि दुनिया का एकलौता गांव है, जहां पर सिर्फ जुड़वा बच्चे पैदा होते हैं। इस गांव में करीब 200 जुड़वा बच्चे हैं। इसके पीछे का रहस्य क्या है? आज तक कोई भी डॉक्टर या वैज्ञानिक नहीं पता लगा पाया।

### एंगिकुनी झील

कनाडा में स्थित इस झील को बेहद रहस्यमयी माना जाता है। इसके किनारे एक गांव बसा था, जो अपने आप में एक रहस्य है। बताया जाता है कि साल 1930 में एक दिन अचानक इस गांव के लोग गायब हो गए थे। इस गांव में लाबेल नाम का शख्स पहुंचा, तो उसने देखा कि घर के चूल्हों पर खाना बनाने के लिए रखा गया था। हर घर में काम अधूरे पड़े थे तो लाबेल ने सोचा कि लोग कहीं गए होंगे और वापस आएंगे। लेकिन, इस गांव में रहने वाले 2000 लोगों में से किसी भी व्यक्ति की पता आजतक नहीं चल पाया है।



### अगर दिख जाए ये कीड़ा तो फौरन हो जाएं दूर, वरना छूते ही मार देगा लकवा!



**नई दिल्ली।** किंग कोबरा निश्चित रूप से एक बेहद खतरनाक और विषैला जीव है, लेकिन आज हम आपको एक ऐसे छोटे से जीव के बार में बताने जा रहे हैं जो दिखने में खूबसूरत पर बेहद घातक है। इसने अगर डंक मार दिया, तो लकवाग्रस्त होने के अलावा जान भी जा सकता है। इसका एंटीडोट तक नहीं बना है। जब भी किसी जहरीले जीव की बात होती है, तो लोगों के जेहन में सबसे पहले किंग कोबरा का खयाल आता है। ये निश्चित तौर पर एक खतरनाक और विषैला जीव है, लेकिन धरती पर इससे भी ज्यादा जहरीले जीव मौजूद हैं। उनमें से ही एक है कॉनस जियोग्राफस समुद्री घोंघा, जिसे जियोग्राफी कोन स्नेल भी कहते हैं। इंडो-पैसिफिक महासागर की चट्टानों के आसपास पाए जाने वाले इस छोटे से घोंघे का जहर इतना शक्तिशाली होता है कि एक बूंद भी किसी वयस्क इंसान की जान लेने के लिए काफी है। जियोग्राफी कोन स्नेल अपने शिकार को लकवाग्रस्त करने के लिए एक खास तरह का जहर छोड़ता है।

#### इसलिए है घातक

यह कितना घातक होता है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एक बिच्छू अपने शिकार को मारने के लिए जितना जहर छोड़ता है, जियोग्राफी कोन स्नेल उससे 10 गुना कम जहर से अपने शिकार की मौत का कारण बन सकता है। यही वजह है कि इसे दुनिया के सबसे खतरनाक और जहरीले जीवों में लिस्ट किया गया है। यह घोंघा अपने शिकार पर नुकीले डंक से वार करता है, जिससे शिकार तुरंत लकवाग्रस्त हो जाता है। इसलिए अगर आप कहीं भी इस खूबसूरत लेकिन बेहद खतरनाक जीव को देखें, तो फौरन उससे दूर हो जाएं। क्योंकि, यह आपकी जान भी ले सकता है।

## रहस्य जानने गए लोग भी नहीं आए वापस

# भूतिया आइलैंड, जहां जिंदा जला दिए गए थे 1.60 लाख लोग

**रोम।** दुनिया में कई रहस्यमयी जगहे हैं, जिनके बारे में बेहद कम लोगों को पता होता है। इन जगहों में कई रहस्यमयी द्वीप भी शामिल हैं। कई जगहों पर आम लोगों की जाने की हिम्मत नहीं होती है, जबकि कई जगहों पर लोगों के जाने पर रोक है। इटली में एक इसी तरह का द्वीप स्थित है, जिसके बारे में जानकर आपकी रूह कांप जाएगी। कहा जाता है कि इस द्वीप पर जाने वाला कभी लौटकर वापस नहीं आया।

इस द्वीप आए दिन कई रहस्यमयी घटनाएं घटती हैं, जिनकी वजह से इसकी चर्चा होती रहती है। यह रहस्यमयी द्वीप इटली के वेनिस शहर और लिडो के बीच वेनेशियन खाड़ी में स्थित है। यहां पर जाने के लिए विशेष इजाजत की जरूरत होती है। बिना अनुमति के यहां पर कोई नहीं जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस द्वीप को भूतों का आइलैंड कहा जाता है। इसके पीछे एक बेहद हैरान करने वाली कहानी है।



### 55 सालों से वीरान बंजर पड़ा है द्वीप

*रिपोर्ट के मुताबिक, इस द्वीप पर कुल एक लाख 60 हजार शवों की राख है। इस द्वीप को साल 1968 से खाली छोड़ दिया गया है और यह 55 सालों से वीरान बंजर पड़ा है। कई लोगों ने इस द्वीप के रहस्य से पर्दा उठाने की कोशिश की, लेकिन किसी को सफलता नहीं मिली। सबसे हैरानी बात यह है कि यहां पर जो गया, वो लौटकर नहीं आया। इसकी वजह से इटली की सरकार ने किसी के भी यहां जाने पर रोक लगाकर रखा है।*

### प्लेग फैलने के डर से लोगों को जिंदा जला दिया

रिपोर्ट के मुताबिक, इटली में सैकड़ों साल पहले प्लेग महामारी फैली थी। इस बीमारी ने खौफनाक रूप धारण कर लिया था। उस दौरान इस महामारी का कोई इलाज नहीं था, जिसको लेकर सरकार परेशान थी। इस बीमारी के फैलने का डर इटली की सरकार को सता रहा था। इस डर से सरकार ने लगभग 1 लाख 60 हजार लोगों को इस द्वीप पर जिंदा जलवा दिया था। इसके बाद यहां पर काला बुखार नाम की बीमारी भी फैलने लगी।

### द्वीप को शापित मानते हैं लोग

इसके बाद सरकार ने निर्णय लिया कि इन लोगों के शव भी इसी द्वीप पर दफना दिए जाएं। तब से स्थानीय लोग इस द्वीप को शापित मानते हैं। बताया जाता है कि जलाए गए लोगों की आत्माएं आज भी यहां पर भटकती हैं। कई लोगों का दावा है कि उन्होंने यहां पर आत्माओं को देखा है। इस द्वीप से अजीबोगरीब आवाजें भी सुनने का दावा किया जाता है। इस द्वीप पर होने वाली रहस्यमयी घटनाओं के चलते इटली की सरकार ने यहां पर लोगों के जाने पर रोक लगा दी है। यह आईलैंड दुनिया की सबसे डरावनी जगहों में शामिल है।

*नई दिल्ली। मुंबई आतंकवादी हमलों का मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा भारत पहुंच चुका है। गिरफ्तारी के लगभग 16 साल बाद अमेरिका से उसे भारत प्रत्यर्पित किया गया है। राणा पहले पाकिस्तानी सेना में डॉक्टर था। बाद में उसने सेना की नौकरी छोड़ दी और कनाडा में नागरिकता लेकर इमिग्रेशन का बिजनेस शुरू किया। तहव्वुर के परिवार के बारे में सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी सीमित है क्योंकि यह एक संवेदनशील मामला है और उसकी निजी जिंदगी को गोपनीय रखा गया है। हालांकि, कुछ विश्वसनीय स्रोतों के आधार पर जो जानकारी मिलती है, उसके अनुसार राणा ने काफी पहले पाकिस्तान छोड़ दिया था और विदेश चला गया था। कई देशों में रहने के बाद वह वह कनाडा का नागरिक बन गया।*

# तहव्वुर की पत्नी भी है डॉक्टर, शिकागो में रहता था परिवार

## पाकिस्तान के कुलीन परिवार से है नाता, पिता थे प्रिंसिपल

### हसन अब्दाल कैडेट कॉलेज में हुई पढ़ाई

हुसैन राणा का जन्म 12 जनवरी 1961 को पंजाब, पाकिस्तान के चिचावतनी में हुआ था। राणा का संबंध कुलीन पाकिस्तानी परिवार से है। उसके पिता लाहौर स्थित हाई स्कूल प्रिंसिपल थे। उनका परिवार अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए जाना जाता है। सूत्रों के अनुसार, राणा के भाइयों में से एक पाकिस्तानी सेना में मनोचिकित्सक और लेखक हैं। जबकि दूसरा भाई कनाडाई न्यूज पेपर 'द हिल टाइम्स' में पत्रकार है। राणा की पढ़ाई प्रतिष्ठित हसन अब्दाल कैडेट कॉलेज में हुई थी। जो पाकिस्तान में कुलीन लड़कों का एक सैन्य आवासीय विद्यालय है। जिसके पूर्व छात्रों में कई जनरल और राजनयिक शामिल हैं। राणा ने मेडिकल में अपना करियर बनाया और पाकिस्तान आर्मी मेडिकल कोर में कैप्टन जनरल ड्यूटी प्रैक्टिशनर के रूप में काम किया। सेना छोड़ने के बाद वह 1997 में पत्नी के साथ कनाडा चला गया। दोनों ने जून 2001 में कनाडाई नागरिकता हासिल कर ली।

### 26/11 हमलों का मास्टरमाइंड है पाकिस्तान बेस्ड राणा

### एक भाई पाकिस्तानी सेना में है मनोचिकित्सक तो दूसरा कनाडाई न्यूज पेपर में पत्रकार

**शिकागो में रहते थे पत्नी और बच्चे**

रिपोर्ट के मुताबिक तहव्वुर राणा, अपनी पत्नी समराज अख्तर राणा, दो बेटियों और एक बेटे के साथ शिकागो में रहता था। कहा जाता है कि वहां पर उसके कई बिजनेस थे। उसका एक फार्म भी था जो शिकागो के देसी एन्क्लेव, डेवन एवेन्यू में उसके किराने की दुकान को हलाल मांस की सप्लाई करता था। राणा के पास कनाडा में ओटावा के बाहर एक घर भी था, जहां उसके बीमार पिता और उसका छोटा भाई अब्बास राणा रहते थे। यह स्पष्ट नहीं है कि पिता और भाई अभी भी वहीं हैं या कहीं और चले गए हैं।



### पत्नी समराज राणा भी है डॉक्टर

तहव्वुर राणा की पत्नी समराज राणा अख्तर एक डॉक्टर हैं। समराज ने भी पाकिस्तान में मेडिकल की पढ़ाई की थी। लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह वर्तमान में प्रैक्टिस कर रही है या नहीं। वह तहव्वुर के साथ 2008 में भारत की यात्रा पर गई थीं, जिसमें मुंबई भी शामिल था, जो बाद में 26/11 हमले का निशाना बना। तहव्वुर और समराज के तीन बच्चे हैं। उनके नाम और उम्र के बारे में स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है। ऐसा माना जाता है कि उनके बच्चे कनाडा या अमेरिका में पले-बढ़े होंगे।

### पाक में हो सकते हैं और भी रिश्तेदार

तहव्वुर ने शिकागो (अमेरिका) और टोरंटो (कनाडा) में अपने बिजनेस 'फर्स्ट वर्ल्ड इमिग्रेशन सर्विसेज' के कार्यालय स्थापित किए थे, इसलिए उनका परिवार इनमें से किसी शहर में हो सकता है। उनके अधिकांश नजदीकी रिश्तेदार भी उनके साथ या अन्य देशों में चले गए होंगे। फिर भी, कुछ परिवार (चचेरे भाई, मामा, आदि) संभवतः अभी भी पाकिस्तान में हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### शेख हसीना के खिलाफ नया गिरफ्तारी वारंट



**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनकी बेटी साइमा वाजिद पुतुल और 17 अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक मामले में बृहस्पतिवार को नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इन पर धोखाधड़ी के जरिये आवासीय भूखंड हासिल करने का आरोप है। ढाका मेट्रोपॉलिटन वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन गालिब ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) द्वारा दाखिल आरोपपत्र को स्वीकार कर लिया।

### आंबेडकर जयंती : हिमाचल सीएम को आतंकी धमकी

**शिमला।** प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को चेतावनी जारी कर राज्य में 14 अप्रैल को बी.आर. आंबेडकर की जयंती से संबंधित सभी कार्यक्रम रोकने के लिए कहा है। मीडिया के साथ साझा किए गए पत्र में एसएफजे ने 14 अप्रैल को यहां राज्य की विधानसभा के निकट स्थित चौरा मैदान में आंबेडकर की प्रतिमा पर खालिस्तानी झंडा लहराने वाले को 11 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा भी की।

### यमन में अमेरिकी हमलों तीन हूती विद्रोही मरे

**दुबई।** यमन में अमेरिका के संदिग्ध हवाई हमलों में कम से कम तीन लोग मारे गए, जबकि इससे एक दिन पहले हुए हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने यह जानकारी दी है। इस बीच विद्रोहियों ने तस्वीरें जारी करके एक और अमेरिकी 'एमक्यू-9 रीपर ड्रोन' को मार गिराने का दावा किया। विद्रोहियों ने कहा कि होदेदा के अल-हवाक जिले में हुए हमलों में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य 15 लोग घायल हो गए।


## सरकारी टेलीकाम कंपनी के कवरेज मैप में नजर आई बड़ी गड़बड़ी

# बीएसएनएल ने किया जम्मू-कश्मीर के नक्शे से खिलवाड़! पाक-चीन में दिखाया इलाके

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकारी टेलिकॉम कंपनी बीएसएनएल (बीएसएनएल) ने अपना मोबाइल कवरेज मैप लाइव किया है। उसमें बड़ी गड़बड़ी देखने को मिली है। बीएसएनएल का कवरेज मैप भारत के अभिन्न अंग जम्मू-कश्मीर के नक्शे से खिलवाड़ कर रहा है। नक्शे में पाक अधिकृत कश्मीर और अक्साई चीन के इलाके को पूरी तरह से चीन और पाकिस्तान में दिखाया गया है। गिलगित-बालटिस्तान का एरिया जिस पर पाक ने जबरन कब्जा किया है, बीएसएनएल का कवरेज मैप उसे पाकिस्तान के क्षेत्र में दिखाता है। https://bsnl.co.in/coveragemap यूआरएल पर दिख रहे मैप में अक्साई चीन का इलाका चीन के अधिकार क्षेत्र को दिखा रहा है, जो लद्दाख के नक्शे से खिलवाड़ करता है। दरअसल, टेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सभी टेलिकॉम ऑपरेटर्स को आदेश दिया था और कहा था कि वह अपना कवरेज मैप लाइव करें। यह आदेश जियो, एयरटेल, वीआई पर भी लागू था। इन कंपनियों ने 31 मार्च से पहले अपना कवरेज एरिया मैप लाइव कर दिया था। सबसे आखिर में बीएसएनएल का मैप लाइव हुआ, जिसमें गड़बड़ी देखने को मिल रही है।




### जियो, एयरटेल के कवरेज मैप एकदम सटीक

बीएसएनएल का कवरेज एरिया मैप देखने के बाद हमने जियो, एयरटेल का कवरेज एरिया मैप भी चेक किया। **https://www.jio.com/selfcare/coverage-map/** और **https://www.airtel.in/wirelesscoverage/** के मैप एकदम सटीके मिले। उनमें पूरा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग के तौर पर दिखाई दे रहा है। ऐसे में बीएसएनएल की ओर से ऐसी गलती का होना चिंता की बात है।

### पूरी तरह से काम भी नहीं कर रहा मैप

एक्सपर्ट ने बताया, ऐसा लगता है कि बीएसएनएल ने कवरेज एरिया मैप को आनन-फानन में रिलीज किया है। हमने इसे इस्तेमाल किया तो यह अच्छी तरह से काम भी नहीं कर रहा है। ऐसा लगता है कि आने वाले दिनों में इसे बेहतर किया जाएगा, लेकिन जम्मू-कश्मीर की इंटरनेशनल बाउंड्री लाइन को गलत दर्शाना किसी भी स्तर पर ठीक नहीं कहा जाएगा।

**लोगों को क्या फायदा होगा मैप से :** बहुत से लोग बीएसएनएल में स्विच करना चाहते हैं, क्योंकि सरकारी कंपनी के रिचार्ज प्लान, जियो, एयरटेल और वीआई के मुकाबले सस्ते हैं। नया मैप जारी होने से लोगों को यह जानने में मदद मिलेगी कि उनके एरिया में बीएसएनएल का कौन सा नेटवर्क काम कर रहा है। फलिहाल मैप में 2जी, 3जी और 4जी कवरेज एरिया की जानकारी ली जा सकती है।

### 5जी नेटवर्क पर काम कर रही कंपनी

बीएसएनएल इस साल अपना 5जी नेटवर्क शुरू कर सकती है। कहा जा रहा है कि यह जून तक शुरू हो सकता है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी इसको लेकर सकारात्मक संकेत दिए हैं। अगर बीएसएनएल 5जी का रोलआउट तेजी से हो गया है तो इससे निजी टेलिकॉम ऑपरेटर्स को तगड़ी चुनौती मिलेगी, क्योंकि कंपनी सस्ते रिचार्ज प्लान्स की पेशकश करती है।

### अक्साई चीन को लेकर चल रहा है विवाद

अक्साई चीन पर विवाद, भारत और चीन के बीच सीमा को लेकर चल रहा विवाद है। इस विवाद का कारण है कि दोनों देशों के बीच सीमा को परिभाषित करने वाले प्रमुख वाटरशेड पर असहमति है। भारत का दावा है कि अक्साई चीन, जम्मू-कश्मीर का हिस्सा है। चीन का दावा है कि अक्साई चीन पहले से ही चीनी अधिकार क्षेत्र में था। चीन ने इस क्षेत्र के ज़रिए तिब्बत को झिंजियांग से जोड़ने की कोशिश की थी। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के संरेखण को लेकर दोनों देशों की धारणा अलग है।

# 80 हजार से ज्यादा लोग बने जम्मू-कश्मीर के स्थायी निवासी

## न्यू डोमिसाइल रूल जेके सरकार ने दी बड़ी जानकारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केंद्र सरकार लगातार दावा कर रही है कि अनुच्छेद 370 और 35 ए की समाप्ति की बाद जम्मू-कश्मीर में बदलाव हो रहे हैं। इस बीच जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा एक नई जानकारी दी गई है। सरकार ने बताया है कि पिछले दो सालों में 83 हजार से अधिक लोगों को राज्य का स्थायी निवासी बनाया गया है। ये नागरिक इससे पहले जम्मू कश्मीर के स्थायी निवासी नहीं थे। जम्मू-कश्मीर विधानसभा सत्र के दौरान पीडीपी विधायक वहीद उर रहमान पारा के पूछे गए सवाल के दौरान राजस्व विभाग की ओर से बताया गया कि पिछले दो वर्षों में कुल 35,12,184 लोगों का निवास प्रमाण पत्र जारी किया गया है, जिसमें से 83,742 ऐसे लोग है जो पहले राज्य स्थायी निवासी के रुप में योग्य नहीं थे। यानी कि विशेष राज्य की वजह से उन लोगों को नागरिकता नहीं मिल पा रही थी।

### 1954 के बाद नहीं दी गई थी नागरिकता

राजस्व विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, राज्य विषय शब्द का तात्पर्य जम्मू कश्मीर के स्थायी निवासियों से है। यानी जम्मू-कश्मीर संविधान में इसके बारे में बताया गया था जो अब राज्य में लागू नहीं होती। पूर्ववर्ती नियम के अनुसार, भारत का नागरिक इन शर्तों के तहत ही तत्कालीन राज्य का स्थायी निवासी था। पहला यदि कोई 14 मई 1954 से पहले राज्य में कानूनी रूप से अचल संपत्ति अर्जित की थी और साथ ही उस तारीख से कम से कम 10 साल तक राज्य में सामान्य तरीके से रह रहा हो। या फिर वे लोग जो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के रहने वाले थे। लेकिन राज्य विधानमंडल द्वारा बनाए गए कानून के तहत पुनर्वास के लिए परमिट के तहत वापस भारत के कश्मीर आ गए थे।

## पंजाब के तरनतारन की घटना, दो पुलिसकर्मी भी घायल

# झगड़ा सुलझाने गए एसआई की गोली मारकर हत्या

एजेंसी ▶▶| तरनतारन



पंजाब में तरनतारन के कोट मोहम्मद खान गांव में दो पक्षों के बीच विवाद सुलझाने गए सब इंस्पेक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हमले में पंजाब पुलिस के दो पुलिसकर्मी घायल भी हुए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार श्री गोइंदवाल साहिब थाने के अंतर्गत गांव कोट मोहम्मद खान में पिछले कुछ दिनों से दो पक्षों में विवाद चल रहा था। झड़प की शिकायत मिलने पर श्री गोइंदवाल साहिब थाने के सब-इंस्पेक्टर चरणजीत सिंह पुलिस पार्टी के साथ गांव कोट मोहम्मद खान पहुंचे। दोनों पक्षों के बीच चल रहे विवाद को शांत करने की कोशिश करते समय कुछ लोगों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इस बीच, सब-इंस्पेक्टर चरणजीत सिंह गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। जब पुलिस दल ने हमलावरों को गोलीबारी करने से रोकने की कोशिश की तो कुछ पुलिसकर्मियों पर भी हमला किया गया। इस दौरान वह घायल हो गए।

### अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

गंभीर रूप से घायल सब-इंस्पेक्टर चरणजीत सिंह को जब तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। देर रात इस घटना की जानकारी मिलने पर डीआईजी फिरोजपुर रेंज के एसएसपी हरमन बीर सिंह गिल भी मौके पर पहुंचे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं, विपक्ष ने इस घटना को लेकर सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। शिरोमणी अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी के सरपंच ने पुलिस की मौजूदगी में सब इंस्पेक्टर की हत्या कर दी।

## मार्केट कैपिटलाइजेशन के हिसाब से कुछ देर के लिए हासिल हुई उपलब्धि

# देश की इंडिगो बनी दुनिया की सबसे वैल्यूएबल एयरलाइन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो (इंडिगो) मार्केट कैपिटलाइजेशन के हिसाब से बुधवार को दुनिया की सबसे वैल्यूएबल एयरलाइन बन गई। हालांकि कुछ ही देर बाद वह वापस दूसरे नंबर पर पहुंच गई। ब्लूमबर्ग के अनुसार, इंडिगो ने अमेरिका की डेल्टा एयरलाइन्स को पछाड़कर यह मुकाम हासिल किया। करीब एक घंटे तक वह दुनिया की सबसे वैल्यूएबल एयरलाइन रही, फिर इंडिगो दूसरी सबसे वैल्यूएबल एयरलाइन की पोजिशन पर वापस आ गई।




### इस वजह से बढ़ मार्केट कैप

दरअसल, इंडिगो का शेयर बुधवार को 52 वीक के हाई पर पहुंच गया। इस वजह से कंपनी का मार्केट कैप 2.01 लाख करोड़ रुपये या 23.24 बिलियन डॉलर हो गया। जबकि डेल्टा का मार्केट कैप 23.18 बिलियन डॉलर रहा। इस तरह भारत की इंडिगो दुनिया की सबसे मूल्यवान एयरलाइन बन गई। हालांकि, मार्केट बंद होते-होते इंडिगो के शेयर की मजबूती में कुछ कमी आई और उसका मार्केट कैप 23.16 अरब डॉलर पर आ गया। इस तरह, डेल्टा फिर नंबर 1 वैल्यूएबल एयरलाइन बन गई।

### इसलिए है बड़ी उपलब्धि

इंडिगो के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। कंपनी ने अगस्त 2006 में कॉमर्शियल ऑपरेशंस शुरू किया था। जबकि अमेरिका की डेल्टा 1925 से उड़ान भर रही है। यहां गौर करने वाली बात यह कि करीब छह साल पहले डेल्टा का मार्केट कैप 36.67 अरब डॉलर था और इंडिगो का 7.72 अरब डॉलर। आज इसमें खास अंतर नहीं रह गया है। इंडिगो मार्केट शेयर के लिहाज भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन है। भारतीय आकाश पर उसका ही कब्जा है।

# इसरो के पूर्व अधिकारी को शिरडी में बनना पड़ा भिखारी

## पुलिस ने पकड़ा तो चौंकाने वाला खुलासा

एजेंसी ▶▶| पुणे/शिरडी



महाराष्ट्र के अहित्यानगर में स्थित साईं बाबा मंदिर पूरे साल भक्तों से गुलजार रहता है। हजारों साईं भक्त अपनी मन्नत लेकर साईं बाबा दरबार में पहुंचते हैं। शिरडी में पुलिस द्वारा चलाए गए एक ऑपरेशन में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। स्थानीय पुलिस ने मंदिर के पास कुछ भिखारियों को भीख मांगते हुए पकड़ा तो इसमें एक इसरो के पूर्व अधिकारी भी शामिल निकले। जब इसरो के पूर्व अधिकारी ने अपना परिचय दिया तो पुलिसकर्मी भौचक्के रहे गए। उन्हें पकड़े गए शख्स की बात पर भरोसा नहीं हुआ। इसके बाद यह मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंचा। इसके बाद पुलिस ने अन्य खुद को पूर्व इसरो स्टॉफ बताने वाले शख्स को दूसरे स्टॉफ से अलग किया।

**मजबूरी में मांगना पड़ा पैसा :** शिरडी पुलिस के अनुसार भिखारियों के खिलाफ ऑपरेशन में काफी लोगों को हिरासत में लिया गया था। इन्हीं में शामिल एक शख्स ने खुद का नाम के एस नारायणन बताते हुए अपने परिचय में खुद को पूर्व इसरो स्टॉफ बताया। वह 1988 में इसरो अधिकारी बने थे।

### बयान दर्ज करने के बाद छोड़ा

नारायण ने पुलिस को बताया कि पीएसएलवी, जीएसएवी और चंद्रयान मिशन के दौरान इसरो में थे। श्रीहरिकोटा के ए राजराजन उनके मित्र हैं। उनके बैंक खाते और अन्य जानकारियों की जांच की गई। नारायणन के दावों की शिरडी पुलिस ने पुष्टि की। शिरडी पुलिस ने बाद में इसरो के पूर्व वैज्ञानिक को छोड़ दिया।



पूछताछ के लिए कॉल करें 1800 102 1800 | या जाएँ यहाँ www.marutisuzukitruevalue.com
*नियम और शर्तें लागू। Verified Car History और Warranty केवल True Value प्रमाणित कारों पर लागू। नि:शुल्क सेवा केवल श्रम शुल्क पर लागू है। वाहन पर काला शीशा प्रकाश प्रभाव के कारण होता है।
**RAIPUR: AVANTI VIHAR:** SKY AUTOMOBILES: 9584333066, 9584465304 | **MAHOBA BAZAR, G.E. ROAD:** SKY AUTOMOBILE: 9584433005, 9584465304 | **SPARSH AUTOMOBILES:** 9926003332 | **BHILAI: POWER HOUSE, G.E. ROAD:** SPARSH AUTOMOBILES: 7987196900 | **DURG BYPASS:** CHOUHAN AUTOMOBILES: 7222910050, 7222910057, 7222910042 | **DURG: PULGAON CHOWK:** SPARSH AUTOMOBILES: 9926761100| **JAGDALPUR:** SKY AUTOMOBILES: 8889998607, 9584465304 | **BHATAGAON:** HDN MOTORS: 7909800009. **SARONA:** VISHWABHARTI AUTOMOBILES: 6262620018 | **DUMERTARAI, DHAMTARI ROAD:** SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332, 9111011381.

## चिंतन

# मुंबई हमले के मास्टरमाइंड राणा का प्रत्यर्पण बड़ी जीत

मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को भारत लाया जाना आतंकवाद के खिलाफ सरकार की बड़ी कामयाबी है। 17 वर्ष पहले भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई पाकिस्तानी आतंकी हमले से दहल उठी थी। इस हमले की साजिश रचने में मुख्य भूमिका निभाने वाले आतंकी मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को लाने में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की अथक भूमिका रही, जिसमें अमेरिकी न्याय विभाग ने मदद की। यह भारत व अमेरिका के बीच मधुर संबंध के चलते भी संभव हो सका है। अमेरिकी न्याय प्रक्रिया इतनी पेचीदी है, जिसमें किसी आरोपित का प्रत्यर्पण कराना किसी टेढ़ी खीर से कम नहीं है। राणा द्वारा इस कदम को रोकने के लिए सभी कानूनी रास्ते आजमाने के बाद आखिरकार प्रत्यर्पण हो पाया। अपीलीय अदालत में कई मुकदमे दायर हुए। सबमें राणा को निराशा मिली। भारत ने पुख्ता सुबूत पेश किए थे। पाकिस्तान में जन्मे कनाडाई नागरिक राणा पर डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाउद गिलानी और नामित आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हरकत-उल-जिहादी इस्लामी (एचयूजेआई) के गुर्गों के साथ-साथ अन्य पाकिस्तान स्थित सह-षड्यंत्रकारियों के साथ मिलकर 2008 में मुंबई में विनाशकारी आतंकवादी हमलों को अंजाम देने की साजिश रचने का आरोप है। राणा का पाकिस्तान में 1961 में जन्म हुआ था और उसने पाकिस्तान आर्मी मेडिकल कोर में सेवाएं दी थीं और इसके बाद वह 1990 के दशक में कनाडा चला गया, जहां उसे नागरिकता दी गई। भारत सरकार द्वारा गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत एलईटी और एचयूजेआई दोनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है। राणा के प्रत्यर्पण के जरिये भारत ने पाकिस्तान समेत अन्य षड्यंत्रकारियों को दो टूक संदेश दिया है कि भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधि को अंजाम देकर कोई बच नहीं सकता है। न दुनिया के किसी देश में छुपा रह सकता है। देर सबेर भारत के खिलाफ आतंकवाद करने वाले सभी गुनहगारों को भारतीय कानून के कटघरे में आना ही होगा। भारत आतंकवाद के खिलाफ सख्त है और अपनी सॉफ्ट स्टेट की छवि से बाहर आ गया है। मुंबई में हुए 26/11 के आतंकवादी हमलों के पाकिस्तान में छिपे अन्य साजिशकर्ताओं को भी बेनकाब करने की जरूरत है। राणा को लेकर पाकिस्तान ने बेशक पल्ला झाड़ा हो कि वह कनाडाई नागरिक है, उससे उसका कुछ लेना देना नहीं है, जबकि भारत सबूत दे चुका है कि मुंबई आतंकी हमले में पाकिस्तान एस्टाब्लिशमेंट शामिल था, उसके आतंकी शामिल थे, कसाब पाक नागरिक था। आतंकी कसाब को मुंबई की एक अदालत ने मुंबई हमलों में उसकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया और 2012 में उसे फांसी दे दी गई थी। पाकिस्तान भारत में आतंकवाद के आरोपियों को कितना भी बचाने की कोशिश करे, भारत बख्शने वाला नहीं है। भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कायम रहेगा। राणा को न्याय का सामना करने के लिए भारत लाए जाने से भारत में आतंकवाद के अंत की यात्रा आगे बढ़ी है। वर्ष 2008 में 26 नवंबर को मुंबई में हुआ आतंकी हमला हमारे देश के लिए एक भयावह घटना थी, जिसमें 166 लोगों की मौत हो गई थी। राणा से भारत में पूछताछ में यह बात सामने आएगी कि हेडली ने उसे क्या बताया था। उस साजिश से जुड़े हर व्यक्ति को न्यायिक प्रक्रिया का सामना करना ही होगा। भारत में आतंक के गुनहगारों को मृत्युदंड जैसी कठोर सजा मिलनी ही चाहिए। देश में इस पर राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण है।



मुद्रा योजना 10 वर्ष
सतीश सिंह

# मुद्रा लोन से युवा हुए आत्मनिर्भर

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना 10 वर्षों में यह योजना सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव लाने में सफल रही है। वित्तीय समावेशन के सपने को साकार करने, रोजगार सृजन, लोगों को आत्मनिर्भर बनाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और देश में समावेशी विकास सुनिश्चित करने में भी इसने अहम भूमिका निभाई है। इसके तहत 52 करोड़ से अधिक ऋण खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें से 40 करोड़ खाते शिशु श्रेणी के हैं, 10 करोड़ खाते किशोर श्रेणी के हैं, जबकि 2% या 2 करोड़ खाते तरुण एवं तरुण प्लस श्रेणी के हैं। इस योजना की मदद से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक में वित्त वर्ष 2024 के दौरान एमएसएमई क्षेत्र में 27 .25 लाख करोड़ रुपये की क्रेडिट वृद्धि हुई।**

आठ अप्रैल 2025 को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 वर्ष पूरे हो गए। इन 10 वर्षों में यह योजना सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव लाने में सफल रही है। वित्तीय समावेशन के सपने को साकार करने, रोजगार सृजन, लोगों को आत्मनिर्भर बनाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और देश में समावेशी विकास सुनिश्चित करने में भी इसने अहम भूमिका निभाई है। इसके तहत अब तक 52 करोड़ से अधिक ऋण खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें से 78% या 40 करोड़ खाते शिशु श्रेणी के हैं, 20 प्रतिशत या 10 करोड़ खाते किशोर श्रेणी के हैं, जबकि 2% या 2 करोड़ खाते तरुण एवं तरुण प्लस श्रेणी के हैं।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 में देश में लगभग 136 करोड़ की आबादी थी, जिसमें से 15 से 29 साल के युवाओं की संख्या लगभग 37 करोड़ थी और अब तक 52 करोड़ से अधिक लोग मुद्रा ऋण की मदद से बैंक से जुड़े चुके हैं। दिलचस्प यह है कि शिशु श्रेणी की हिस्सेदारी 2016 में 93% थी, जो वित्त वर्ष 2025 के अंत तक घटकर 51.7% रह गई,जबकि किशोर श्रेणी की 2016 में हिस्सेदारी 5.9% थी, जो वित्त वर्ष 2025 के अंत तक बढ़कर 44.7% हो गई। ये आंकड़े बताते हैं कि विगत सालों में शिशु श्रेणी के प्रमोटरों के कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत दिये जाने वाले ऋण को 4 श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है। शिशु श्रेणी के तहत 50,000 रुपये तक ऋण दिया जाता है, जबकि किशोर श्रेणी के अंतर्गत 50,000 रुपए से 5 लाख रुपए तक का ऋण, तरुण श्रेणी के तहत 5 लाख से 10 लाख रुपये तक का ऋण और तरुण प्लस श्रेणी के अंतर्गत 10 लाख से 20 लाख रुपये तक ऋण दिया जाता है। तरुण प्लस के तहत उन्हीं ऋणियों को उधारी दी जाती है, जिन्होंने पहले लोन लिया था और उसे सफलतापूर्वक चुका दिया था।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत दिये जाने वाले ऋण की राशि को क्रेडिट गारंटी फंड फॉर माइक्रो यूनिट्स द्वारा गारंटी दी जाती है अर्थात अगर किसी भी वजह से ऋणी ऋण नहीं चुका पाता है तो कुछ शर्तों को पूरा करने पर यह संस्थान बकाये ऋण का भुगतान कर देती है, जिससे बैंक का वितीय बोझ नहीं बढ़ता है। विगत 10 सालों में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का दायरा काफी बढ़ा है। शुरुआत में मुद्रा लोन सिर्फ विनिर्माण, ट्रेडिंग, सेवा आदि क्षेत्रों के लिए ही दी जाती थी। बाद में इसके तहत कृषि और संबद्ध क्षेत्रों को भी शामिल किया गया। वित्त वर्ष 2018 से ट्रैक्टर और पावर टिलर खरीदने के लिए भी यह लोन दिया जाने लगा। वहीं, वित्त वर्ष 2019 से मोटरसाइकिल के वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए भी यह ऋण दिया जाने लगा। मुद्रा ऋण लेने में किसी को परेशानी नहीं हो, इस के लिए बैंक शाखाओं में हैंड-होल्डिंग की व्यवस्था की गई है, ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है, ऋण आवेदन पत्र का सरलीकरण किया गया है, सरकारी बैंकों में मुद्रा लोन की मोनीटरिंग हेतु नोडल ऑफिसर की पदस्थापना की गई है। मुद्रा योजना के तहत ऋण के वितरण की समय-समय पर सरकार द्वारा समीक्षा की जा रही है, किस्तों के भुगतान के दौरान शिशु श्रेणी के पात्र ऋणियों को दिए जाने वाले 2% के इंटरेस्टसवमेंशन



का विस्तार सभी श्रेणियों के लोन के लिए किया गया है आदि। इन प्रावधानों से मुद्रा ऋण लेने वाले लोगों की संख्या में निरंतर तेजी आ रही है। वर्ष 2025 में लोन का औसत टिकट साइज 1.02 लाख रुपये है, जो वित्त वर्ष 2023 में 72,000 रुपये और वर्ष 2016 में 38,000 रुपये था। अपने आगाज के पहले 3 वर्षों में इस योजना के तहत दी गई उधारी की वृद्धि दर 33% थी, जिसमें कोरोना काल में गिरावट दर्ज की गई, लेकिन फिर से वित्त वर्ष 2023 में इसमें 36% की वृद्धि देखी गई। इस तरह, आमजन को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह योजना लगातार काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना समावेशी विकास को बढ़ाने में भी महती भूमिका निभा रहा है,क्योंकि 52 करोड़ लोगों में से आधे अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग से हैं। इतना ही नहीं, 68% लाभार्थी महिलाएं हैं और 11% लाभार्थी अल्पसंख्यक वर्ग से आते हैं। ये आंकड़े कहते हैं कि इस योजना की सहायता से समाज में आर्थिक समानता आ रही है। साथ ही इससे देश के विकास में सभी वर्गों की हिस्सेदारी सुनिश्चित हो रही है। इस योजना के सन्दर्भ में यदि राज्यवार महिला उद्यमियों की बात करें तो सबसे अधिक 4.2 करोड़ महिलाएं बिहार से हैं, जबकि तमिलनाडु में महिलाओं की संख्या 4 करोड़ और पश्चिम बंगाल में 3.7 करोड़ है। सबसे अधिक महिला खाताधारक यानी 79% महाराष्ट्र से हैं, जबकि 75% के साथ झारखंड दूसरे स्थान पर है और 73% के साथ पश्चिम बंगाल तीसरे स्थान पर काबिज है। यह भी दिलचस्प है कि विगत 9 वर्षों में प्रति महिला ऋणी को दी गई उधारी की राशि 62,679 रुपये से बढ़कर 95,269 रुपये हो गई है, जो बताता है कि सशक्त और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महिलाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उदयम पोर्टल में पंजीकृत उद्यमियों के विश्लेषण से पता चलता है कि कुल पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) में महिलाओं की संख्या 20.5% है, जबकि रोजगार सृजन में महिलाओं की हिस्सेदारी 18.73% है। महिला उद्यमी के अगुआई में सबसे अधिक 15.7% रोजगार सृजन तमिलनाडू में हुआ है, जबकि महाराष्ट्र में 12.1% एवं कर्नाटक और उत्तरप्रदेश में 8% रोजगार सृजित हुआ है।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना राज्यों के बीच समानता लाने का भी काम कर रही है। इस योजना की मदद से हाल में पिछड़े राज्यों में ज्यादा लोग बैंक से जुड़े हैं और वहाँ ज्यादा ऋण वितरित किया गया है, जिससे वहां के लोग आत्मनिर्भर हुए हैं और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आई है। उदाहरण के तौर पर बिहार में ऋण वितरण 5.67% से बढ़कर 10.97% हो गया है, जबकि उत्तरप्रदेश में ऋण वितरण 9.27% से बढ़कर 11.30% हो गया है और ओड़िसा में यह 4.24% से बढ़कर 4.51% हो गया है। मुद्रा लोन के तहत विकसित राज्य गुजरात में विगत 5 सालों यानी वित्त वर्ष 2020-21 से नवंबर 2024 तक के बीच कुल 70,051 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत हुए और विगत 4 वर्षों में ऋण वितरण में 74% की वृद्धि हुई है। इस योजना के तहत गुजरात में नवंबर 2024 तक 1.95 करोड़ मुद्रा ऋण के खाते खोले गए हैं, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 के नवंबर महीने तक इस योजना के तहत 80.5 लाख खाते खोले गए थे। इस योजना की मदद से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) में वित्त वर्ष 2024 के दौरान एमएसएमई क्षेत्र में 27.25 लाख करोड़ रुपये की क्रेडिट वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2025 में इसके बढ़कर 30 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। ऐसे में यह कहना समीचीन होगा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने बीते 10 सालों में वितीय समावेशन के सपने को साकार करने, महिलाओं को सशक्त बनाने, समावेशी विकास के सपने को सच करने, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, वंचित तबके को मुख्यधारा में लाने, डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने आदि में महती भूमिका निभाई है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## प्रौद्योगिकी

डॉ. मोनिका शर्मा




# तकनीकी तरक्की की सकारात्मक स्थितियां

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने अग्रणी प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तत्परता के मामले में दुनियाभर के देशों की रैंकिंग जारी की है। समय के साथ विस्तार पाते तकनीकी जुड़ाव के मानस और प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की सहजता के सकारात्मक विस्तार को सामने रखती इस सूची में भारत को शीर्ष देशों में स्थान मिला है। यूएन की यह ताज़ा रिपोर्ट बताती है कि ब्राजील, चीन, भारत और फिलीपींस ने तकनीक के लिए तत्परता दिखाने में शानदार प्रदर्शन किया है। ज्ञात हो कि प्रौद्योगिकी और नवाचार रिपोर्ट-2025 की यह रैंकिंग संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (यूएनसीटीएडी) द्वारा जारी की गई है। ध्यातव्य है कि वैश्विक स्तर पर की गई रैंकिंग से जुड़ी फेहरिस्त में 170 देशों को शामिल किया गया था। इनमें भारत 36वें स्थान पर है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट कहती है कि हमारे देश की रैंकिंग में पिछले वर्षों की तुलना में सुधार हुआ है। तकनीकी विकास की धुरी पर दौड़ते वैश्विक परिवेश में नई और महत्वपूर्ण तकनीकों को अपनाने में तत्परता दिखाने का यह पहलू सचमुच अहम है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास की इस रिपोर्ट में भी कहा गया है कि विकासशील देशों को तेजी से बदल रही तकनीक और एआई के लिए तैयार रहने की आवश्यक है। डिजिटल इंडिया की मुहिम से लेकर आमजन के झुकाव तक, भारत में प्रौद्योगिकी और नवाचार को लेकर सकारात्मक परिवेश स्पष्ट दिखता है। दूरदराज़ के गांवों में खेती किसानी में ड्रोन के इस्तेमाल हो रहा है। बीते दिनों महाकुम्भ के आयोजन में तकनीक के उपयोग को पूरी दुनिया ने देखा है। कमोबेश हर क्षेत्र ने तकनीक से मिली सुविधाओं और बदलावों को जीवन का हिस्सा बनाया जा रहा है। स्पष्ट है कि भारत ने इस मोर्चे पर तरक्की की है। असल में इस रैंकिंग में जिन संकेतकों को आधार बनाकर यह रैंकिंग तय की गई है, उन क्षेत्रों में तो भारत ने विशेष उन्नति की है । इनमें आईसीटी परिनियोजन यानी वैश्विक स्तर पर सूचना साझा करने के लिए इंटरनेट, वायरलेस नेटवर्क एवं मीडिया एप्लिकेशन जैसे डिजिटल उपकरणों और संचार तकनीकों के इस्तेमाल, स्किल, रिसर्च एंड डेवलपमेंट एवं विकास गतिविधियां, औद्योगिक क्षमता और वित्तीय क्षेत्र तक शामिल हैं। ध्यातव्य है कि वर्ष 2022 की इस रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग 48वीं थी। इस वर्ष हमारा देश 36वें स्थान पर है। रेखांकित करने योग्य पहलू यह है कि आईसीटी के मामले में भारत की रैंकिंग 99वीं और वित्त के मामले में 70वीं है। स्किल के मामले में हमारा देश 113वें स्थान पर हैं। वहीं रिसर्च एंड डेवलपमेंट में भारत को तीसरा और औद्योगिक क्षमता के मामले में दसवां स्थान मिला है। साथ ही एआई तकनीक के मामले में भारत को बेहतर काम करने वाला देश माना गया है। 2020 में महिलाओं में डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश में 'वी थिंक डिजिटल' नाम के कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। फेसबुक, राष्ट्रीय महिला आयोग और साइबर पीस फाउंडेशन के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को संचालित किया गया था। इसके अंतर्गत सात राज्यों में 1 लाख महिलाओं को डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण दिए जाने की योजना थी। ऐसी बहुत सी योजनाओं और कार्यक्रमों के चलते आज तकनीक के क्षेत्र में महिलाओं का भी महत्वपूर्ण दखल है। नेशनल सेंटर फॉर वूमेन एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की बीते साल की रिपोर्ट कहती है कि मौजूदा समय में टेक उद्योग के कार्यबल में महिलाओं की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। साथ ही पिछले पांच वर्षों में तकनीक की दुनिया में महिलाओं की संख्या में 5 फीसदी की बढ़ोतरी भी हुई है। वर्ष 2022 की हुरून इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक निजी क्षेत्र की नामी-गिरामी 500 तकनीकी कंपनियों में 11.6 लाख महिलाएं कार्यरत हैं। साथ ही हमारे यहां 'स्टेम' शिक्षा में भी बेटियों को बढ़ावा भी दिया जा रहा है। 'स्टेम' का अर्थ साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स विषयों से है। आंकड़े बताते हैं कि 1980 में देश में इंजीनियरिंग की सभी डिग्रियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 2 प्रतिशत से भी कम की थी। ऐसे में तकनीकी संसार में बढ़ते महिला श्रमबल ने स्त्रियों के लिए नए मार्ग खोले हैं। विचारणीय है कि बड़ी आबादी और परम्परागत परिवेश वाले हमारे देश में बदलाव की यह दिशा यकीनन सराहनीय है। आम जीवन में भी तकनीकी सुविधाओं से मिली सहजता स्पष्ट दिखती है। हालांकि इस मामले में भारत को लंबा रास्ता तय करना है। एआई यानि आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस में निवेश के मामले में अमेरिका सबसे आगे है। विकासशील देशों में चीन दूसरे और भारत 10वें स्थान पर है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता



संकलित

## दर्शन

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।

# सुख-दुख आते-जाते रहेंगे पर भक्ति न छोड़ें



संकलित

## प्रेरणा

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

## महावीर जयंती



जबलपुर में गुरुवार को महावीर जयंती के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभायात्रा में जैन श्रद्धालु शामिल हुए।

## आज की पाती

### ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफार्म से उठता विश्वास

पिछले दिनों ग्रेटर नोएडा की एक शुद्ध शाकाहारी युवती का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा था, जिसके द्वारा उसने अपने साथ घटित हुई एक गंभीर घटना का वर्णन करते हुए बताया कि नवरात्री के दौरान एक रेस्टोरेंट से स्विगी ऐप के माध्यम से वेज बिरयानी ऑर्डर किया था, लेकिन डिलीवरी के बाद उसे यह जानकर गहरा आघात लगा कि उसके पास जो बिरयानी पहुंची है, वह वेज नहीं बल्कि नॉनवेज थी। युवती ने रोते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जो उसकी आस्था और भावनाओं पर हुए आघात को दर्शाता है। यद्यपि युवती की शिकायत पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। प्रशासन की ओर से रेस्टोरेंट व फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। *– रीमा शर्मा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### हिंदुओं को अधिकार



1500 साल पुराने मंदिरों पर भी अगर वक्फ दावा करता है, तो क्या हिंदुओं को इतना भी अधिकार नहीं है कि वे अपना पक्ष रख सकें? नए वक्फ कानून में यह अधिकार देने का काम किया गया है।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### महावीर जयंती की बधाई



भगवान महावीर की पावन जयंती की सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं! संपूर्ण विश्व को सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह और करुणा का मार्ग दिखाने वाले भगवान महावीर जी की शिक्षाएं समूची मानवता के लिए पाथेय हैं।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### कांग्रेस का रवैया छलावापूर्ण



कांग्रेस पार्टी के अहमदाबाद अधिवेशन में ख़ासकर भाजपा के 'छद्म राष्ट्रवाद' व दलित एवं पिछड़े बहुजन-हित को लेकर प्रस्ताव छलावा व अविश्वसनीयता से ग्रस्त। इन वर्गों के आरक्षण व अन्य कल्याणकारी संवैधानिक गारंटियों को लागू करने में कांग्रेस का रवैया हमेशा छलावापूर्ण।
**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### जियो और जीने दो




आज जब देश और दुनियाभर में हिंसक सोच को बढ़ावा देने वाले नकारात्मक तत्व सक्रिय हैं, ऐसे में भगवान महावीर स्वामी जी का 'जियो और जीने दो' का सिद्धांत सबके लिए संजीवनी बन सकता है।
**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

## करंट अफेयर

# पोप फ्रांसिस से मिले महाराजा चार्ल्स और महारानी कैमिला


ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला ने बुधवार को वेटिकन में पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। यह भेंट शाही जोड़े की इटली यात्रा और उनके विवाह की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर हुई। पोप 'निमोनिया' के संक्रमण की वजह से गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। संक्रमण से उबरने के बाद यह उनकी पहली निजी भेंट थी। वेटिकन के अनुसार, पोप ने महाराजा चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला को विवाह की वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं। चार्ल्स और कैमिला ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बर्मिंघम पैलेस ने एक बयान में कहा 'महामहिम इस बात से बहुत प्रसन्न हैं कि उन्हें पोप से व्यक्तिगत रूप से शुभकामनाएं प्राप्त करने का अवसर मिला।' इससे पहले, बुधवार को चार्ल्स ने इटली की संसद को संबोधित किया और यूरोप में युद्ध के समय साझा मूल्यों की रक्षा के लिए ब्रिटेन और इटली के बीच मजबूत संबंधों की आवश्यकता पर बल दिया। अपने संबोधन में उन्होंने यूक्रेन को समर्थन देने, नाटो में सहयोग करने का उल्लेख किया। महाराजा चार्ल्स ने जलवायु परिवर्तन पर भी अपनी बात रखी और आगाह करते हुए कहा कि वह 16 वर्ष पहले दिए गए अपने ही भाषण की चेतावनियों को आज सच होता देख रहे हैं।



## ऑफ बीट

# महासागर पहले कभी हरे रंग के हुआ करते थे

महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन 'नेचर पत्रिका' में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे। प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से 'बैंडेड आयरन' संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के 'चट्टानी जमाव' के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था। 'बैंडेड आयरन' संरचना का जमाव आर्कियन और पैलियोप्रोटेरोजोइक युग में लगभग 3 .8 से 1 .8 अरब साल पहले हुआ था। उस समय जीवन महासागरों में एक कोशिका वाले जीवों तक ही सीमित था। महाद्वीप ग्रे, भूरे और काले रंग की चट्टानों और जमा तलछटों का एक बंजर परिदृश्य था। महाद्वीपीय चट्टानों पर गिरने वाली बारिश की बूंदों से उसमें विद्यमान लोहा घुलकर नदियों के जरिये महासागरों में पहुंच गया। लोहे के अन्य स्रोत समुद्र तल पर ज्वालामुखी थे। यह लोहा (आयरन) बाद में महत्वपूर्ण हो गया होगा।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

विशेषः अंबेडकर जयंती, 14 अप्रैल

# डॉ. भीमराव अंबेडकर देश-समाज को दी नई दिशा

प्रेरणास्रोत
अलका जैन 'आराधना'

बच्चो, भारत के संविधान निर्माता और देश के पहले कानून मंत्री डॉ. भीमराव अंबेडकर का शुरुआती जीवन बहुत ही संघर्षपूर्ण था। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से कस्बे महू में हुआ था। उनका परिवार ऐसी जाति से संबंधित था, जिसे उस समय समाज में अछूत माना जाता था। इस सामाजिक भेद-भाव का अनुभव उन्होंने अपने बचपन से लेकर युवावस्था तक कई बार किया।



**जब नहीं पीने दिया गया पानीः** बचपन में जब भीमराव स्कूल में पढ़ते थे, एक बार उन्हें प्यास लगी। जब वे स्कूल में रखी पानी की हांडी से पानी पीने लगे तो वहां के अध्यापक ने उन्हें डांटते हुए कहा, 'तुम इस हांडी का पानी नहीं पी सकते, ये तुम्हारी जाति वालों के लिए नहीं है।' भीमराव शांत खड़े रहे। इस घटना से वे बहुत दुःखी हुए। उन्होंने इस प्रकार के भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने का दृढ़ संकल्प लिया, 'एक दिन मैं ऐसा समाज बनाऊंगा, जहां किसी को उसकी जाति के कारण पानी पीने से नहीं रोका जाएगा।'

बड़े होने के बाद भी भीमराव, बचपन में लिया गया अपना संकल्प नहीं भूले। उन्होंने 1927 में महाड़ नाम के स्थान पर एक आंदोलन शुरू किया। वहां एक तालाब था, जो सिर्फ ऊंची जाति वाले लोगों के लिए खुला था। अंबेडकर ने उन दिनों मानी जाने वाली निम्न जाति के अपने हजारों साथियों के साथ जाकर उस तालाब से पानी पिया। उन्होंने समाज को संदेश दिया-'पानी सबका है, इज्जत सबकी है।' इस आंदोलन ने पूरे देश में उन्हें प्रसिद्ध कर दिया।

**संविधान में दिया समानता का अधिकारः** जब भारत आजाद हुआ तो देश को अच्छी तरह चलाने के लिए संविधान तैयार करने की जिम्मेदारी भीमराव आंबेडकर और कुछ अन्य विद्वानों को दी गई। उन्होंने ऐसा संविधान बनाया, जिसमें सभी नागरिकों को समान अधिकार मिले, चाहे वे किसी भी जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र के हों। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि शिक्षा, नौकरी और न्याय में पिछड़े वर्गों को आरक्षण मिले ताकि वे बराबरी से आगे बढ़ सकें। इस तरह उन्होंने हमारे देश और समाज को एक नई दिशा दिखाई।

**लें यह संकल्पः** बच्चो, बाबा साहब की जयंती पर हम यह संकल्प ले सकते हैं कि कभी भी किसी को उसकी जाति, धर्म या रंग के आधार पर उपेक्षा या अपमानित नहीं करेंगे। हम सबको बराबरी का दर्जा देंगे। यही बाबा साहब के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## दुनिया का काम

बच्चो, एक छोटी सी चित्रात्मक कहानी की किताब 'दुनिया का काम', कुछ समय पहले छपकर आई है। इसमें एक मक्खी, एक मुर्गा, एक कुत्ता और एक कौए की कहानी है। इन चारों को लगता है कि ये इंसान की अलग-अलग तरीके से मदद करते हैं। जैसे, मुर्गे को लगता है कि रोज सुबह उसके बांग देने से ही लोगों की नींद खुलती है, उन्हें सुबह होने का पता चलता है। इसी तरह कौए को लगता है कि जब वह किसी घर की मुंडेर पर बैठकर 'कांव-कांव' करता है, तभी उस घर के लोगों को पता चलता है कि कोई मेहमान आने वाला है। इतनी मदद करने के बावजूद इंसान उनकी मदद का महत्व नहीं समझते हैं। इससे नाराज होकर चारों अपना काम बंद कर देते हैं। फिर क्या होता है, जानने के लिए यह किताब तुम्हें पढ़नी होगी। *



**किताबः** दुनिया का काम, **लेखकः** अखिलेश श्रीवास्तव चमन, **मूल्यः** 150 रुपए, **प्रकाशकः** लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

रोचक / अभिव्यक्ति त्रिवेदी



# भारत के अजब-अनूठे गांव

बच्चो, भारत को गांवों का देश कहा जाता है। यहां करीब 6.65 लाख गांव हैं। इन गांवों की अपनी अलग-अलग खूबियां हैं, लेकिन कुछ गांव तो बहुत ज्यादा ही अनूठे हैं। यहां जाने पर ऐसे नजारे दिखते हैं, जिन्हें देखकर बहुत ज्यादा अचरज होता है। अपनी अनोखी विशेषताओं के कारण ये गांव, पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। जानो, किन विशेषताओं के कारण ये गांव अजब-अनूठे कहलाते हैं।

### मावलिननॉन्गः एशिया का सबसे स्वच्छ गांव

**मावलिननॉन्ग** नामक गांव, मेघालय राज्य में स्थित है। इस गांव का आकर्षण है-चमचमाती पक्की सड़कें, रोशनी से चकाचौंध गलियां। मावलिननॉन्ग में सफाई ऐसी रहती है कि दूर-दूर तक पेड़ों से गिरे पत्ते तक नजर नहीं आते हैं। कहते हैं कि एक समय मावलिननॉन्ग महामारियों की चपेट में आ गया था। यहां के लोगों ने अच्छे स्वास्थ्य और व्यवस्थित जीवन के लिए स्वच्छता का महत्व समझा। साफ-सफाई को अपनाकर अपनी किस्मत खुद बदली और अपने गांव को एक आदर्श गांव के रूप में स्थापित किया। यह गांव 2003 से लगातार एशिया महाद्वीप का सबसे 'स्वच्छ ग्राम' चुना जा रहा है। *




### जबूरः गुजरात में बसा 'मिनी अफ्रीका'


**भारत में** गुजरात के 'गिर' के जंगलों के बीच बसा है जबूर गांव। इसे 'गुजरात का अफ्रीका', 'भारत का अफ्रीका' या 'मिनी अफ्रीका' भी कहा जाता है। यहां एक खास आदिवासी जनजाति 'सिद्दी' निवास करती है, जो मूल रूप से अफ्रीका के बनतु समुदाय से संबंध रखती है। अफ्रीकी रीति-रिवाज की छाप छोड़ता यह गांव हमेशा से लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा है। गुजरात में 'गिर' जंगल को देखने आने वाले लोग जबूर गांव को देखना नहीं भूलते। *

### गुलावटः यहां होती है कमल के फूलों की खेती

**मध्य प्रदेश** के इंदौर शहर से करीब 20 किलोमीटर दूर स्थित है गुलावट गांव। इसे 'लोटस वैली' के नाम से भी जाना जाता है। यह गांव करीब 300 एकड़ क्षेत्र में फैला है। गांव के लगभग 300 किसान कमल के फूलों की खेती करते हैं। मई-जून में जब इस क्षेत्र में पानी नहीं होता है, तब कमल के बीज रोपे जाते हैं। यहां पैदा होने वाले कमल के फूल इंदौर के साथ दिल्ली और अन्य महानगरों में सप्लाई किए जाते हैं। 'लोटस वैली' इंदौर का एक बहुत ही प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बन चुका है। यहां धार्मिक स्थलों के दर्शन के अलावा घुड़सवारी, बोटिंग, साइकिलिंग, ओपन जीप में साइट व्यू जैसी एक्टिविटीज का मजा लिया जा सकता है। *



### डोंगः जहां सबसे पहले निकलता है सूरज



**डोंग गांव** को 'भारत का पहला सूर्योदय स्थल' कहा जाता है। यहां सुबह 3 से 4 बजे के बीच ही सूरज निकल आता है। यह गांव अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में स्थित है। यह गांव चीन और म्यांमार के बीच समुद्र तल से करीब 1240 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इस गांव में दिन-रात का चक्र, देश के बाकी राज्यों से कुछ अलग है। बच्चो, तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यहां शाम 4 बजे ही अंधेरा हो जाता है। सूर्योदय और सूर्यास्त की अपनी इन्हीं विशेषताओं के कारण देश-विदेश से पर्यटक इस गांव की सैर करने आते हैं। नए साल पर तो देश के विभिन्न स्थानों से लोग यहां सूरज की पहली किरण देखने आते हैं। *

विशेषः बैसाखी, 13 अप्रैल

# उमंग-उल्लास का त्योहार बैसाखी



पर्व
विनय कुमार पाठक

बच्चो, हमारे देश में अनेक त्योहार मनाए जाते हैं। कुछ त्योहार ऐसे हैं, जो पूरे देश में मनाए जाते हैं, तो कुछ त्योहार ऐसे हैं, जो किसी विशेष प्रांत में या कुछ प्रांतों में मनाए जाते हैं। कुछ पर्व अलग-अलग राज्य में अलग-अलग नाम से जाने जाते हैं, जिन्हें मनाने का तरीका भी थोड़ा अलग हो सकता है। ऐसा ही एक अनूठा पर्व है बैसाखी, जिसे मुख्य रूप से पंजाब और उसके आस-पास के इलाकों में मनाते हैं।

**फसल तैयार होने की खुशीः** बैसाखी पर्व, मुख्य रूप से फसल तैयार होने की खुशी को प्रकट करने से जुड़ा हुआ है। मार्च के अंत से लेकर अप्रैल माह में जब रबी की फसल (गेहूं, जौ, सरसों, चना आदि) तैयार हो जाती है तो किसान उसकी खुशी को प्रकट करने के लिए बैसाखी पर्व मनाते हैं।

**खालसा पंथ की हुई स्थापनाः** बैसाखी सिख धर्म के लोगों का बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार है। सिख धर्म में यह पर्व नए साल का प्रतीक भी माना जाता है। इसी दिन सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस अवसर पर गुरुद्वारों में विशेष पूजा की जाती है, जुलूस भी निकाला जाता है। लंगर का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें हर धर्म और वर्ग के लोगों को भोजन कराया जाता है। इस अवसर पर अपनी खुशी उमंग को प्रकट करने के लिए लोग पारंपरिक लोकनृत्य भांगड़ा और गिद्दा भी करते हैं। इसमें बच्चे भी बड़े उत्साह से हिस्सा लेते हैं।

**हिंदी महीने वैशाख से भी संबंधितः** तुम्हें हिंदी कैलेंडर के महीनों के नाम (चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आसाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, अग्रहण, पौष, मार्गशीर्ष, फाल्गुन) तो याद होंगे ही। इनके बारे में हम इसलिए बता रहे हैं, क्योंकि बैसाखी का संबंध हिंदी कैलेंडर के एक महीने वैशाख से भी संबंधित है। जिस तरह आम बोलचाल में ज्येष्ठ को जेठ, श्रावण को सावन, भाद्रपद को भादो और मार्गशीर्ष को माघ कहते हैं। उसी तरह वैशाख को बैसाख भी कहते हैं। बैसाख माह की पहली तिथि को मनाए जाने के कारण इस पर्व को बैसाखी नाम दिया गया है।

**हर प्रांत में अलग नामः** बैसाखी पर्व, पंजाब के साथ-साथ कई अन्य प्रांतों में भी मनाया जाता है। असम में इसे बीहू, बंगाल में पोइला बैसाख, तमिलनाडु में पुथंडु, केरल में विशु के नाम से मनाते हैं। असम में इसे रोंगाली विहु या वैशाख विहु के नाम से भी जानते हैं। जो नव वर्ष का पहला दिन होता है। इस पर्व को मनाने का उद्देश्य होता है, ईश्वर को अच्छी फसल देने के लिए धन्यवाद देना। *

पहेलियां / हर्ष रमेश

बच्चो, नीचे दी गई प्रत्येक पहेली में किसी शहर का नाम छिपा है। इनके नाम बताओ-

1. ऋषि है पर तप नहीं करता
केश लगाकर आगे बढ़ता।

2. कान है पर सुन नहीं सकता
पुर की पूंछ पकड़ कर रहता।

3. हाथ है पर करता नहीं काम
रस है पर पीता नहीं श्याम।

4. हरि है पर नहीं है देवता
द्वार पर ही हरदम रहता।

उत्तर: 1.ऋषिकेश, 2.कानपुर, 3.हाथरस, 4.हरिद्वार

# श्याम का गांव



श्याम बहुत ही खुशी-खुशी गांव से शहर इस इरादे से आया कि यहां वह बहुत ही अच्छे से पढ़ाई करेगा। लेकिन शहर में उसने जो देखा, उसका मन खिन्न हो गया। उसे अपना गांव बहुत ज्यादा याद आने लगा। श्याम का मन शहर में क्यों खिन्न हो गया? तो क्या वह वापस अपने गांव लौट गया?

कहानी
कल्लोल चक्रवर्ती

श्याम को शहर आए दूसरा दिन है। चाचा उसे आज चिड़ियाघर ले जाने वाले हैं, लेकिन वह खुश नहीं है। गांव से आते हुए वह शहर के बारे में सोचकर बहुत खुश हो रहा था कि यहां वह अच्छे से स्कूल में पढ़कर बड़ा आदमी बनेगा। लेकिन शहर आकर उसका सारा उत्साह खत्म हो गया। श्याम यही सोच रहा था, इससे अच्छा तो उसका गांव है। शहर में चारों ओर बहुत गंदगी है। बस एक छोटे से कमरे में पिता जी और चाचा रहते हैं। इसी कमरे में खाना भी बनता है। दरवाजा खोलते ही बदबू आती है। मां दरवाजा बंद करके रोटी बनाती है। आज सुबह पास के सुलभ शौचालय से लौटने के बाद से ही श्याम का मन घिना रहा है। ऐसी जगह रहने के लिए वह गांव छोड़कर नाहक ही आ गया। श्याम को रह-रह अपनी दादी की याद आ रही है। गांव में भूरी गाय उसके बिना रोटी नहीं खाती। रोटी के इंतजार में शायद वह अब भी उसका रास्ता देख रही होगी। श्याम का बस चलता, तो अभी गांव लौट जाता। उसे बहुत जोर से रोना आ गया।

श्याम को कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि वह अपने मन की बात किससे कहे? पिता जी से कहने की हिम्मत नहीं थी। मां बहुत देर से उसका चेहरा देख रही थी। क्या मां को पता चल गया कि उसका मन शहर में बिल्कुल नहीं लग रहा है, वह वापस जाना चाहता था? श्याम को याद आता है, शाम होते ही सारे दोस्त कभी तालाब के किनारे, तो कभी आम के बागान में खेलते हैं। यहां तो कोई दोस्त ही नहीं है। सुबह अपनी उम्र के एक लड़के से भेंट हुई। सोनू नाम था उसका। श्याम को लगा कि कम से कम खेलने के लिए एक साथी तो मिल गया। उसने उस लड़के से हंसकर कहा, 'यहां शहर में तुम कौन-कौन से खेल खेलते हो भाई?' सोनू ने उसे अजीब निगाहों से घूरा और बोला, 'मेरे पास खेलने का टाइम नहीं है। सुबह चार बजे उठकर दो मोहल्लों में अखबार बांटता हूं। पहले एक फैक्ट्री में काम करता था, लेकिन उम्र कम होने के कारण वहां से हटा दिया। अब नुक्कड़ के रामू चायवाले की दुकान पर काम करता हूं।'

श्याम उसका मुंह देखता रह गया। सोनू को जब पता चला कि श्याम शहर के स्कूल में पढ़ने के लिए गांव से आया है, तो उसे आश्चर्य हुआ। उसने श्याम को बताया, 'बस स्टैंड के पास वाले सरकारी स्कूल में मैंने कुछ दिन पढ़ाई की थी। मास्टर मारते बहुत थे। मां के बीमार होने के बाद मैंने पढ़ाई छोड़ दी।'

श्याम को देखकर आश्चर्य हुआ कि सड़क पर गायों का झुंड है। वे कूड़ों के ढेर में मुंह डाल रही थीं। उसे यह देखकर बुरा लगा। इतनी सारे गायें किसकी हैं? उसके गांव में गायें खूंटे से बंधी रहती हैं। श्याम सोचता है, 'गांव का भोलू कुत्ता यहां के कुत्तों से अच्छा है। खाना खाने के बाद जब भी वह आवाज लगाता है, भोलू उसके पास आकर पूंछ हिलाने लगता है। क्या भोलू भी उसे ढूंढ़ रहा होगा? सुबह मां गांव चली जाएगी, तो इस अंधेरे कमरे में उसे अकेले रहना पड़ेगा। कैसे रह पाएगा वह?' श्याम को यह सोचकर रोना आ रहा था। उसे पूरी रात नींद नहीं आई। उसे चिंता हुई, मां के बिना वह कैसे रह पाएगा? सुबह रोटी बनाते हुए मां ने श्याम को आवाज लगाई, 'उठ, तैयार हो जा।' पिता जी ने पूछा, 'क्यों तैयार होगा वह? मैं तुम्हें गांव छोड़कर कल आ जाऊंगा।' मां तुरंत बोली, 'मेरा बेटा यहां नहीं रह पाएगा। रात भर वह रोता रहा। गांव में ही वह पढ़ाई करेगा।' पिता जी कुछ देर मां की ओर देखते रहे। फिर धीरे-धीरे रोटी खाने लगे।

मां की बात पर श्याम को पहले विश्वास ही नहीं हुआ। मां ही तो उसे शहर में पढ़ाना चाहती थी। अब वही गांव लौटने के लिए कह रही है। मन ही मन खुश श्याम गांव जाने के लिए तैयार होने लगा। *

कविता / करुणा पांडे

## गूगल दादा


गूगल दादा गूगल दादा, उत्तर हमें बता दो।
कल परीक्षा है हमारी, पाठ याद करवा दो।।
प्रश्न का उत्तर दे सकता हूं, याद तुम्हें है करना।
मैं मशीन वाला दादा हूं, याद सदा ये रखना।।
तुम भी दादा वह भी दादा, क्या अंतर है भाई।
मेरे दादा-दादी ने कई, कविता याद कराई।।
दादा-दादी हैं इंसान, भाव संस्कार भरे हैं।
जितना फीड किया मशीन में, उतना काम करे है।।
गूगल दादा गूगल दादा, तुम से कट्टी कर लेंगे।
अपनी दादी नानी की, गोदी में सर रख पढ़ लेंगे।।



मैं मशीन हूं नेट से चलता, काम करूंगा प्यार नहीं।
इस दुनिया में प्यारे बच्चो, दादी मां सा दुलार नहीं।।
मां-पापा से यही प्रार्थना, सीखो खुद और बताओ।
दया सत्य का पाठ सदा ही, दादी-नानी संग पाओ।।

## सही जोड़ा बनाओ

बच्चो, यहां कुछ एनिमल्स के चित्र और उनकी परछाइयां दी गई हैं। तुमको चित्र के साथ उसकी सही परछाई का मिलान करना है।




उत्तर: 1-c, 2-d, 3-a, 4-b

## जीके क्विज-149

1. एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट-2025 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
2. देश के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन हैं?
3. कौन-सा केंद्र शासित प्रदेश हरियाणा और पंजाब दो राज्यों की राजधानी भी है?
4. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म कहां हुआ था?
5. दुनिया का सबसे बड़ा महासागर कौन-सा है?
6. भारत में सबसे पहले अंडरग्राउंड ट्रेन कहां चली थी?
7. दुनिया का सबसे छोटा देश कौन-सा है?
8. किस मुगल शासक ने फतेहपुर सीकरी की स्थापना की थी?
9. भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी कौन-सी है?
10. 'मधुशाला' किसकी रचना है?



बच्चों, जीके क्विज-149 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-148 का उत्तर :** 1.विनोद कुमार शुक्ल, 2.क्रिकेट, 3.नायब सिंह सैनी, 4.चाड, 5.गुरु रामदास, 6.नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 7.प्रोपेन और ब्यूटेन, 8.सहारा मरुस्थल, 9.टोकोफेरॉल, 10. 18 अप्रैल

**जीके क्विज-148 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, अमन-रायपुर, दीपक-बिलासपुर, कशिश-बालोद, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, कुणाल-रोहतक

# सोशल मीडिया पर शेयर की 'थामा' की शूटिंग...



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'थामा' की शूटिंग को लेकर एक अहम जानकारी शेयर की है, जिसे देखने के बाद प्रशंसकों की उत्सुकता इस हॉरर फिल्म को लेकर और अधिक बढ़ गई है। पुष्पा फेम अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी आगामी हॉरर फिल्म 'थामा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। 'थामा' एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जिसमें उनके साथ आयुष्मान खुराना नजर आएंगे। गुरुवार को 'थामा' की अभिनेत्री रश्मिका ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग को लेकर एक अहम जानकारी शेयर की है और साथ ही अपने फैंस से एक खास सवाल का जवाब भी मांगा है। रश्मिका मंदाना ने हाल ही में अपना 29वां जन्मदिन मनाया। वहीं, वह इस दौरान अपनी आगामी हॉरर फिल्म 'थामा' की शूटिंग में व्यस्त रहीं। इसी फिल्म को लेकर रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है और साथ ही अपने प्रशंसकों से फिल्म को लेकर एक खास सवाल भी पूछा है, जिसे देखने के बाद रश्मिका के फैंस की उत्सुकता फिल्म को लेकर और अधिक बढ़ गई है।

# कभी पंखा तो कभी हैंडपंप उखाड़ा, इन फिल्मों के सीन देखकर चौंक गए दर्शक; फैंस ने बजाई तालियां...

*गुरुवार को रिलीज हुई सनी देओल की एक्शन फिल्म 'जाट' को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। गदर और गदर 2 के बाद एक बार फिर सनी देओल का ये एक्शन अवतार फैंस को काफी पसंद आ रहा है। सामने आ रहे रिव्यूज में दर्शक फिल्म के एक-एक सीन पर सीटियां बजा रहे हैं। हालांकि, जाट से पहले भी कई ऐसी फिल्में आई हैं, जिनके एक्शन सीन देखकर दर्शक सीटियां बजाने पर मजबूर हो गए। जानते हैं कुछ ऐसे ही फिल्मों के उन एक्शन सीन के बारे में, जिन्हें देखकर दर्शक भी चौंक गए और बजाने लगे सीटियां।*



**मुंबई।** जब गदर में सनी देओल ने उखाड़ा हैंडपंपसनी देओल बॉलीवुड के वो एक्शन स्टार हैं, जिनके एक-एक डायलॉग लोगों को कई सालों बाद भी मुंहजुबानी याद हैं। लेकिन साल 2001 में जब तारा सिंह बनकर सनी देओल ने पाकिस्तान में हैंडपंप उखाड़ा था, तो थिएटर सीटियों से गूंज उठे थे। फिल्म की रिलीज के 24 साल बाद भी ये सीन दर्शकों का आज भी पसंदीदा एक्शन सीन में से एक है।

## पुष्पा 2: हाथ-पैर बंधे होने के बाद भी लड़ा पुष्पा



अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' में जबरदस्त एक्शन देखने को मिला था। लेकिन जिस सीन को देखकर दर्शकों ने अपने दांतों तले उंगलियां दबा ली थीं। वो सीन था जिसमें अल्लू अर्जुन के हाथ-पैर बंधे होते हैं। इसके बावजूद वो अपने मुंह का इस्तेमाल करके, कई दुश्मनों को मार गिराता है और उनसे बचकर निकल जाता है। इस सीन ने न सिर्फ इंडिया में बल्कि विदेश में भी लोगों को काफी प्रभावित किया था।

## एनिमल में रणबीर ने चलाई 500 किलो की मशीन गन


रणबीर कपूर की 'एनिमल' अपनी रिलीज के बाद लगातार चर्चाओं में रही। लेकिन फिल्म के जिस सीन ने लोगों का सबसे ज्यादा ध्यान अपनी ओर खींचा था, वो है एनिमल का वो फाइट सीन जिसमें रणबीर कपूर एक भारी सी मशीन गन लेकर अंधाधुंध गोलियां बरसाते नजर आते हैं। बताया गया कि ये बंदूक 500 किलो की थी और इसे असली स्टील से तैयार किया गया था। फिल्म का ये सीन लोगों के जेहन में अभी भी बना हुआ है।

## केजीएफ में यश के एक्शन ने उड़ाए होश



यश की केजीएफ और केजीएफ चैप्टर 2 एक्शन सीन से भरपूर थीं। फिल्म में अंधाधुंध गोलियां चल रही थीं। लेकिन फिल्म के जिस सीन ने दर्शकों को हिलाकर रख दिया वो था केजीएफ 2 का क्लाइमेक्स फाइट सीन जो यश और संजय दत्त के बीच फिल्माया गया। इस सीन में शर्टलेस होकर दोनों की फाइट लोगों को आज भी याद है। इसके अलावा फिल्म का वो सीन जिसमें यश एक बड़ी सी मशीन गन लेकर अंधाधुंध गोलियां बरसाते हैं। इस सीन को देखकर दर्शक सीटियां बजाने लगे थे।

## बाहुबली 2 का क्लाइमेक्स सीन



एसएस राजामौली की सबसे बड़ी और यादगार फिल्म बाहुबली और बाहुबली 2 का एक-एक सीन दर्शकों को पसंद है। लेकिन बाहुबली 2 का जो क्लाइमेक्स सीन है जिसमें बाहुबली और भल्लाल देव का मुकाबला होता है, उस सीन को देखकर दर्शकों ने दांतों तले उंगलियां दबा ली थीं। इस सीन में भव्यता के साथ जबरदस्त एक्शन दिखाया गया था।

## आरआरआर में जूनियर एनटीआर ने किया वाघ का मुकाबला



एसएस राजामौली की फिल्म का दर्शकों का बेसब्री से इंतजार रहता। उनकी हर फिल्म में दमदार कहानी के साथ जबरदस्त एक्शन देखने को मिलता है। राम चरण और जूनियर एनटीआर की फिल्म 'आरआरआर' में कई ऐसे एक्शन सीन थे जिन्हें देखकर दर्शक सीटियां बजाने पर मजबूर हो गए। फिल्म के एक सीन में जूनियर एनटीआर वाघ से मुकाबला करते हैं। इस सीन में जिस तरह से जूनियर एनटीआर ने वाघ का सामना किया और उसे पस्त किया।



# शाहरुख की तारीफों के बांधे पुल...

**मुंबई।** फिल्म 'जब तक है जान' के अलावा कई फिल्मों में एक साथ काम कर चुके कैटरीना कैफ और शाहरुख खान की जोड़ी को फैंस ने हमेशा प्यार दिया है। उनकी फिल्मों की कहानी से लेकर फिल्मों के गाने आज भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। एक इवेंट के दौरान कैट ने शाहरुख की जमकर तारीफ की, जिसे सुनकर आप भी जरूर सहमत होंगे। एक पुराने इंटरव्यू में कैटरीना ने शाहरुख की प्रशंसा करते हुए कहा था कि 'शाहरुख बेहद बुद्धिमान हैं और साथ ही उनकी नॉलेज काफी अच्छी है।' एक इंटरव्यू के दौरान रैपिड फायर राउंड के दौरान कैटरीना ने शाहरुख की जमकर तारीफ की थी। कैटरीना ने कहा, 'शाहरुख खान को हर चीज की जानकारी रहती है।

# रेड-2 के पहले गाने की झलक आई सामने

**नई दिल्ली।** अजय देवगन और रितेश देशमुख की फिल्म रेड 2 इन दिनों चर्चा में हैं।यह इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक हैं। इस फिल्म के अब पहले गाना का टीजर रिलीज हो चुका है, जो तमन्ना भाटिया पर फिल्माया गया है। रेड 2 के इस गाने का नाम नशा है। नशा रेड 2 का स्पेशल सॉन्ग है, जो तमन्ना भाटिया के स्त्री 2 के गाने आज की रात की याद दिलाता है। दरअसल, नशा गाने में तमन्ना भाटिया वैसी ड्रेस में नजर आ रही है जैसे उन्होंने स्त्री 2 के आज की रात गाने में पहनी थी। इतना ही नहीं, नशा गाने के टीजर को देख कहा जा सकता है कि यह गाना आज की रात गाने से काफी प्रेरित लगता है। नशा गाने का टीजर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। तमन्ना भाटिया के फैंस पोस्ट को खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। आपको बता दें कि रेड 2 2025 में आने वाली बहुप्रतीक्षित बॉलीवुड फिल्मों में से एक है। अजय देवगन अभिनीत, दूसरी किस्त में वह आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक के रूप में सीक्वल में वापसी कर रहे हैं।






# 'भूल चूक माफ' का जारी हुआ ट्रेलर

**मुंबई।** राजकुमार राव और वामिका गब्बी की आने वाली फिल्म 'भूल चूक माफ' का ट्रेलर जारी हो चुका है। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले रिलीज हो रही इस फिल्म का ट्रेलर काफी रोचक है। ट्रेलर में राजकुमार राव और वामिका गब्बी पहली बार साथ नजर आए हैं। ' करण शर्मा के निर्देशन में बनी ये फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर में राजकुमार राव वामिका गब्बी के साथ शादी की गुत्थी को सुलझाते नजर आए हैं। फिल्म 'भूल चूक माफ' के ट्रेलर में राजकुमार राव और वामिका गब्बी की बेहतरीन केमिस्ट्री देखने को मिली है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि राजकुमार राव और वामिका गब्बी शादी के लिए राजी होते हैं, लेकिन उनके परिवार वाले राजी नहीं होते।

## टीवी मसाला



# रियलिटी शोज में कंटेस्टेंट नहीं करते हैं लाइव सिंगिंग

**नई दिल्ली।** शान इंडस्ट्री के सबसे फेमस सिंगर्स में से एक हैं। उन्होंने 'द वॉयस इंडिया' और 'सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स' सहित सिंगिंग रियलिटी शोज को जज किया है। हाल ही में एक पॉडकास्ट में, उन्होंने इसके बारे में अच्छे से बताया कि कैसे कंटेस्टेंट्स की परफॉर्मेंस को बढ़ाया, सुधारा और एडिट किया जाता है। उन्होंने यह भी शेयर किया कि जब उन्हें पता चला कि 'वास्तविकता और सच' को कैसे बदला जाता है, तो उन्होंने ऐसे शो से दूर रहने का फैसला क्यों किया। उन्होंने कहा, 'वहां जो गाते हैं वो एक बार ही होता है लेकिन फिर वे उस ऑडियो को स्टूडियो में ले जाते हैं और उन्हें फिर से गाने के लिए कहते हैं। यह पिछले कुछ सालों से चल रहा है। फिर इसे ठीक भी किया जाता है, सही किया जाता है।' उन्होंने बताया कि लगभग सभी लास्ट परफॉर्मेंस तक पिच परफ़ेक्ट होते हैं, जो 'संभव नहीं' है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे रियलिटी शो के जज भी एपिसोड के अंतिम एडिट को ध्यान में रखते हुए अपना रिएक्शन देते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसे शो की टीआरपी पहले बहुत बेहतर थी जब कंटेंट को 'असली' रखा जाता था। उन्होंने कहा, 'जब ये चीजें शुरू में जबरदस्ती की जा रही थीं, तो मुझे कुछ दिक्कतें हुईं।' शान ने पिछले कुछ सालों से रियलिटी शो जज नहीं किए हैं।

# सीआईडी में एसीपी प्रद्युमन की हत्या से मचा हड़कंप



**नई दिल्ली।** कल्ट क्राइम शो सीआईडी इन दिनों एक ऐसे प्लॉट ट्विस्ट के लिए चर्चा में है, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। 1998 में शुरू होने के बाद से शो के लीड एक्टर एसीपी प्रद्युमन को स्क्रीन पर अब मार दिया गया है। भले ही यह चौंकाने वाला शो चर्चा का विषय बना हुआ है, लेकिन ये कुछ विवादों में भी आ गया है। क्योंकि. हाल ही के एक एपिसोड में ऐसे कंटेंट दिखाई गए हैं जो ओरिजनल नहीं लगते। अब एक आर्टिस्ट ने इंस्टाग्राम पर यह दिखाया है कि कैसे शो ने उनके यूट्यूब वीडियो का इस्तेमाल अपने शो पर किया है। 'सीआईडी' पर चल रहे एपिसोड में टीम को मास्टरमाइंड बारबोसा (तिग्मांशु धूलिया) से लड़ते हुए दिखाया गया है, जो एसीपी प्रद्युमन (शिवाजी साटम) की हत्या करने वाले बम विस्फोट के पीछे भी है। 'द आफ्टरमैथ' नाम का एपिसोड एसीपी की मौत से शुरू होता है। इसमें दया और अभिजीत सहित टीम को मुंबई के आसपास के इलाकों में जांच करते हुए दिखाया गया है। सीन्स में जेरेड लेटो के जोकर और मार्वल के द इनक्रेडिबल हल्क की झलक भी है। मुंबई के आर्टिस्ट मूज ग्रैफिटी ने अपने इंस्टाग्राम पर शो की क्लिप शेयर की और बताया कि सीआई ने न केवल उनके काम का इस्तेमाल किया है, बल्कि यूट्यूब वीडियो से काम भी चुराया है। उन्होंने इसे कॉपीराइट का उल्लंघन भी बताया है।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी
सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** रायगढ़, रायपुर में गार्ड की नौकरी हेतु 5,8,10 पास हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहने, खाने की सुविधा, वेतन 14500 से 19000 तक MO. 8109070600. (RO-7086)

### मार्केटिंग/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** टीशर्ट होलसेलर को मार्केटिंग एक्ज़ीक्यूटिव, कंप्यूटर ऑपरेटर, ऑफिस बॉय चाहिए। आकर्षक वेतन, **संपर्क दोपहर 2-5, PARC- 16-17 सुराना मार्केट, सिटी सेंटर माल के पीछे, पंडरी, रायपुर** (RO-197)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** विरदी साड़ी शोरूम हेतु सेल्समेन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, कम्प्यूटर ऑपरेटर सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, संपर्क समय सुबह 10.30 से रात 9.30, **विरदीचंद मानकलाल जैन कंकालीपारा रायपुर 9425216364, 9340477419** (RO-OM)

### केयर टेकर

**आवश्यकता है-** बेबीकेयर/ बुजुर्ग केयर हेतु लड़की /महिला एवं पुरुष केयर टेकर की तुरंत आवश्यकता है, वेतन 12 हजार से 15 हजार **संपर्क:- फैमिली केयर, रायपुर, 7389066521.** (RO-om)

### सेल्सएक्जीक्यूटिव/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** मोहबाबाजार और सुंदर नगर स्थित इंटीरियर प्रोडक्ट की शॉप देसी इंटीरियर हेतु सेल्स एक्ज़ीक्यूटिव, ड्राइवर, सफाईकर्मी और कारपेंटर की आवश्यकता है। **सैलरी प्लस इंसेंटिव योग्यतानुसार। संपर्क करें 8815042225, 8103374120. पर** (RO-A)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 10वी/ 12वी पास लड़का चाहिए। आयु 20 से 25 वर्ष । वेतन योग्यता अनुसार। मिलने का समय 12 से 02 बजे। **संपर्क- खन्ना एडवरटाइजर्स, A5/2, सेक्टर- 1, शंकर नगर, रायपुर, मो. - 9300160003, 9300160001.** (RO-437)

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलर ऑफिस में काम करने के लिए लड़को के जरूरत है 20 वर्ष से 28 वर्ष वाले सम्पर्क करे ऑल इंडिया प्लेसमेंट शुरुआती वेतन 10000 रहना फ्री **संपर्क करें, 7310671995, 6387630593.** (RO-313)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर** (RO-417)

**आवश्यकता है-** बच्चो के थोक कपड़ा दुकान में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क- ज्योति किड्स वियर, B-5, IGVP, पंडरी, रायपुर, 9425215272.** (RO-436)

**आवश्यकता है-** होलसेल दवाई दुकान में काम करने के लिए लडको की जरूरत है **पता किरण सेल्स माता गरेज के पीछे कांच घर के पास** mo 9425219482. (RO-OM)

### हेल्पर/वेटर

**आवश्यकता है-** जय स्तंभ चौक स्थित रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु किचन हेल्पर, वेटर एवं ड्राइवर की आवश्यकता है. आकर्षक वेतन दोपहर 12 से शाम 5 के मध्य **संपर्क करें- गिरनार रेस्टोरेंट, जय स्तंभ चौक, रायपुर** (RO-1640)

छोटा विज्ञापन

### एच आर/टीचर

**Requirment-** HIR-ING Experienced PGT (P,C,B)/ TGT/ PRT Teachers, Typist and Receptionist. salary 5000 - 12000. Apply with resume at UJJWAL SCIENCE ACADEMY, Arya Nagar, Kohka. **9340470410, 7987094063.** (आरो नं.-723)

### टेलीकॉलर

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 +कमीशन +बोनस कमाए 15 से 20000 **पता श्री राम चौक सुपेला भिलाई 7217868971, 9302864676.** (आरो नं.-722)

### ऑफिस बॉय

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित रियल स्टेट कंपनी में भिलाई लोकेशन हेतु, ऑफिस बॉय की आवश्यकता है, 10 वी पास एवं अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क- 8898306907.** (आरो नं.-721)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** हर्ष मीडिया को छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में Intra V- 30- LED वेन चलाने ड्राइवर की आवश्यकता है। अनुभवी ड्राइवर लाइसेंस, आधार कार्ड व अन्य विवरण सहित, भिलाई सुपेला **मो.8103653530, 8225022889, 9827806026,** (आरो नं.-7172)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### हेमाल

**आवश्यकता है-** उरला मेटल पार्क में काम करने के लिए हेमाल की आवश्यकता है। रहने की सुविधा उपलब्ध है। **संपर्क करें- जय गोपाल सोसायटी, फाफाडीह चौक BSNL ऑफिस के सामने रायपुर (छ.ग.) फोन 0771-4095884.** (RO-429)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** वही केवल वही सेल्समैन हमसे संपर्क करें जिसको होलसेल रेडीमेड एंव कपडे की लाइन का अनुभव और पूर्ण जानकारी हो वेतन 15000/- से अधिक आपकी योग्यता अनुसार संपर्क **9340247171.** (RO-591)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** बच्चा सँभालने हेतु एवं घर कार्य हेतु 24 घंटे की बाई चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। **स्थान अमलीहडीः , रायपुर सम्पर्क करें: 9575042812.** (RO-om)

### इलेक्ट्रीशियन

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रीशियन कम सुपरवाइजर बंगले एवं ऑफिस में कार्य हेतु अनुभवी इलेक्ट्रीशियन कम सुपरवाइजर की आवश्यकता है। अनुभवः 5 से 10 वर्ष योग्यताः डिप्लोमा या आईटीआई पास वेतनः 15000 से 30000 तक केवल अनुभवी उम्मीदवार ही संपर्क करें। **संपर्क करें:- 9109972720.** (RO-om)

### घरेलु/कुक कार्य

**आवश्यकता है-** Golden sky society vip road Ram mandir ke paas, ghar ke kaam aur khaana banane hetu subah se sham ke lie bai ki avashakta hai..uchit tankhwa di jaegi.. **7000989337, 8839751934.** (RO-OM)

### लेबर/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** आशीर्वाद किराया भंडार लेबर + मेहनती ड्राइवर की आवश्यकता है, वेतन 11000/- समय 9 से 8:30 बजे तक **मोबाइल नंबर 9826182338. पता- ब्राह्मण पारा रायपुर** (RO-A)

### स्टेशनरी कार्य

**आवश्यकता है-** बुक डिपो व स्टेशनरी में कार्य करने हेतु ग्रेजुवेट लड़को/ लड़कियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता । वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क :- रामचंद बुक स्टाल,राज टाकीज के पास, पुराना बस स्टैंड, रायपुर** (RO-456)

### अन्य

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाइम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियाँ गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें - **8521185983** (RO-777)

**आवश्यकता है-** नौकरी ही नौकरी तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या 975 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन 27500+52400 तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्कशीट पैन कार्ड व्हाट्सएप करे **7460994309.** (RO-781)

**आवश्यकता है-** नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो **संपर्क करें:- 9202613238.** (RO-749)




## Property प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट बेचना है -** TNC अप्रूव्ड कमर्शियल प्लॉट बिक्री हेतु, ब्रह्मलोक आश्रम के सामने, कुम्हारी,परसदा में अब रेजिडेंशियल प्लॉट रेट में उपलब्ध ।ऑफर सीमित समय तक, 90% बैंक फाइनेंस के साथ। **9990440140, 9991118972.** (RO-OM)

**प्लॉट उपलब्ध है-** नई राजधानी का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन – केंद्री, रायपुर के पास सेमी-कमर्शियल प्लॉट उपलब्ध। **संपर्क करें: 9990440140, 9991118972.** (RO-OM)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

## For Rent किराया

**किराये से देना है-** दक्षिण गंगोत्री सुपेला भिलाई, vivo सर्विसिंग सेंटर के ऊपर द्वितीयतल 500 फुटनिर्मित साथ मे ओपन एरिया 500 फुट, लेट बाथ अटैच दुकान किराये से देना है। **संपर्क:- मो. 9229584533, 7987298062.** (आरो नं.-724)




## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उत्पन्न किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## Healthcare

**गुप्त रोगो का सफल ईलाज**

- गुप्त रोग, नामर्दी
- लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन
- पेशाब से धातू जाना।
- लिंग में ढीलापन,
- शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।

निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने रायपुर, छ.ग.
9826038170

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## जैकेट के शेष

### तेंदूपत्ता बोनस में ....

कर्मी तथा राजनीति से जुड़े लोगों के साथ मिलीभगत कर तेंदूपत्ता संग्राहकों की बोनस राशि वितरण में गड़बड़ी कर आपस में बांट लिया। ईओडब्लू, एसीबी की टीम इस संबंध में आठ अप्रैल को आईपीसी की धारा 409, 120बी के तहत अपराध दर्ज करने के दो दिन बाद छापे की कार्रवाई करने पहुंची। छापे में ईओडब्लू तथा एसीबी के दो दर्जन से ज्यादा अफसर, कर्मी शामिल थे। छापे की कार्रवाई तड़के साढ़े छह से सात बजे की गई।

**दो साल के बोनस में केवल एक साल का दिया गया** : अफसर, नेताओं के खिलाफ तेंदूपत्ता बोनस राशि में जो गड़बड़ी करने के आरोप लग रहे हैं, उसके मुताबिक दो साल की बोनस राशि में प्रबंधकों ने केवल एक साल का ही भुगतान किया। वो भी आधा-अधूरा। वनमंडल सुकमा के कोंटा, किस्टाराम और गोलापल्ली वन परिक्षेत्र में कई फर्जी संग्राहकों के नाम पर भुगतान दर्शाया गया। जांच के दौरान विभागीय अफसरों ने इसे पकड़ लिया। कई ऐसे संग्राहकों को भी राशि दी गई है, जिनकी मौत सालों पहले हो चुकी है।

**यह है पूरा मामला** : तेंदूपत्ता संग्रहकों को बोनस राशि वितरण में गड़बड़ी करने का मामला इस तरह है, सुकमा वनमंडल के तहत तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 2021 में 15 समिति और वर्ष 2022 में 10 समितियों में कुल 6 करोड़ 54 लाख 71 हजार 902 रुपए की राशि बोनस के रूप में मिली थी। इसे सुकमा वनमंडल के करीब 66 हजार संग्राहकों को भुगतान किया जाना था। इस राशि को पिछले वर्ष अप्रैल में ही समिति प्रबंधकों ने आहरण कर लिया और 8 महीने तक इसका भुगतान संग्राहकों को नहीं किया। नक्सलवाद और संवेदनशीलता का हवाला देकर अफसरों ने 3 करोड़ 62 लाख 78 बजार 881 की राशि का वितरण नकद करने विशेष अनुमति ली। इसी नकद भुगतान में समिति प्रबंधकों ने खेल कर दिया। **आईएफएस अफसर के खिलाफ पूर्व में मामला दर्ज** : तेंदूपत्ता बोनस राशि वितरण में गड़बड़ी की बात सामने आने पर ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम ने पिछले महीने आठ मार्च को सुकमा के तत्कालीन डीएफओ अशोक पटेल के निवास पर छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई के बाद जांच टीम ने अशोक पटेल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया है।

**इनके घर पर पड़ा छापा** : एसीबी ने आईएएफएस अफसरों ने अशोक पटेल तथा मनीष कुंजाम के साथ कोंटा समिति प्रबंधक शरीफ खान, पालाचलमा प्रबंधक वेंकट रवाना, फूलबगड़ी प्रबंधक राजशेखर पुराणिक, जगरगुंडा प्रबंधक रवि गुप्ता, मिशिगुडा प्रबंधक राजेश आयतु, एर्राबोर प्रबंधक महेंद्र सिंह के ठिकानों में पड़ताल की है।

### शिकंजे में देश ....

ले जाने के लिए अमेरिका में अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय किया। यह बयान इन खबरों के बीच आया है कि राणा दिल्ली लाया जा चुका है। हालांकि, एजेंसी ने इस बारे में स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा।

### केंद्रीय विद्यालय में ....

साथ-साथ निजी प्रकाशकों की किताबें भी थोप रहे हैं। इसके कारण इन स्कूलों के पालकों का बिल केंद्रीय विद्यालय के पालकों के बिल से दस गुना अधिक है। पाठ्यक्रम की किताबों के अलावा कलरिंग, कर्सिव राइटिंग व अन्य गतिविधियों की पुस्तकें भी पालकों से खरीदवाई जा रही।

**स्कूलों से सूची नदारत** : कोविड के पूर्व सत्रों में निजी स्कूलों के लिए निर्देश जारी किया गया था कि वे पालकों को किसी एक दुकान से ही किताबें खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकते हैं। उन्हें कम से कम 4-5 दुकानों की सूची पालकों को उपलब्ध करानी होगी, जहां उनके द्वारा चलाई जा रही किताबें मिल सके। दुकानों की ये सूची उन्हें अपने बोर्ड पर चस्पा करनी होगी। अब इस नियम को लेकर कोई कड़ाई नहीं बरती जा रही है और पालकों के पास मोलभाव करने का विकल्प भी समाप्त हो चुका है। जिला शिक्षा कार्यालय शिकायत के इंतजार में बैठा है और पालक बच्चों के रिजल्ट खराब होने के भय से चुप बैठे हैं।

**दुकानदार ने कहा-अगले हफ्ते आएगा सेट** : हरिभूमि की टीम पालक बनकर सदर बाजार के कई दुकानों में पहुंची। यहां कुछ स्कूलों द्वारा मंगाई गई किताबें मिल गईं, लेकिन नरदहा स्थित कुछ स्कूलों के किताबों के तथाकथित पूरे सेट के लिए अगले हफ्ते आने कहा गया। कीमतें पूछने पर किसी भी कक्षा की किताब 2 हजार से कम दाम में नहीं आने की बात कही। शहर के आधा दर्जन स्कूलों ने बुक सेट संग कॉपियां, जूते-मोजे, ट्रैक सूट, यूनिफॉर्म भी दुकान विशेष से खरीदने कहा है। ऐसे में 12वीं कक्षा तक पहुंचते-पहुंचते बिल 10 हजार रुपए पार हो रहा है।

**आत्मानंद की किताबें भी सस्ती** : स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में भी इंग्लिश माध्यम से पढ़ाई होती है। शासन द्वारा स्कूलों को निर्देश दिए गए थे कि यदि वे पापुनि द्वारा निशुल्क रूप से बांटी जा रही किताबों के अतिरिक्त छात्रों के विकास के लिए अन्य किताबों से अध्ययन कराना चाहें तो करा सकते हैं। राजधानी के कई बड़े स्कूलों ने पालकों को किताबों की सूची सौंपी। एनसीईआरटी बेस्ड होने के कारण इन अतिरिक्त किताबों की कीमत 100 रुपए भी पार नहीं कर सकी।

**कहां मिल रही किस स्कूल की किताबें** : 0 सड्डू बरोंडा रोड स्थित विद्यालय की किताब सदर बाजार के नाहटा मार्केट समीप दुकान में 0 देवपुरी स्थित विद्यालय जिसकी शहर में कई ब्रांच है, उनकी किताबें ओल्ड देवपुरी स्थित एक दुकान सहित सदर बाजार के में बिक रहीं 0 बैरनबाजार व सिविल लाइन स्थित स्कूल की किताबें तात्यापारा स्थित एक दुकान में उपलब्ध है 0 बलौदाबाजार रोड स्थित एक प्रतिष्ठित विद्यालय का बुक सेट भी सदर के चुनिंदा दुकान में है।

**बड़े स्कूलों संग टाईअप** : अपेक्षाकृत बड़े स्तर के निजी स्कूलों ने दुकानदारों संग टाईअप किया है। वे स्कूल जो किताबें बच्चों से मंगाते हैं, वह उन दुकानों में ही मिलती हैं।

**- दीपक बल्लेवार,** बुक डिपो संचालक, सदर बाजार।

## पेज एक के शेष

### भू अर्जन अफसर की...

की अधिक मुआवजा बांटकर शासन को चूना लगाया। इन तीनों अफसरों की संलिप्तता को लेकर शासन को पहली रिपोर्ट कलेक्टर रायपुर ने 11 सितंबर 2023 को ही भेज दी थी। शासन को भेजे प्रतिवेदन में ही अफसरों के खिलाफ वसूली की अनुशंसा की गई थी, लेकिन आज तक इन अफसरों से वसूली की कार्रवाई नहीं की जा सकी। हालांकि वर्तमान में तीनों को सस्पेंड कर दिया गया है। इन अफसरों की संलिप्तता को लेकर प्रतिवेदन में कठोर टिप्पणी भी की गई है।

### कोयला श्रमिक देश का...

विभिन्न कर्मियों को सम्मानित किया और राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनके द्वारा 24x7 योगदान की सराहना की। मंत्री ने स्वयं खदान में उतरकर 42 क्यूबिक मीटर शैवेल एवं 240 टन डंपर जैसी विश्व की अत्याधुनिक खनन मशीनों का संचालन देखा। उन्होंने ब्लास्ट-फ्री सरफेस माइनर तकनीक द्वारा कोयला उत्खनन और पर्यावरण अनुकूल परिवहन के लिए विकसित साइलो (फर्स्ट माईल कनेक्टिविटी) का भी निरीक्षण किया। खनन मशीन ऑपरेटरों से सीधे संवाद कर उन्होंने कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। अपने दौरे की एक महत्वपूर्ण कड़ी में मंत्री ने कोयला कर्मियों के साथ कैंटीन में बैठकर भोजन किया एवं उनके साथ सेल्फी ली।

**गेवरा की अहम भूमिका** : केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री ने गेवरा की भूमिका को अहम बताते हुए कहा, गेवरा एसईसीएल नहीं बल्कि पूरा देश का गौरव है। उन्होंने कहा कि हम भोजन का थोड़ा इंतज़ार कर सकते हैं, लेकिन कुछ समय के लिए बिजली चली जाए तो हम परेशान हो जाते हैं। हमारे घर कोयला खनिकों के परिश्रम से ही रोशन हो पाते हैं। इस अवसर पर कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पीएम प्रसाद, कोयला मंत्रालय संयुक्त सचिव बीपी पति, एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### कोयला श्रमिकों के परिश्रम...

भी किया। उन्होंने कहा कि भारत की 70 प्रतिशत से अधिक बिजली कोयले से उत्पन्न होती है और हमारा कोयला खनिक देश का सच्चा ऊर्जा प्रहरी है। उन्होंने खनन में सतत विकास के महत्व को रेखांकित करते हुए खदानों के समापन (माईन क्लोजर) की योजनाओं को तेजी से लागू करने पर बल दिया।

### भ्रष्टाचार के 29 मामले...

सजा हुई है, लेकिन इसी तरह के मामलों में 2 हजार 580 आरोपी बरी हो गए। दूसरी ओर एंटीकरप्शन यानी भ्रष्टाचार से संबंधित मामलों में केवल 2 में सजा हुई 8 प्रकरणों में आरोपी बरी हो गए। संचालनालय लोक अभियोजन छत्तीसगढ़ की एक रिपोर्ट के मुताबिक 1 जनवरी 2024 से लेकर 30 दिसंबर 2024 तक आपराधिक प्रकरणों के संबंध में यह जानकारी दी गई है। खास बात ये है कि संचालनालय लोक अभियोजन आपराधिक प्रकरणों में शासन की ओर से पैरवी करने का काम करता है। यह काम अभियोजन अधिकारी करते हैं। पुलिस विभाग के अलावा अन्य विभागों द्वारा प्रस्तुत आपराधिक प्रकरणों का न्यायालय में शासन की ओर से अभियोजन संचालन किया जाता है। तथा अभियोग पत्र पेश होने से पहले विधिक राय देने के साथ साथ पीड़ितों को न्याय और अपराधियों को सजा दिलाने में सहयोग किया जाता है।

### ये है अपराधिक प्रकरण...

के छोटे-छोटे मामलों को भी जोड़ा जाए तो खास बात ये है कि छोटे मामलों में दोषी पाए जाने वालों की संख्या अधिक है। इसी वजह से पिछले साल सजा का प्रतिशत 54.19 प्रतिशत रहा। सत्र न्यायालय के प्रकरणों में सजा का प्रतिशत 26.93 रहा। निम्न न्यायालयों में सजा का प्रतिशत 55.02 रहा।

### सिविल जज 2024 परीक्षा...

रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा की पीठ ने 18 मई 2025 को होने वाली परीक्षा पर रोक लगा दी है। यह आदेश सिविल जज (जूनियर डिवीजन) परीक्षा 2024 में बैठने की इच्छुक लॉ ग्रेजुएट सुश्री विनीता यादव द्वारा दायर एक रिट याचिका की सुनवाई के दौरान पारित किया गया था।

### शर्त पर जताई...

जिसमें कहा गया है कि किसी भी विश्वविद्यालय से ला की डिग्री के साथ ही आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का बार काउंसिल में नामांकन जरूरी है और वह वकील के तौर पर प्रैक्टिस भी कर रहे हो। इस शर्त को विनीता यादव ने चुनौती दी थी, इसमें कहा गया कि वह सरकारी नौकरी में है। उन्होंने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से ला की डिग्री ली हुई है। क्योंकि वे सरकारी नौकरी में हैं, इसलिए वकालत के तौर पर उनका नामांकन बार काउंसिल में नहीं हो सका है। बार काउंसिल की अनिवार्य पात्रता होने के कारण वह इस सिविल जज की परीक्षा से वंचित हो रही है।

### इस वर्ष मेरिट लिस्ट...

शिक्षा मंडल द्वारा कुछ माह पूर्व पड़ोसी राज्यों के बोर्ड को खत लिखकर जानकारी मांगी गई थी कि उनके यहां मेरिट लिस्ट के संदर्भ में कौन सी नीतियां अपनाई जा रही हैं। लेकिन अब तक इस संदर्भ में कोई अंतिम फैसला नहीं होने के कारण पिछले सत्रों के फॉर्मूले को ही अपनाते हुए मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। शैक्षणिक सत्र 2024-25 की परीक्षाएं मार्च अंत में समाप्त हो चुकी हैं। परीक्षाएं समाप्त होने के पहले ही माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मूल्यांकन कार्य प्रारंभ किया जा चुका था। इसके लिए राज्य में 33 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं।

अधिकतर परीक्षा केंद्रों में 30 से 40 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूर्ण हो चुका है। 30 दिन पश्चात अर्थात मई के प्रथम पखवाड़े में दोनों ही कक्षाओं के परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी। इसके साथ ही अस्थायी मेरिट लिस्ट भी घोषित होगी।

### 5 लाख 71 हजार छात्रों...

छात्रों की संख्या 2 लाख 34 हजार तथा निजी विद्यार्थियों की संख्या 6 हजार 700 रही है। दोनों ही कक्षाओं में शीर्ष-10 छात्रों की घोषणा की जाएगी।

## राशिफल

**मेष** — नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। खर्च बढ़ेंगे। मीठे खानपान के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग भी बन रहे हैं।

**वृष** — मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। कारोबार के प्रति सचेत रहेत। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**मिथुन** — यात्रा पर जाना पड़ सकता है। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कन्या** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**तुला** — आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। यश की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। किसी मित्र का सहयोग से सम्पत्ति में निवेश हो सकता है।

**धनु** — खर्च बढ़ेंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। भवन सुख में वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मकर** — कारोबार का विस्तार होगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** — अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। बातचीत में संयत रहें। किसी मित्र के सहयोग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। यात्रा लाभप्रद रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार में वाद-विवाद की स्थिति से बचने के प्रयास करें। आत्मसंयत रहें।

# घुसपैठ, संघर्षविराम उल्लंघन, आईईडी धमाकों पर पाकिस्तान पर भड़का भारत

**दोनों सेनाओं के बीच पुंछ में एलओसी पर हुई फ्लैग मीटिंग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

बीते कुछ समय से जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तोड़े जा रहे संघर्षविराम समझौते, आतंकी घुसपैठ की कोशिशों और आईईडी धमाकों के मामले को लेकर गुरुवार को भारत ने पाकिस्तान के समक्ष जोरदार अंदाज में अपनी नाराजगी जाहिर की। मतलब साफ है कि अब अगर पाकिस्तान ने एलओसी पर फिर से कोई हिमाकत करने की कोशिश की तो उसे उसका भारतीय सेना द्वारा तुरंत मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। दोनों देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के बीच 10 अप्रैल को पुंछ जिले के चकंदा बाग में एक फ्लैग मीटिंग हुई। जो कुल करीब एक घंटे तक चली और उसमें भारत और पाकिस्तान का नेतृत्व सेना के ब्रिगेडियर रैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया।



एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि एलओसी पर उक्त घटनाक्रम के मध्य दोनों पक्षों के बीच हुई यह दूसरी बैठक थी। जिसमें सीमा प्रबंधन से जुड़े हुए सभी जरूरी मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। उधर, सूत्रों ने बताया कि इस फ्लैग मीटिंग के लिए पाकिस्तान की तरफ से भारत से अनुरोध किया गया था। जिसे उसने स्वीकार किया।

### समझौते के बाद बंद थी गोलीबारी

भारत और पाकिस्तान के बीच 25 फरवरी 2021 में संघर्षविराम समझौते का नवीनीकरण किया गया था। उसके बाद से दोनों देशों की सेनाओं के बीच एलओसी पर संघर्षविराम उल्लंघन की घटनाएं फिलहाल देखने को नहीं मिल रही थीं। लेकिन अब अचानक इनसे जुड़े मामले सामने आ रहे हैं। रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि चकंदा बाग में हुई फ्लैग मीटिंग एलओसी और सीमा प्रबंधन प्रक्रिया के तहत आयोजित की गई एक सामान्य बैठक थी। जिसका आयोजन दोनों देशों के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच बनी सहमति के आधार पर किया गया।

### नापाक गतिविधियों से बढ़ता तनाव

एलओसी पर पाकिस्तान की तरफ से इस साल के शुरुआती फरवरी महीने से कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखी गईं। इनमें 11 फरवरी को जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर में एलओसी के करीब आतंकियों की संदेहास्पद गतिविधियों के अलावा एक आईईडी धमाका भी हुआ। जिसमें एक कैप्टन समेत दो सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे। घटना के बाद पाकिस्तान ने एलओसी के ही कृष्णा घाटी सेक्टर में संघर्षविराम का उल्लंघन किया। 13 फरवरी को पाक सेना ने बिना किसी उकसावे के संघर्षविराम तोड़ते हुए पुंछ में एलओसी पर भारतीय सेना की चौकियों को निशाना बनाया। जिसका इलाके में पूरी मुस्तैदी से तैनात भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया।

### शांति का ढोंग करता पाक

मौजूदा अप्रैल महीने की शुरुआत में पाक सेना ने फिर से एलओसी पर संघर्षविराम समझौते का उल्लंघन कर भारतीय सेनाओं की चौकियां पर गोलीबारी की थी। जबकि पूर्व में पुंछ में बारूदी सुरंग फटने की घटना भी सामने आ चुकी है। 2 अप्रैल को पाक सेना की हिंसात्मक कार्रवाई पर विरोध दर्ज कराने के लिए दोनों सेनाओं के बीच चकंदा बाग में ही ब्रिगेड कमांडर स्तर की फ्लैग मीटिंग भी हो चुकी है। जो करीब 75 मिनट तक चली और उसमें दोनों पक्षों ने सीमाओं पर शांति स्थापित करने की आवश्यकताओं पर जोर दिया।

# वैश्विक तकनीक सम्मेलन से मिलेगी समावेशी विकास को मजबूती

**विदेश मंत्री आज करेंगे सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

जियो-तकनीक को लेकर भारत के फ्लैगशिप संवाद से जुड़े 'वैश्विक तकनीक सम्मेलन-25' (जीटीएस) के उद्घाटन सत्र को शुक्रवार को नई दिल्ली में विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर संबोधित करेंगे। औपचारिक रूप से इस तीन दिवसीय सम्मेलन की शुरुआत 10 अप्रैल से हो गई है। इस वर्ष इसका नौवां संस्करण है, जिसकी सह-मेजबानी विदेश मंत्रालय और कार्नेगी इंडिया संयुक्त रूप से कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि 2025 की जीटीएस की थीम 'संभावना' रखी गई है। जिसके जरिए यह देखने-समझने की कोशिश की जाएगी कि कैसे तकनीक की मदद से समावेशी विकास, डिजिटल गवर्नेंस की मजबूती और सीमा पार भागीदारी को बढ़ावा दिया जा सकता है? सम्मेलन में दुनिया के 40 देशों के 150 से



अधिक वक्ता शामिल होंगे। जीटीएस के केंद्र में दुनिया के सामने खड़ी तकनीक से जुड़ी हुई चुनौतियां और अवसर भी होंगे। सम्मेलन की 2025 की संभावना थीम के साथ केन पॉलिटिक्स मीट आपूच्युनिटीः द फ्यूचर ऑफ टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप, एआईः अ रियलिटी चेक, संभावनाः द स्टेट ऑफ जियोपोलिटिक्स ऑफ टेक्नोलॉजी, टेक ब्रिजेजः इंडिया-ईयू टेक कॉपरेशन एंड डिमिस्टिफाइंग, डीपसीकः द फ्यूचर ऑफ एआई जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### जीटीएस में यह देश होंगे शामिल

भागीदार देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी, यूएई, ब्राजील, यूरोपीय संघ, फिलीपींस और नीदरलैंड जैसे देश शामिल हैं। 12 अप्रैल को विदेश सचिव विक्रम मिस्री सम्मेलन में भाग लेंगे। बताते चलें कि वर्ष 2016 में इस सम्मेलन की शुरुआत के साथ ही यह वैश्विक तकनीक ट्रेंड, रोजगार निर्माण पर उनके प्रभाव और नवाचार को संतुलित करने के लिए नियमों के साथ ली गई सीख से जुड़ा रहा। जबकि इसकी प्रमुख थीम डिजिटल नवाचार, ऑटोमेशन और आपस में जुड़ी हुई दुनिया में भारत की भूमिका जैसे विषयों पर केंद्रित रही।


**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता / मूल भूमिस्वामनी श्रीमती परिधी भार्गव पति श्री विनीत भार्गव निवासी- एस.एफ.-7 दत्त फ्लैट्स, नेपेरियर टाउन, जबलपुर तहसील व जिला जबलपुर (म.प्र.) के हक, कब्जे स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 814/3 रकबा 0.080 हे. जो कि मौजा ग्राम अमलेश्वर, प.ह.नं.-05, रा.नि.मं. अमलेश्वर, तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित है, को क्रय करने का सौदा पक्का कर ब्याना स्वरूप टोकन राशि विक्रेता को प्रदान कर दिया है विक्रय प्रतिफल की शेष राशि विक्रेता को प्रदान कर विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन किया जाना शेष है।

उपरोक्त वर्णित संपत्ति के क्रय-विक्रय पर जिस किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, प्राधिकरण निगम, निकाय, केन्द्र शासन, राज्य शासन, साहूकार आदि को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें, बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी और मेरा पक्षकार निर्धारित समयावधि पश्चात विक्रय विलेख की लिखा-पढ़ी एवं रजिस्ट्री करा ली जावेगी उस दशा में प्राप्त आपत्ति झूठी एवं नाजायज करार दी जावेगी तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। अतः सूचना जाने।

रायपुर
दिनॉक 09.04.2025

भवदीय
रामायणदास मानिकपुरी (अधिवक्ता)
कार्या. का पता - "कबीर कुटी", नवदुर्गा नगर, चौरसिया कालोनी मठपुरैना, रायपुर छ.ग.
मो.नं.- 70008-18437



**उपस्थिति हेतु समंस**
आदेश 5 नियम 20-1 व्य.प्र.सं.
न्यायालयः- श्रीमान तृतीय जिला न्यायाधीश बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

[illegible]

साथ उपलब्ध कराये जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि ऊपर वर्णित की गई पेशी तारीख 22/04/2025 को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे, तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। टीपः- यदि किसी कारणवश उक्त पेशी दिनांक 22/04/2025 को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है, अथवा किसी कारणवश कार्य स्थगित हो जाता है, तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी। आज दिनांक 28/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय के मुद्रा लगाकर दिया गया।

मुहर
विवेक गर्ग
तृतीय जिला न्यायाधीश
जिला बलौदाबाजार (छ.ग.)



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**नागपुर मंडल में विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** एन-01-एनजीपी-2025-2026
**कार्य का नाम:** (1) ADEN/NIR के अधीन नैनपुर में ट्रैक मशीन स्टाफ रूम का निर्माण। (2) ADEN/NIR के अधिकार क्षेत्र में PNJ-NWA सेक्शन के बीच ट्रैक अनुरक्षण दीवार का निर्माण। (3) ADEN/NIR के अधीन नैनपुर में पादरीगंज स्टेशन पर माल जांच सुविधा का विकास।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,85,42,740/-
**बयाना राशि:** ₹ 3,42,700/-

**2. निविदा क्र.:** एन-02-एनजीपी-2025-2026
**कार्य का नाम:** द.पू.म. रेलवे, नागपुर मंडल के DEN/उत्तर और DEN(S) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत CMS क्रॉसिंग की पुनः सतहीकरण / पुनर्निर्माण।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 78,49,600/-
**बयाना राशि:** ₹ 1,57,000/-

**3. निविदा क्र.:** एन-03-एनजीपी-2025-2026
**कार्य का नाम:** ADEN/NIR के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नैनपुर में फुटबॉल मैदान का सुधार।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 37,17,823/-
**बयाना राशि:** ₹ 74,400/-

उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **29.04.2025** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है। मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

मंडल अभियंता (उत्तर),
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,
नागपुर
AIM/01-05

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**प्रपत्र— 'जी'**
**अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**
**नीलकंठम सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड कोरबा में निर्माण एवं परियोजना प्रबंधन उद्योग में कार्यरत है**
(भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड के विनियमन 36ए के उप—विनियमन (1) के तहत (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016)

**प्रासंगिक विवरण**


| | | |
|---|---|---|
| 1. | **कॉर्पोरेट देनदार का नाम** साथ में पैन/सीआईएन/एलएलपी नं. | **नीलकंठम सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड** पैनः AABCN9104G \| सीआईएनःU51505CT2001PTC014514 |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | बी–15 दीनदयाल मार्केट, पी.एच.रोड, कोरबा, छत्तीसगढ़–495677 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | लागू नहीं |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अधिकांश अचल संपत्तियां स्थित हैं | कोरबा, छत्तीसगढ़ में भूमि |
| 5. | मुख्य उत्पादों / सेवाओं की स्थापित क्षमता | हमें दी गई जानकारी के अनुसार, कॉर्पोरेट देनदार निर्माण, परियोजना प्रबंधन और औद्योगिक विकास के व्यवसाय में लगा हुआ था। |

| विक्रेता का नाम | जगह | कार्य |
|---|---|---|
| एनटीपीसी लिमिटेड | एनटीपीसी–बदरपुर–दिल्ली में इको पार्क | सिविल कार्य |
| एनटीपीसी लिमिटेड | एनटीपीसी नया रायपुर कार्यालय, छत्तीसगढ़ | श्रमिक कार्य |
| एनटीपीसी लिमिटेड | एनटीपीसी लारा टाउनशिप पार्ट–बी, रायगढ़, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ | ऑडिटोरियम और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लिए भूनिर्माण कार्य |
| भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण | रायपुर, छत्तीसगढ़ | बागवानी कार्य |

| | | |
|---|---|---|
| 6. | मुख्य उत्पादों की मात्रा और मूल्य / पिछले वित्तीय वर्ष में बेची गई सेवाएं | वित्तीय वर्ष 23—24 के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण के अनुसारः सेवाओं से राजस्व 13,94,435.00 रुपये था, मुख्य रूप से कार्यों और सेवा अनुबंध से |
| 7. | कर्मचारियों / कामगार की संख्या | 65 (प्रदान की गई एवं उपलब्ध जानकारी के अनुसार) |
| 8. | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूची के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की बाद की घटनाओं के लिए प्रासंगिक तिथियां सहित अधिक विवरण यहां उपलब्ध हैं | हमें **cirp.nspl@gmail.com** पर ईमेल करके जानकारी ली जा सकती है |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां उपलब्ध है | हमें **cirp.nspl@gmail.com** पर ईमेल करके जानकारी ली जा सकती है |
| 10. | अभिरूचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि | **26 अप्रैल 2025** |
| 11. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतरिम सूची जारी करने की तिथि | **06 मई 2025** |
| 12. | अंतरिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | **11 मई 2025** |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | **21 मई 2025** |
| 14. | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजना के लिए अनुरोध जारी करने की तिथि | **26 मई 2025** |
| 15. | समाधान योजनाएं जमा करने की अंतिम तिथि | **25 जून 2025** |
| 16. | ईओआई जमा करने के लिए संसाधित ईमेल आईडी | **cirp.nspl@gmail.com** |

आशुतोष खेमानी
समाधान प्रोफेशनल, नीलकंठम सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड
पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-002/IPN-01177/2021-2022/13902 | एएफए वैधः 31.12.2025 तक
पंजीकृत पताः कार्यालय क्रमांक 1—सी, तीसरी मंजिल, श्याम प्लाजा, नए बस स्टैंड के सामने, पंडरी, रायपुर (सी.जी.) 492001
ईमेलः cirp.nspl@gmail.com
तिथि : 11.04.2025
स्थान : रायपुर


## शब्द पहेली - 5833



**बाएँ से दाए**
1. उम्मीद, आशा-2
3. जी, चित्त-2
5. भस्म, खाक-2
7. जाल, फंदा-2
9. चिंतन, सोचना-3
11. ठाठ-बाट-2
13. क्रिकेट में बनते हैं-2
15. एक राशि-3
17. काया, बदन-2
19. एक विदेशी शराब-2
22. बोलने का तरीका-3
24. शालीन, सभ्य-2
26. बल, ताकत-2
28. भैंस जैसा एक पशु-2
30. पुत्री की पुत्री-3
32. कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34. मोटा आटा-2
36. जुड़वा-3
38. आनंदित-2
41. नौकर, गुलाम-2
43. बूंद-3
45. लक्ष्मी, विष्णुप्रिया -2
47. जंगल, कानन-2
49. मेहंदी -2
51. दृष्टि, निगाह-3
53. बुरी आदत -2
55. बुढ़ापा -2
57. नमस्कार, प्रणाम -3
60. खुमार, सरूर -2
62. भीगा हुआ -2
64. पक्षाघात-3
66. चुनौती-2
67. ऋण, उधार -2
68. भूमि, जमीन-2
69. चस्का, बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**
1. फलों का राजा-2
2. साजन, बलमा-3
4. खुमार-2
6. खच्चर, गधा-2
8. वहम, संदेह-2
10. अनुकृति-3
12. झुका हुआ-2
14. आदमी-2
16. वास करना-3
18. आकाश-2
20. घमंड-2
21. बदन-2
23. जातिवाद-3
25. पिघले पत्थर-2
27. रोग, -2
29. हाथ, टैक्स-2
31. लवण-3
33. ताकत-2
35. वचन-2
37. प्रयत्न-3
39. स्थिति -2
40. नवीन-2
42. सच्चा-2
44. राजा-3
46. हार-2
48. टौंटी-2
50. गुमान-2
52. पासों का खेल-3
54. काया-2
56. रात्रि-2
58. हुबहू-3
59. समय-2
61. सब्जी-2
63. गाड़ी-2
65. गैस-2

**शब्द पहेली- 5832 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5843

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5842 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

# मूडीज ने 2025 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान घटाया

## जीडीपी की वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.1 फीसदी किया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्तीय सेवा कंपनी मूडीज एनालिटिक्स ने 2025 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.1 प्रतिशत कर दिया है। मूडीज ने यह कदम अमेरिका के जवाबी शुल्क से जुड़े जोखिमों को देखते हुए उठाया है।

- मूडीज ने अमेरिका के जवाबी शुल्क के जोखिमों को देखते उठाया कदम


मूडीज ने कहा कि अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है, इसलिए भारतीय वस्तुओं के आयात पर 26 प्रतिशत शुल्क लगाने से व्यापार संतुलन पर भारी असर पड़ेगा।

### 75 देशों पर लागू होने वाला था

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को 75 देशों पर नौ अप्रैल से लागू होने वाले जवाबी शुल्क को 90 दिन के लिए टाल दिया है। हालांकि, अमेरिका ने चीनी आयात पर कर की दर को 'तुरंत प्रभाव' से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है।

### 10 फीसदी का उच्च शुल्क जारी रहेगा

हालांकि, पांच अप्रैल से लागू 10 प्रतिशत का उच्च शुल्क जारी रहेगा। भारत के मामले में, अमेरिका को निर्यात के लिए चुकाए जाने वाले 26 प्रतिशत के अतिरिक्त शुल्क को 90 दिन के लिए रोक दिया गया है।




### मुद्रास्फीति की गति में कमी आ रही

मूडीज ने कहा, "चूंकि सकल मुद्रास्फीति में अच्छी गति से कमी आ रही है, इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) रेपो दर में कमी करेगा, जो संभवतः 0.25 प्रतिशत की कटौती के रूप में होगी, जिससे वर्ष के अंत तक नीतिगत दर 5.75 प्रतिशत रह जाएगी।"

### पहले 6.4 फीसदी अनुमानित था

मूडीज एनालिटिक्स की रिपोर्ट 'एपीएसी आउटलुक: यू.एस. वर्सेज देम' में कहा गया है, "हमने भारत के 2025 में जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को मार्च के 6.4 प्रतिशत से संशोधित कर 6.1 प्रतिशत कर दिया है। इसने कहा कि रत्न एवं आभूषण, चिकित्सा उपकरण और कपड़ा उद्योग सबसे बुरी तरह प्रभावित होंगे।

*बाहरी मांग अपेक्षाकृत कम रहेगी :* मूडीज एनालिटिक्स ने कहा कि फिर भी, *'हम उम्मीद करते हैं कि समग्र वृद्धि इस झटके से अपेक्षाकृत अछूता रहेगी क्योंकि बाहरी मांग जीडीपी का अपेक्षाकृत काफी छोटा हिस्सा है।'*

*कर प्रोत्साहनों से मिलेगा बढ़ावा :* मूडीज ने कहा, *"इसी वर्ष घोषित कर प्रोत्साहनों से घरेलू अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और अन्य कमजोर अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में समग्र वृद्धि पर शुल्क के झटके को कम करने में मदद मिलेगी।"*

## खबर संक्षेप

### डायरेक्ट सेलिंग उद्योग में चार फीसदी की वृद्धि




**नई दिल्ली।** 'डायरेक्ट सेलिंग' उद्योग वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना आधार पर 4.04 प्रतिशत की वृद्धि के साथ लगभग 22,150 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, उद्योग से इस दौरान लगभग 1.86 लाख सक्रिय प्रत्यक्ष विक्रेता जुड़ें जिससे इनकी कुल संख्या लगभग 88 लाख हो गई।

### डीपी वर्ल्ड मुंद्रा ने 14 लाख टीईयू का किया संचालन



**नई दिल्ली।** वैश्विक लॉजिस्टिक्स कंपनी डीपी वर्ल्ड के मुंद्रा इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल (एमआईसीटी) ने वित्त वर्ष 2024-25 में वार्षिक आधार पर 13 प्रतिशत अधिक 14,97,228 टीईयू का संचालन किया। कंपनी बयान के अनुसार, टर्मिनल ने 762 जहाजों को सेवाएं दीं जो वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 6.57 प्रतिशत अधिक है।

### लेक्सस इंडिया की खुदरा बिक्री 19 प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली।** लग्जरी कार विनिर्माता कंपनी लेक्सस इंडिया की वित्त वर्ष 2024-25 में खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़ गई। कंपनी बयान के अनुसार, चौथी (मार्च) तिमाही में उसकी खुदरा बिक्री पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि की तुलना में 17 प्रतिशत बढ़ी है। कंपनी ने बिक्री के सटीक आंकड़े साझा नहीं किए।

## आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने किया आगाह

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर विचार करे भारत, शून्य-से-शून्य शुल्क करे पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर गुरुवार को आगाह किया और कहा कि इसके तहत अमेरिका की कई मांगें जैसे कि न्यूनतम मूल्य समर्थन के तहत किसानों को दी जाने वाली राशि को कम करना, आनुवंशिक रूप से संशोधित खाद्य आयात की अनुमति देना, कृषि शुल्क कम करना, दवा एकाधिकार को बढ़ाने के लिए पेटेंट कानूनों में बदलाव करना और अमेरिकी ई-कॉमर्स दिग्गजों को सीधे उपभोक्ताओं को सामान बेचने की अनुमति देना... बड़े जोखिम उत्पन्न करते हैं।

### खुदरा विक्रेताओं को हानि हो सकती है

जीटीआरआई ने कहा कि इन जोखिमों में किसानों की आय, खाद्य सुरक्षा, जैव विविधता, सार्वजनिक स्वास्थ्य और छोटे खुदरा विक्रेताओं के अस्तित्व को होने वाली हानि शामिल है। इसमें कहा गया, कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करने से करोड़ों लोगों की आजीविका प्रभावित हो सकती है।

*भारत को अमेरिका के साथ व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत पर पुनर्विचार करना चाहिए, क्योंकि इससे कृषि, मोटर वाहन और दवा जैसे घरेलू क्षेत्रों के लिए चुनौतियां उत्पन्न हो सकती हैं।*

- एफटीए पर बातचीत पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए
- कृषि, मोटर वाहन और दवा जैसे क्षेत्रों में चुनौतियां उत्पन्न हो सकती है
- ' कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करने से करोड़ों लोग होंगे प्रभावित



*यूरोप ने भी इसी तरह के सौदे सुझाए :* *यूरोप ने अमेरिका को इसी तरह के सौदे का सुझाव दिया है। 'शून्य-से-शून्य' शुल्क से तात्पर्य किसी देश से निर्यात किए जाने वाले उत्पादों पर कोई शुल्क नहीं लगाना है। श्रीवास्तव ने रसायन, मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक जैसे क्षेत्रों में चीन के साथ उत्पाद मूल्य श्रृंखला बनाने का सुझाव दिया।*

### एफटीए से भारत बचे

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, 'अमेरिका के साथ व्यापक एफटीए से बचें क्योंकि इससे भारत को नुकसानदेह रियायतें देने पर मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा, यह ऐसा सौदा है जिससे भारत को जितना लाभ होगा, उससे कहीं अधिक नुकसान होगा।

### औद्योगिक वस्तुओं पर समझौता कर सकते हैं

श्रीवास्तव ने कहा कि भारत कार जैसी संवेदनशील वस्तुओं को छोड़कर 90 प्रतिशत औद्योगिक वस्तुओं पर अमेरिका के साथ सीमित 'शून्य-से-शून्य' शुल्क समझौते का प्रस्ताव कर सकता है। जीटीआरआई के संस्थापक ने कहा, " यदि अमेरिका इसे स्वीकार कर लेता है, तो यह डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) के अनुरूप केवल वस्तुओं का समझौता बन सकता है।

### कार पर शुल्क कम करने से होगा नुकसान

कार पर शुल्क कम करने से उस क्षेत्र को नुकसान हो सकता है जो भारत के विनिर्माण उत्पादन का लगभग एक तिहाई हिस्सा है। 1990 के दशक में भारी शुल्क कटौती के बाद ऑस्ट्रेलिया के कार उद्योग का पतन एक चेतावनीपूर्ण उदाहरण है।

### पांच अप्रैल से 10 फीसदी मूल शुल्क लागू रहेगा

आर्थिक शोध संस्थान ने अमेरिका के भारत पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के कदम को 90 दिन के लिए टालने के निर्णय की पृष्ठभूमि में यह टिप्पणी की है। हालांकि अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने वाले घरेलू सामानों पर पांच अप्रैल से 10 प्रतिशत का मूल शुल्क लागू है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने कर्ज पर ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) ने बृहस्पतिवार को कर्ज पर ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने की घोषणा की।

एक दिन पहले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने प्रमुख ब्याज दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी। बैंक ने उसी फैसले का लाभ अपने ग्राहकों को देने के लिए कर्जों पर ब्याज की दर घटा दी है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने बयान में कहा कि उसने खुदरा और एमएसएमई क्षेत्रों को दिए जाने वाले ऋण के लिए मानक-संबद्ध कर्ज की दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। बैंक ने कहा कि ग्राहकों को आरबीआई की मौद्रिक नीति के कदम से तुरंत लाभ पहुंचाने के लिए ऐसा किया गया है। इस बीच, बैंक ने कोष की सीमांत लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) को अपरिवर्तित रखा है।

- बैंक ने कर्जों पर ब्याज दर घटा दी
- बैंक ने एमसीएलआर को अपरिवर्तित रखा

### एमसीएलआर नौ फीसदी पर स्थिर

मानक एक साल की अवधि के एमसीएलआर को नौ प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है। वाहन और व्यक्तिगत उपभोक्ता ऋणों की दर तय करने के लिए एमसीएलआर का ही इस्तेमाल किया जाता है।

## हवाई अड्डा परिचालकों के लिए वृद्धि 20 प्रतिशत रहेगी : इक्रा



**मुंबई।** भारतीय हवाई अड्डा परिचालकों को चालू वित्त वर्ष (2025-26) में सालाना आधार पर 18-20 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिलेगी। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह वृद्धि यात्रियों की संख्या में निरंतर सुधार और शुल्क वृद्धि के साथ-साथ गैर-वैमानिकी राजस्व में वृद्धि के कारण है। कुल हवाई यात्री यातायात सालाना आधार पर सात से नौ प्रतिशत की अच्छी वृद्धि के साथ चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 44-45 करोड़ तक पहुंच जाएगा। हालांकि, हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2024-25 में इसमें लगभग 10 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि हुई है।

## रामकृष्ण केयर अस्पताल में छत्तीसगढ़ का सबसे अत्याधुनिक आर्थो रोबोट का शुभारंभ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाई देते हुए रामकृष्ण केयर अस्पताल ने राज्य के सबसे अत्याधुनिक आर्थोपेडिक रोबोट, वेलीस रोबोटिक असिस्टेड सॉल्यूशन का शुभारंभ किया। यह उन्नत तकनीक अब घुटने और कूल्हे के जोड़ प्रत्यारोपण को और अधिक सटीक, सुरक्षित और कम समय में संभव बनाएगी। इस अवसर पर आयोजित भव्य लांच कार्यक्रम में अस्पताल के वरिष्ठ आर्थोपेडिक विशेषज्ञ, मेडिकल स्टाफ और अन्य शामिल हुए। अस्पताल के मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे, विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज धबलिया, डॉ. अंकुर सिंघल, डॉ. प्रतीक धाबलिया, डॉ. सुमन नाग और डॉ. ललित जैन की गरिमामयी उपस्थिति में इस तकनीक का उद्घाटन किया गया। डॉ. संदीप दवे ने बताया, रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत के साथ, हम मरीजों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं और सटीक परिणाम देने के लिए एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। यह भविष्य की चिकित्सा का वर्तमान में प्रवेश है। वहीं, डॉ. पंकज धाबलिया ने कहा कि इस तकनीक से छोटे चीरे, कम दर्द और तीव्र रिकवरी के साथ जोड़ प्रत्यारोपण अब और बेहतर होगा।

- जोड़ प्रत्यारोपण होगा अब और भी सटीक

## जेएलआर इंडिया का सर्वाधिक खुदरा बिक्री का रिकार्ड दर्ज



**नई दिल्ली।** जगुआर लैंड रोवर इंडिया की वित्त वर्ष 2024-25 में खुदरा बिक्री वार्षिक आधार पर 40 प्रतिशत बढ़कर सर्वाधिक 6,183 वाहन रही।

कंपनी की इस दौरान थोक बिक्री भी सालाना आधार पर 39 प्रतिशत बढ़कर 6,266 इकाई हो गई।जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) इंडिया ने बयान में कहा, चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में खुदरा वार्षिक आधार पर 110 प्रतिशत बढ़कर 1,793 इकाई और थोक बिक्री 118 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,710 इकाई रही। वाहन विनिर्माता कंपनी के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में 'डिफेंडर' कंपनी का सबसे अधिक बिकने वाला मॉडल रहा जिसकी बिक्री में 90 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके बाद स्थानीय स्तर पर निर्मित रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट क्रमशः 72 और 42 प्रतिशत की वृद्धि के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

# टाटा की दिग्गज कंपनी के मुनाफे में गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में 1.68 प्रतिशत घटकर 12,224 करोड़ रुपये रह गया है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के साथ आमतौर पर आईटी कंपनियों के तिमाही नतीजों की घोषणा की शुरुआत होती है। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में कुल राजस्व 64,479 करोड़ रुपये रहा जो सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत अधिक है। समूचे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए टीसीएस का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 5.76 प्रतिशत बढ़कर 48,553 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष के दौरान कंपनी का कारोबार 5.99 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,55,324 करोड़ रुपये रहा।

हम वार्षिक राजस्व में 30 अरब अमेरिकी डॉलर को पार करने और लगातार दूसरी तिमाही में मजबूत ऑर्डर बुक हासिल कर खुश हैं। इस बीच, टीसीएस के निदेशक मंडल ने कंपनी के एक रुपये मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर 30 रुपये का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है।

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध HMS देखकर खरीदें 94060-21769
घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने लांच किया 'आकाश इनविक्टस कैंपस'



**नई दिल्ली, द्वारका।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने इंजीनियरिंग के इच्छुक छात्रों के लिए द्वारका के सेक्टर-12 में 'आकाश इनविक्टस कैंपस' का शुभारंभ किया है। यह कैंपस जेईई जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रतिभाशाली छात्रों के लिए एक उच्च-स्तरीय और परिणाम-केंद्रित प्रोग्राम प्रदान करता है।

यह नया केंद्र 13 आधुनिक कक्षाओं से सुसज्जित है, जहां दो शिफ्टों में कुल 1,300 छात्रों को पढ़ाया जा सकता है। संस्थान के अनुसार, इस कैंपस में लगभग 500 अनुभवी फैकल्टी सदस्य पढ़ा रहे हैं, जिन्होंने एक लाख से अधिक छात्रों को आईआईटी में प्रवेश दिलाने में मदद की है।

- जेईई की तैयारी के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नया केंद्र

एईएसएल के एमडी एवं सीईओ दीपक मेहरोत्रा ने कहा कि 'आकाश इनविक्टस' केवल एक कोचिंग प्रोग्राम नहीं, बल्कि एक परिवर्तनकारी यात्रा है। यह एडवांस्ड टीचिंग मेथड्स और टेक्नोलॉजी-ड्रिवन एजुकेशन को जोड़कर छात्रों को उनकी सर्वोच्च क्षमता तक पहुंचने में मदद करता है।

### अदाणी समूह के बांड में ब्लैकरॉक फर्म बना सबसे बड़ा निवेशक

**नई दिल्ली।** वैश्विक निवेश फर्म ब्लैकरॉक द्वारा प्रबंधित कोष अदाणी समूह की तरफ से जारी 75 करोड़ डॉलर के निजी बांड के सबसे बड़े ग्राहक बनकर उभरे हैं। मामले के जानकार सूत्रों ने कहा कि करीब 12 लाख करोड़ डॉलर की संपत्तियों की देखरेख करने वाली अमेरिकी परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी ने 75 करोड़ डॉलर के बॉन्ड निर्गम का एक-तिहाई हिस्सा लिया है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राट व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्प्लेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130




# लॉस एंजिल्स ओलंपिक : क्रिकेट में भाग लेंगी छह-छह टीमें, जोड़ी 22 नई पदक स्पर्धाएं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में जब 128 वर्षों के बाद क्रिकेट की वापसी होगी तो पुरुष और महिला वर्ग में से प्रत्येक में छह टीम स्वर्ण पदक के लिए अपना दावा पेश करेंगी। आयोजकों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। ओलंपिक खेलों में इससे पहले पेरिस में 1900 में आयोजित किए गए खेलों में क्रिकेट को शामिल किया गया था। तब क्रिकेट में फ्रांस और ग्रेट ब्रिटेन ने ही हिस्सा लिया था। इन दोनों टीम के बीच दो दिवसीय मैच खेला गया था जिसे अनधिकृत टेस्ट मैच का दर्जा हासिल है।

लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें पुरुष और महिला दोनों प्रतियोगिताओं में छह टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम 15 सदस्यीय टीम का चयन कर सकती हैं क्योंकि पुरुष और महिलाओं दोनों में 90-90 खिलाड़ियों का कोटा आवंटित किया गया है।

## 128 वर्ष बाद क्रिकेट की वापसी, 15 सदस्यीय टीम का चयन करेंगी प्रत्येक टीम




### क्वालीफाईंग तरीके की अभी तक पुष्टि नहीं

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे 12 पूर्ण सदस्य शामिल हैं। इसके अलावा 94 देश एसोसिएट सदस्य हैं। ओलंपिक 2028 में क्रिकेट में क्वालीफाई करने के तरीके कि अभी तक पुष्टि नहीं की गई है लेकिन अमेरिका को मेजबान देश होने के कारण सीधा प्रवेश मिलना तय है।

### रैंकिंग से मिलेगा प्रवेश

प्रत्येक वर्ग में बाकी पांच टीम क्वालिफिकेशन के जरिए इसमें अपनी जगह बनाएंगी। ऐसा माना जा रहा है कि किसी निश्चित समय सीमा तक आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर रहने वाली पांच टीमों को अमेरिका के साथ ओलंपिक खेलों में प्रवेश दिया जाएगा।

### पांच नए खेलों की एंट्री

क्रिकेट उन पांच खेलों में शामिल है जिन्हें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने अगले ओलंपिक खेलों में शामिल करने की मंजूरी दी थी। चार अन्य खेल बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस और स्क्वाश हैं।

### 351 पदक स्पर्धाओं को मंजूरी

इस बीच आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने बुधवार को ओलंपिक खेल 2028 के लिए प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम और खिलाड़ियों के कोटा को मंजूरी दी। इन खेलों में पेरिस ओलंपिक 2024 की तुलना में 22 अधिक पदक स्पर्धाएं होंगी। आईओसी ने ओलंपिक 2028 के लिए रिकॉर्ड 351 पदक स्पर्धाओं को मंजूरी दी है लेकिन खिलाड़ियों की संख्या 10500 ही रहेगी। खिलाड़ियों की संख्या में नए खेलों के 698 खिलाड़ी भी शामिल हैं। ओलंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार टीम खेलों में पुरुष और महिला खिलाड़ियों की संख्या समान होगी। अन्य खेलों में मुक्केबाजी में पुरुषों की तरह महिला वर्ग में भी समान सात वजन वर्ग होंगे।

खास खबर

## गायकवाड़ आईपीएल से बाहर धोनी होंगे चेन्नई के कप्तान



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स को गुरुवार को करारा झटका लगा जब नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ कोहनी के फ्रेक्चर के कारण आईपीएल से बाहर हो गए जिससे एक बार फिर महेंद्र सिंह धोनी को टीम की बागडोर मिली है। सीएसके के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इसकी पुष्टि की। फ्लेमिंग ने शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले मीडिया को बताया, 'ऋतुराज गायकवाड़ कोहनी के फ्रेक्चर के कारण आईपीएल से बाहर हो गए हैं। हमारे पास एक 'अनकैप्ड' खिलाड़ी हैं, एम एस धोनी बचे हुए आईपीएल सत्र में टीम के कप्तान होंगे।' धोनी ने 2008 से 2023 तक सीएसके की अगुआई की थी और टीम को पांच आईपीएल खिताब दिलाए थे। उन्होंने 2024 सत्र से पहले गायकवाड़ को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी थी।

## सैमसन पर 24 लाख का जुर्माना



**अहमदाबाद।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर आईपीएल में यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण 24 लाख रुपए का भारी जुर्माना लगाया गया है। गुजरात टाइटंस ने बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया यह मैच 58 रन से जीता था। राजस्थान रॉयल्स की टीम 218 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.2 ओवर में 159 रन पर आउट हो गई थी। आईपीएल ने गुरुवार को एक बयान में कहा, उनकी टीम का यह सत्र का दूसरा अपराध था, इसलिए सैमसन पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इम्पैक्ट प्लेयर सहित अंतिम एकादश में शामिल अन्य खिलाड़ियों पर या तो छह लाख रुपए या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया है।'

## बैडमिंटन : सिंधू और राजावत हारकर बाहर



**निंगबो।** भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और युवा खिलाड़ी प्रियांशु राजावत गुरुवार को यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में अपने वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज 29 वर्षीय सिंधू ने कड़ी टक्कर दी लेकिन एक घंटे छह मिनट तक चले महिला एकल मुकाबले में दुनिया की चौथी और तीसरी वरीयता प्राप्त जापान की अकाने यामागुची से 12-21, 21-16, 16-21 से हार गईं। राजावत पुरुष एकल मुकाबले में सातवीं रैंकिंग और पांचवें वरीय जापान के कोडाई नाराओका से सीधे गेम में 14-21, 17-21 से हार गए। पुरुष एकल स्पर्धा में किरण जॉर्ज का सफर भी समाप्त हो गया। उन्हें थाईलैंड के पांचवें वरीय कुनलावुत वितिदसर्ण के खिलाफ 21-19, 13-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस तरह भारत का पुरुष और महिला एकल स्पर्धाओं में अभियान समाप्त हो गया है।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 5 | 4 | 1 | 8 |
| दिल्ली | 4 | 4 | 0 | 8 |
| बेंगलुरु | 5 | 3 | 2 | 6 |
| पंजाब | 4 | 3 | 1 | 6 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 |
| कोलकाता | 5 | 2 | 3 | 4 |
| राजस्थान | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| चेन्नई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| हैदराबाद | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
288 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
11 विकेट
चेन्नई

# आईपीएल : कैपिटल्स ने बेंगलुरु को छह विकेट से हराया

# फिरकी गेंद और आक्रामक बल्लेबाजी से दिल्ली अजेय, राहुल शतक से चूके

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कुलदीप यादव और विपराज निगम की फिरकी के जादू के बाद केएल राहुल के 53 गेंद में 93 रन की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने शीर्षक्रम की नाकामी से उबरते हुए गुरुवार को आईपीएल के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हरा दिया। पहले क्षेत्ररक्षण चुनते हुए दिल्ली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सात विकेट पर 163 रन पर रोक दिया। जवाब में दिल्ली ने 13 गेंद बाकी रहते चार विकेट पर 169 रन बनाकर जीत दर्ज की।

राहुल ने यश दयाल को छक्का जड़कर विजयी रन लिए। राहुल ने 53 गेंद में सात चौकों और छह छक्कों की मदद से 93 रन बनाए। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए ट्रिस्टन स्टब्स के साथ 111 रन की साझेदारी की। स्टब्स 38 रन बनाकर नाबाद रहे। राहुल को यश दयाल की गेंद पर रजत पाटीदार ने उस समय जीवनदान दिया जब उन्होंने पांच ही रन बनाए थे। यह आरसीबी पर काफी भारी पड़ा और राहुल ने लेग स्पिनर सुयांश शर्मा और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को जमकर नसीहत दी।




### दिल्ली की चौथी जीत

दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन की लगातार चौथी जीत दर्ज की। वहीं, बेंगलुरु को दूसरी हार मिली। प्वाइंट्स टेबल में दिल्ली कैपिटल्स टॉप-2 पर पहुंच गई है। वहीं, आरसीबी पांच मैच में तीन जीत और दो हार के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

### स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल साल्ट रन आउट | 37 | 17 | 4 | 3 |
| कोहली का स्टार्क बो निगम | 22 | 14 | 1 | 2 |
| पड्डिकल का पटेल बो मुकेश | 01 | 08 | 0 | 0 |
| पाटीदार का राहुल बो कुलदीप | 25 | 23 | 1 | 1 |
| लियाम का आशुतोष बो मोहित | 04 | 06 | 0 | 0 |
| जितेश का राहुल बो कुलदीप | 03 | 11 | 0 | 0 |
| कृणाल का आशुतोष बो निगम | 18 | 18 | 1 | 0 |
| टिम डेविड नाबाद | 37 | 20 | 2 | 4 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 01 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 15, योग : 20 ओवर में 163/7
गेंदबाजी : स्टार्क 3-0-35-0, अक्षर 4-0-52-0, निगम 4-0-18-2, मुकेश 3-1-26-1, कुलदीप 4-0-17-2, मोहित 2-0-10-1.

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डु प्लेसी का पाटीदार बो दयाल | 02 | 02 | 0 | 0 |
| मैकगुर्क का शर्मा बो कुमार | 07 | 06 | 1 | 0 |
| पोरेल का शर्मा बो कुमार | 07 | 07 | 1 | 0 |
| केएल राहुल नाबाद | 93 | 53 | 7 | 6 |
| अक्षर का डेविड बो सुयश | 15 | 11 | 2 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 38 | 23 | 4 | 1 |

अतिरिक्त : 07, योग : 17.5 ओवर में 169/4
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-26-2, दयाल 3.5-0-45-1, हेजलवुड 3-0-40-0, सुयश 4-0-25-1, कृणाल 2-0-19-0, लिविंगस्टोन 1-0-14-0.

### कोलकाता और चेन्नई में मुकाबल आज

चेन्नई। लगातार हार से बेजार चेन्नई सुपर किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग में अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा। चेन्नई की टीम को अभी तक पांच मैच में से चार में हार का सामना करना पड़ा है और इसलिए यह मैच उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण बन गया है। उसे अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स से 18 रन से पराजय का सामना करना पड़ा था। चेन्नई की टीम अब अपना भाग्य बदलने के उद्देश्य से अपने घरेलू मैदान पर खेलने के लिए उतरेगी। उसे हालांकि अभी तक यहां के विकेट से उतनी मदद नहीं मिली है जैसे कि अतीत में मिला करती थी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बड़ी हार के बाद चेन्नई के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने पिच को लेकर अपनी नाराजगी खुलकर व्यक्त की थी। चेन्नई की पिछली सफलताओं में उसका घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है लेकिन अब यहां की पिच काफी बदल गई है और उसके खिलाड़ी इससे सामंजस्य नहीं बिठा पा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### भारतीय महिला हॉकी 26 से करेगी ऑस्ट्रेलिया का दौरा

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से चार मई तक होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। भारत श्रृंखला की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 26 और 27 अप्रैल को होने वाले दो मैचों से करेगा। इसके बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला खेलेगी। इस श्रृंखला के मैच एक, तीन और चार मई को खेले जाएंगे। सभी मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। यह दौरा जून में शुरू होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है।

### दो महीने पहले सितंबर में होगा बिली जीन कप

**लंदन।** बिली जीन किंग कप का फाइनल शीर्ष खिलाड़ियों के शेड्यूल को ध्यान में रखकर अब दो महीने पहले सितंबर में आयोजित किया जाएगा। अब यह टूर्नामेंट 16 से 21 सितंबर तक शेंझेन में होगा। अमेरिकी ओपन सात सितंबर को खत्म होगा जिसके बाद डब्लूटीए टूर 24 सितंबर से बीजिंग में चाइना ओपन के जरिए शुरू होगा। बिली जीन किंग कप में गत चैंपियन इटली, मेजबान चीन के साथ छह और टीमें होंगी।


### एक घंटे लेट से शुरू होंगे पीएसएल के मुकाबले

PSL

**कराची।** इंडियन प्रीमियर लीग के साथ सीधे प्रसारण समय के टकराव को कम करने के लिए पाकिस्तान सुपर लीग प्रबंधन ने आईपीएल मैच के शुरू होने के एक घंटे बाद अपने मैच का समय निर्धारित किया है। पीएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलमान नसीर ने एक पॉडकास्ट में कहा कि पीएसएल मैच रात 8:00 बजे से शुरू होंगे जो आईपीएल मैच के शुरू होने के एक घंटे बाद कराया जाएगा। पाकिस्तानी स्थानीय समयानुसार आईपीएल मैच शाम सात बजे शुरू होते हैं। पीएसएल शुक्रवार को रावलपिंडी में शुरू होगा।

### लेवांडोव्स्की ने दिलाई बार्सिलोना को बड़ी जीत, पीएसजी भी जीता

**बार्सिलोना।** रफिन्हा और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बार्सिलोना ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में बोरुसिया डॉर्टमुंड पर 4-0 से शानदार जीत दर्ज की। लेवांडोव्स्की ने दो गोल किए जबकि रफिन्हा ने एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की। इससे बार्सिलोना 2019 के बाद पहली बार इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए मजबूत स्थिति में पहुंच गया। बार्सिलोना की तरफ से लैमिन यामल ने भी गोल किया जिससे जर्मन टीम की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण मंगलवार को डॉर्टमुंड में खेला जाएगा। क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के एक अन्य मैच में पेरिस सेंट जर्मेन ने ख्विचा क्वारात्सखेलिया के शानदार गोल की मदद से एस्टन विला को 3-1 से हरा दिया। मॉर्गन रोजर्स ने 35वें मिनट में विला को बढ़त दिला दी थी लेकिन 19 वर्षीय डेसिरे डोउ ने इसके चार मिनट बाद सत्र का अपना 12वां गोल करके पीएसजी को बराबरी पर ला दिया। क्वारात्सखेलिया ने इस मैच में मध्यांतर के चार मिनट बाद पीएसजी को आगे कर दिया।



# ओलंपिक : 70 किग्रा वजन वर्ग में जा सकती है लवलीना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टोक्यो ओलंपिक की पदक विजेता भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन 70 किग्रा वर्ग में जा सकती हैं, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए उनके मौजूदा 75 किग्रा भार वर्ग को खत्म कर दिया है। आईओसी ने बुधवार को ओलंपिक 2028 के लिए कार्यक्रम और खिलाड़ियों के कोटा की घोषणा की।

- 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक से 75 किग्रा भार वर्ग हटाया

नए बदलाव के कारण लवलीना को या तो 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा या 80 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में अपना भाग्य आजमाना होगा। घटनाक्रम से हैरान लवलीना ने गुवाहाटी से कहा, 'यह मेरे लिए बिल्कुल नई जानकारी है। यह काफी चौंकाने वाली है। मुझे लगता है कि मुझे 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा क्योंकि मेरे लिए 80 किग्रा से अधिक तक जाना मुश्किल होगा।' उनकी निजी कोच प्रणामिका बोरा ने कहा, 'इस खबर से मैं वास्तव में हैरान हूं।




अभी किसी फैसले पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। वह 70 और 80 दोनों वजन वर्गों में लड़ सकती है लेकिन हमें इस पर फैसला करने से पहले कुछ परीक्षण करने होंगे।' वर्तमान में, बोरगोहेन का प्राकृतिक वजन 74 किलोग्राम है और बोरा ने कहा कि बहुत अधिक वजन कम करने से ताकत में कमी आ सकती है।

## नाम 'चाइल्ड'... उम्र 64 साल टी20 में डेब्यू कर रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** आईपीएल के बीच एक रिकॉर्ड बन गया है। जोआना चाइल्ड टी20 इंटरनेशनल में डेब्यू करने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बन गई हैं। 64 साल की चाइल्ड ने 7 अप्रैल को नॉर्वे के खिलाफ अल्बर्गारिया में टी20 इंटरनेशनल सीरीज के पहले मैच में पुर्तगाल के लिए खेला। चाइल्ड ने फॉकलैंड आइलैंड्स के एंड्रयू ब्राउनली (62 वर्ष, 145 दिन) और केमैन के मैली मूर (62 वर्ष, 25 दिन) को पीछे छोड़ते हुए सर्वकालिक सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। अब वह केवल जिब्राल्टर की सैली बार्टन से पीछे हैं, जिन्होंने 66 वर्ष और 334 दिन की उम्र में डेब्यू किया था। चाइल्ड का डेब्यू में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। इस मैच में उनके बल्ले से केवल 2 रन निकले। पुर्तगाल ने 110 रन के लक्ष्य का बचाव करते हुए जीत हासिल की। जोआना को दूसरे और तीसरे टी20 इंटरनेशनल दोनों के लिए प्लेइंग इलेवन में रखा गया, जिससे उनकी टीम को नॉर्वे पर 2-1 से सीरीज जीतने में मदद मिली। सोशल मीडिया पर फैंस जोआना चाइल्ड की जमकर तारीफ कर रहे हैं। जोआना पुर्तगाली टीम का हिस्सा थीं। टीम में 15 वर्षीय इशरीत चीमा, 16 साल की मरियम वसीम और 16 वर्षीय अफशीन अहमद भी शामिल थी।




### सुरुचि-सौरभ की जोड़ी को विश्व कप में कांस्य

**ब्यूनस आयर्स।** सुरुचि और एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन सौरभ चौधरी ने आईएसएसएफ विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में हमवतन मनु भाकर और रविंदर सिंह को 16-8 से हराकर कांस्य पदक जीता। सौरभ ने चारों निशानेबाजों में सबसे शानदार प्रदर्शन करते हुए 12वीं सीरिज में 10.7 स्कोर किया। इससे पहले भारतीय जोड़ियां दो चीनी जोड़ियों के बाद तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं। सुरुचि और सौरभ ने 581 स्कोर किया जबकि मनु और रविंदर का स्कोर 579 रहा। भारत का यह इस विश्व कप में आठवां पदक है।

IDFC FIRST Bank
सीआईएन: L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय: केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
दूरभाष: +91 44 4564 4000 | फैक्स: +91 44 4564 4022
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड एवं आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)

परिशिष्ट- IV-A [नियम 8 (6) और 9 (1) के प्रावधान देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस
वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सह-पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के प्रावधान के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस,

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणकर्ता (ओं), सह-ऋणकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को कॉलम (iii) के अनुसार सूचित किया जाता है कि कॉलम (iv) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिनका कब्जा पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ताओं (ओं) से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता था) को देय राशि की वसूली के लिए नीचे वर्णित अनुसार है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाइट यानी www.idfcfirstbank.com पर दिए गए लिंक को देखें।

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) | (vi) | (vii) | (viii) | (ix) | (x) | (xi) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | मांग नोटिस राशि | समझौता आईडी और क्यूआर कोड | उधारकर्ता (ओं), सह-उधारकर्ता (ओं) और जमानतदार (ओं) का नाम | गिरवी रखी गई संपत्ति का पता | आरक्षित मूल्य राशि | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि और समय | नीलामी की तिथि और समय समाप्ति | निरीक्षण की तिथि और समय | अधिकृत अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर | संपत्ति स्थान और छवियों के क्यूआर कोड |
| 1. | भारतीय मुद्रा 14134123.54/- मांग नोटिस दिनांक: 30 सितं. 2019 | 13599057 | गतिशील बाल समाधान, आरोग्य दा फिजियोफिट, शत्रुघ्न सोंढी और सुजाता सोंढी | खसरा नंबर 149/36, की समस्त भूमि एवं भूखंड स्थित संपत्ति, पोटियाकला, वार्ड क्रमांक 52, रा.नि.मं. दुर्ग-1, तहसील एवं जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़, 491001 | भारतीय मुद्रा 16363620.00/- | भारतीय मुद्रा 1636362.00/- | 29 अप्रैल-2025 11.00 बजे से 1.00 बजे दोपहर तक | 28 अप्रैल-2025 10.00 बजे से 5.00 बजे शाम तक | 23 अप्रैल-2025 10.00 बजे से 4.00 बजे शाम तक | नाम-विनय सोनी संपर्क नंबर 8319378592 नाम-संदेश जैन संपर्क नंबर 8839140796 | |

अस्वीकरण: कृपया ध्यान दें कि उक्त नोटिस केवल अचल संपत्ति की बिक्री के लिए जारी किया गया है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को अचल संपत्ति पर मौजूद चल परिसंपत्तियों, यदि कोई हो, की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है।

दिनांक: 11.04. 2025
स्थान: रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पहले आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

TATA STEEL
TATA

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मे0 टाटा स्टील लि0 द्वारा क्षतिपूरक वनरोपण हेतु मौजा–ओरसा, थाना न0–109, हल्का न0–04, अंचल–महुआडाड़, जिला–लातेहार, झारखण्ड में 16.67 एकड़ रैयती भूमि जिसका विवरण निम्न है :–

| खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकवा (एकड़) |
|---|---|---|
| 76 | 2722 | 2.88 |
| | 2704 | 4.12 |
| | 2742 | 1.35 |
| | 2720 | 1.05 |
| | 2691 | 0.10 |
| | 2697 | 0.05 |
| | 2744 | 0.42 |
| | 2745 | 0.23 |
| | 2692 | 4.94 |
| | 2718 | 1.53 |
| TOTAL | | 16.67 |

को **सवेरा इंटरप्राइजेज**, प्राधिकृत प्रतिनिधि–शमीम अनवर, कार्यालय पता–नियर जामा मस्जिद चौक, ग्राम–पांकी, पोस्ट–पांकी, थाना–पांकी, जिला–पलामू, राज्य–झारखण्ड, पिन कोड –822122, मोबाइल न0–9931463092 के माध्यम से सम्बंधित रैयतो द्वारा निबंधित विक्रय पत्र से क्रय करने की प्रक्रिया चल रही है। उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी का दावा/आपत्ति है तो इसकी लिखित जानकारी पूर्ण दस्तावेज एवं प्रमाण के साथ स्वयं या निबंधित डाक द्वारा निम्न पते पर इस सूचना प्रकाशन के 15 (पंद्रह) दिनों के अंदर दिया जा सकता है। अवधि समाप्ति उपरान्त यह मान लिया जायेगा कि इस संदर्भ में किसी का कोई दावा या आपत्ति नहीं है और तत्पश्चात् किसी भी तरह का कोई दावा या आपत्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा।

पता–
प्रवीण कुमार
हेड–लैंड आर0एम0, झारखण्ड
कमरा सं0–320, तीसरा तल्ला,
कमर्शियल सेंन्टर–टाटा स्टील लि0
पो0–बिश्टुपुर, जमशेदपुर, झारखण्ड, पिन कोड–831001
कान्टेक्ट न0– 0657 6645148
ई.मेल–praveen.kumar@tatasteel.com

Registered Office: Bombay House,
24, Homi Mody Street, Fort, Mumbai 400 001, India
Tel.: 022 66658282 Fax: 022 66657724
(CIN) – L27100MH1907PLC000260
Website: www.tatasteel.com

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू को स्लोवाकिया में डॉक्टरेट की मानद उपाधि

**नाइट्रा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बृहस्पतिवार को यहां 'कॉन्स्टेंटाइन द फिलॉसफर' विश्वविद्यालय द्वारा 'सार्वजनिक सेवा में उनके विशिष्ट योगदान' के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति स्लोवाकिया और पुर्तगाल की अपनी चार दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन सम्मान प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय परिसर पहुंचीं।



### 'एसयूवी' सूखी नदी में गिरी, चार लोगों की मौत

**जबलपुर।** मप्र के जबलपुर जिले में बृहस्पतिवार को एक तेज रफ्तार 'एसयूवी' वाहन रेलिंग तोड़ते हुए पुल से करीब 30 फीट नीचे सूखी नदी में गिर गया। इससे चार यात्रियों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। किशन पटेल (35), महेंद्र पटेल (35), सागर पटेल (17) और राजेंद्र पटेल (36) की मौके पर ही मौत हो गई।



### छात्रा ने कक्षा के बाहर दी परीक्षा, प्राचार्य निलंबित

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के कोयंबटूर में एक माध्यमिक स्कूल की आठवीं की एक छात्रा को उसके पहले मासिक धर्म के कारण सीढ़ियों पर बिठाकर वार्षिक परीक्षा दिलाये जाने की घटना के बाद प्राचार्य को निलंबित कर दिया गया है। अनुसूचित जाति समुदाय से ताल्लुक रखने वाली लड़की का स्कूल परिसर की सीढ़ियों पर अपनी आखिरी परीक्षा देने का वीडियो बुधवार को वायरल हुआ था।



# अमेरिका-चीन टैरिफ युद्ध से भारत में सस्ते होंगे मोबाइल और टीवी जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामान

## चीनी इलेक्ट्रॉनिक घटक निर्माता भारतीय कंपनियों को 5 प्रतिशत तक की छूट दे रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा चीन पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद अब भारत में कुछ इलेक्ट्रॉनिक्स सस्ते हो सकते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, कई चीनी इलेक्ट्रॉनिक घटक निर्माता भारतीय कंपनियों को 5 प्रतिशत तक की छूट दे रहे हैं। इससे भारत में फोन, टीवी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की कीमतें कम हो सकती हैं। भारतीय कंपनियां लागत में हुई इस बचत का लाभ ग्राहकों को देने पर विचार कर रही हैं ताकि मांग बढ़े। अमेरिका ने 2 अप्रैल को चीन पर भारी शुल्क लगाया, जिसके जवाब में चीन ने भी 34 प्रतिशत टैक्स लगा दिया। इसके बाद, अमेरिका ने 9 अप्रैल तक अपने शुल्क को 125 प्रतिशत तक बढ़ा दिया। इससे चीन के उत्पाद अमेरिका में महंगे हो गए हैं और उनके पास बचा स्टॉक निकालना मुश्किल हो रहा है। इसी वजह से वे भारत जैसी जगहों पर छूट देने को मजबूर हैं, जहां कंपनियां मई-जून से नए ऑर्डर दे रही हैं।

### छूट का असर कब दिखेगा?

रिपोर्ट के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्री में आमतौर पर 2 से 3 महीने का इन्वेंट्री साइकिल चलता है, इसलिए कंपनियां मई-जून से नए ऑर्डर देना शुरू करेंगी। सुपर प्लास्ट्रॉनिक्स के सीईओ अवनीत सिंह मारवाह ने कहा, चीन में सप्लाई ज्यादा हो गई है, लेकिन अमेरिका से ऑर्डर घटने से कंपनियों में घबराहट है। इस कारण भारतीय कंपनियां कीमतों पर फिर से बातचीत कर रही हैं और इस छूट का कुछ हिस्सा ग्राहकों को भी मिलेगा।



### घरेलू निर्माण को मिल रहा प्रोत्साहन

इस बीच इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 28 मार्च को 22,919 करोड़ रुपये की (प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव) योजना को मंजूरी दी थी। ये योजना नॉन-सेमिकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स के लिए है, जिससे भारत में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा और ग्लोबल निर्भरता कम होगी। इससे भारतीय उपभोक्ताओं को कीमतों में राहत मिलने की उम्मीद है।

## पूर्व सीएम भूपेश की नापसंदी बनी आधार

# कांग्रेस प्रवक्ता आलोक से छीना एआईसीसी सचिव- पंजाब का प्रभार

*कांग्रेस पार्टी में फेरबदल की शुरूआत हो गई। मप्र के तेजतर्रार प्रवक्ता आलोक शर्मा की एआईसीसी सचिव सह पंजाब प्रभारी की जिम्मेदारी से महज 7 महीने के अल्प कार्यकाल में कार्य मुक्त कर दिया गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

इस संबंध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक आधिकारिक आदेश जारी किया। एआईसीसी के मीडिया पैनलिस्ट के रूप में वे अपनी भूमिका जारी रखेंगे। सूत्रों ने बताया कि पंजाब संगठन और प्रभारी महासचिव और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नापसंदगी को भी आधार माना जा रहा है। गत 30 अगस्त 2024 को ही आलोक शर्मा को सचिव बनाकर पंजाब का प्रभार दिया था। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उस समय कई राज्यों के लिए नए सचिवों और संयुक्त सचिवों की नियुक्ति की थी।



पंजाब में कांग्रेस पिछले कुछ समय से आंतरिक मतभेदों और नेतृत्व के मुद्दों से जूझ रही है। हाल के वर्षों में, पार्टी ने कई बड़े बदलाव देखे हैं।

### मुखर कांग्रेस प्रवक्ता

आलोक शर्मा एक मुखर कांग्रेस प्रवक्ता रहे हैं। कई मौकों पर उनके बयानों ने विवाद खड़ा किया है। 2019 में एक टीवी डिबेट के दौरान उन्होंने भाजपा प्रवक्ता पर पानी फेंक दिया था, जिसके बाद उनकी काफी आलोचना हुई थी। इसके अलावा, हाल के दिनों में उनके कुछ बयानों ने पार्टी के भीतर और बाहर चर्चा को जन्म दिया हो सकता है। पंजाब जैसे संवेदनशील राज्य में, जहां कांग्रेस को आप और भाजपा से कड़ी चुनौती मिल रही है, पार्टी को एक ऐसा प्रभारी चाहिए हो सकता है जो विवादों से दूर रहकर संगठन को मजबूत करे।

### पहले भी संगठन में हो चुका है बदलाव

2021 में कैप्टन अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री पद से हटाना और चरणजीत सिंह चन्नी को नियुक्त करना, साथ ही नवजोत सिंह सिद्धू के साथ चल रहे विवाद। ये एक ऐसा प्रदेश है जो कांग्रेस के लिए मुफीद है बस एक पंजाबियों का पुरसाहाल उनकी भाषा शैली समझने वाला कोई पंजाबियत दिल वाला नेता प्रभारी होना चाहिए। उम्मीद की जा रही है कि आलोक शर्मा की जगह भूपेश बघेल की मदद करने के लिए पंजाबी भाषी किसी अन्य नेता को आलाकमान मौका दे सकता है।

# नान घोटाला में ईडी ने सुप्रीम कोर्ट से वापस ली याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



छत्तीसगढ़ नान घोटाले मामले में ईडी ने सुप्रीम कोर्ट फाइल पिटिशन वापस ले ली है। वर्तमान में हमर संगवारी व अन्य याचिका कर्ताओं की जनहित याचिका पर हाईकोर्ट 9 मई को सुनवाई करेगा । नागरिक आपूर्ति निगम घोटाला मामले की सुनवाई नई दिल्ली में विशेष न्यायालय (पीएमएलए) में स्थानांतरित करने और एक स्वतंत्र मंच के समक्ष नए सिरे से सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट में दायर रिट याचिका को ईडी ने वापस ले ली है। इसके बाद प्रकरण पर अब छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में सुनवाई जारी रहेगी। ईडी ने आरोप लगाया था कि अभियोजन पक्ष के विवेक का दुरूपयोग, गवाहों को डराने-धमकाने, और राजनीतिक दबाव के माध्यम से छत्तीसगढ़ में न्याय प्रणाली में हेरफेर की गई। यह तर्क दिया गया कि वर्ष 2018 में राज्य सरकार ने बदलाव के बाद अभियोजन पक्ष का दृष्टिकोण नाटकीय रूप से बदल गया और आरोपी अनिल टुटेजा-आलोक शुक्ला सहित कई आरोपियों को अग्रिम जमानत दे दी गई।

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
न्यूरोलॉजी विभाग
- स्ट्रोक, लकवा, पैरालिसिस, चक्कर आना (वरटिगो)
- सरदर्द, माइग्रेन
- गर्दन दर्द (स्पाण्डयूलाइटिस) एवं कमर दर्द (साईटिका)
- मिर्गी/झटके की बीमारी, कम्पन्नवात् (पार्किन्सन डिसीज)
- 24x7 Dedicated Neuro ICU
- EEG, EMG, NCV, MRI, CT Scan 24x7

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कारपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध

डॉ. सी.एम. सिंह
DM, Neurology
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

भीषण गर्मी का प्रकोप?


लू लगना, डी हायड्रेशन, एसिडिटी, खट्टी डकार, जी मिचलना इत्यादी परेशानियों में ताजे अनार के रस तथा लौंग, सौंठ, पिपली, जायफल जैसे द्रव्य से निर्मित दाड़िमावलेह अत्यंत लाभकारी, सुरक्षित व हानिरहित है। यह उत्तम पित्तशामक, दाहशामक और पाचनक्रिया में सहायक है।
बैद्यनाथ असली आयुर्वेद दाड़िमावलेह
भीषण गर्मी में परिवार का सुरक्षा कवच
वैद्यकीय सलाह: 844 844 4935 I www.baidyanath.co

HONDA
The Power of Dreams
How we move you.
CREATE ▶ TRANSCEND, AUGMENT


IDFC FIRST Bank CREDIT CARDS#

Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on all Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. The features shown in the creative are may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** AARANG: V Shree Honda - 9993908971, 9893728947; ABHANPUR: Patel Honda - 9009328660; BAGBHARA: Sri Sai Honda - 7697767777; BALODA BAZAR: Kiran Honda - 7049518181, 8839950369; BASNA: Laxmi Honda - 9174137571; BEERGAON: Vishwanath Honda - 9300133077; PALARI: Shri Ram Honda - 8305759763; BEMETARA: Sri Rama Honda - 8827050000, 7824222521, 8827120000; BHAKARA: Nitesh Honda - 9907975628; BHATAPARA: Kiran Honda - 9111353292; BHILAI: Aan Honda (Nehru Nagar) - 9584378238, 9826635600; Aan Honda (Powerhouse) - 9584378238, 9826635600; BIJAPUR: Ansh Honda - 9424299203; CHARODA: Rahul Honda - 9827193194; CHARAMA: Neeraj Honda - 9425230052; CHUIKHADAN: Shri Radhey Honda - 9691692500; DALLIRAJHARA: Shri Subh Honda - 7748285747, 9406082344; Shri Subh Honda(Balod)- 9425564232, 9584077772; DHAMTARI: ShriShyam Honda - 07722-233255, 9827900750; DHARSIVA: R S.Honda - 9669880000; DONGARGARH: Gagan Honda - 9806869214; DURG: Shree Sairam Honda - 8458882333; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; FINGESHWAR: Bangani Honda- 9425402966; GIDHORI: Subhkamana Auto -7389320271; GUNDERDEHI: Sapan Honda - 7354340000, 0788-2628333; GURUR: Baba Honda - 9827936712; JAGDALPUR: Waheguru Honda - 7587006395, 9425590501, 8435090001; KONDAGAON: Danteshwari Honda - 9294566660; SUKMA: Akash Honda - 9424287457, 7587341845; PHARASGAON: Shri Deo Honda - 9993861735; KANKER: Shivnath Honda - 8720008800, 9644059600; KASDOL: Laxmi Honda - 8871233553; KESHKAL: Chattishgarh Honda - 9993293467; KHAIRAGARH: Akshat Honda - 9406534734; KURUD: Shri Shyam Honda - 07705223590, 8817898279; MAGALOAD: Dewangan Honda - 9098136447; MAHASAMUND: Sri Aryan Honda - 8120070000, 08964022000; NAGRI: Nahta Honda- 9424211105; NAWAGARH: Raja Honda - 9826067896; PAKHANJUR: Disha Honda - 6261666932, 9406453860, PANDUKA (GARIABAND): Shresth Honda - 8109902966; RAIPUR: A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444, 9826142444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 7828282600; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; RAJIM: Gulab Honda - 8839708788; RAJNANDGAON: Anshdeep Honda - 07744-223100, 9425559359, 9303730201; Manraj Honda - 07744-223333, 8435999991, 8435999992; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 9893419781, 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415, 94242157777; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; SEJBAHAR: R.S Honda - 9754123000; KHARORA: B.K Honda - 9867224777; TILDA: Agrawal Honda - 9424200104; UTAI: Ganpati Honda - 09926083389; SARAIPALI: Pukraj Honda - 8889798000.
**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com